

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 मुंबई में 26/11 आतंकी हमले के बाद कसाब को परोसी गई बिरयानी, कांग्रेस पर बरसे जेपी नड्डा.....

टीम इंडिया की सबसे बड़ी टेंशन कोच को शांत रखना, टिम पेन ने उठाया गंभीर पर सवाल 11



वर्ष : 12 | अंक : 212 | पटना, रविवार, 17 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.0°C
न्यूनतम तापमान 21.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

# जनकपुरधाम में राम-सीता विवाह महोत्सव का शुभारंभ, अयोध्या के लिए भेजा गया तिलक



काठमांडू /एजेंसी। हर वर्ष पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले भगवान राम और सीता के विवाह महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। विवाह से पूर्व तिलक चढ़ाने की परंपरा के मुताबिक जनकपुरधाम से तिलक लेकर सीता माता के मायके की तरफ से करीब 500 लोग शनिवार को अयोध्या के लिए रवाना हुए।

जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में सुबह आयोजित समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र से एकत्रित किए गए तिलक के सामान को पूरे विधि-विधान से पूजा के बाद अयोध्या के लिए रवाना किया गया। पिछले एक हफ्ते से जनकपुर और आसपास के क्षेत्र के सर्वसाधारण जनता की तरफ से सीता माता के ससुराल भेजने के लिए लोगों ने अपने-अपने घरों से उपहार भेजा है। इन उपहारों को बांस के बने दौरे में रखकर भेजा जाता है। उपहारों में मिठाई, कपड़ा, गहने इत्यादि शामिल हैं। जानकी मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह, जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास तथा जनकपुरधाम के मेयर मनोज साह के नेतृत्व में करीब 500 लोगों का समूह सौ वाहनों से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। यह तिलक जनकपुर से बीरगंज होते हुए बिहार के रक्सौल में प्रवेश करेगी और वहां से बेतिया, बाल्मीकिनगर से गोरखपुर होते हुए रविवार को अयोध्या पहुंचेगी।

इस समारोह का समन्वय कर रहे विश्व हिंदू परिषद नेपाल के महासचिव जितेंद्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि सोमवार (18 नवंबर) को अयोध्या के कारसेवकपुरम में तिलकोत्सव का आयोजन किया गया है। जानकी मंदिर और जनकपुरधाम से गए तिलक के भार को उसी दिन श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज को सौंपा जाएगा। उसी समारोह में भगवान राम के परिवार को 6 दिसंबर को होने वाले विवाह महोत्सव में बारात लेकर आने के लिए निमंत्रण भी सौंपा जाएगा। मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने बताया कि वो स्वयं अयोध्या वासी को माता सीता और भगवान राम के विवाह में बारात लेकर आने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपेंगे। यह निमंत्रण पत्र चंपत राय और राजेंद्र सिंह पंकज को सौंपा जाएगा। सोमवार को तिलकोत्सव के लिए कारसेवकपुरम में भव्य तैयारियां की गई हैं।

## नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले बोलें पीएम

# जी20 में सार्थक चर्चा को लेकर हूं आशान्वित: पीएम मोदी



प्रात: किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील में होने वाले अगले जी-20 शिखर सम्मेलन में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं जिसने पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में इस समूह के लिए अपना एजेंडा तय किया था।

मोदी ने नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले यहां जारी एक एक बयान में यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री का पहला गंतव्य नाइजीरिया होगा जहां से वह ब्राजील जायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ब्राजील में, मैं ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों का जी-20 बना दिया तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को इसके एजेंडे में शामिल कर दिया।

मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 18-19 नवंबर को रियो डि जेनेरियो में होने वाले इस सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 ट्रोइका का हिस्सा है। जब किसी संगठन का कोई मुख्यालय नहीं होता है तथा उसका जिम्मा पिछले, वर्तमान एवं अगले अध्यक्ष देश पर होता है तब ये देश ट्रोइका कहलाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष, ब्राजील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के अपने दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूं। मैं इस अवसर का उपयोग कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी करूंगा। पचपन देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेद के बावजूद नेताओं का घोषणापत्र जारी करने में कामयाबी हासिल करने को लेकर पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 सम्मेलन को मील के पत्थर के रूप में देखा गया।

नाइजीरिया की अपनी यात्रा के बारे में मोदी ने कहा कि यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर होगा, जो लोकतंत्र और बहुलतावाद में साझा विश्वास पर आधारित है। प्रधानमंत्री नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू के निमंत्रण पर 16-17 नवंबर के दौरान नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। मोदी ने कहा, पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में हमारे घनिष्ठ साझेदार नाइजीरिया की यह मेरी पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा, मैं भारतीय समुदाय एवं नाइजीरिया के मित्रों के साथ मुलाकात को लेकर भी आशान्वित हूं जिन्होंने हिंदी में मुझे स्वागत संदेश भेजे हैं।

अपनी इस यात्रा के तीसरे पड़ाव में मोदी 19-20 नवंबर को गुयाना में होंगे। वह गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। यह पिछले 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली गुयाना यात्रा होगी। मोदी ने कहा, साझी धरोहर, संस्कृति एवं मूल्यों पर आधारित अपने विशिष्ट संबंधों को रणनीतिक दिशा देने के लिए हम विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा, मैं सबसे पुराने भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक के प्रति भी अपना सम्मान अर्पित करूंगा, जो 185 साल से भी पहले वहां गये थे। मैं उनकी संसद को संबोधित करते हुए उनके लोकतंत्र से जुड़ूंगा।

### आतंकवादी अब अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं: पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अब आतंकवादी अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं, जबकि पिछली सरकारों के समय आतंकवाद के कारण लोग असुरक्षित महसूस करते थे। दिल्ली में एक अखबार के समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि समय बदल गया है। मोदी ने कहा कि उन्होंने कार्यक्रम में आयोजित एक प्रदर्शनी में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले पर रिपोर्ट देखीं। उन्होंने कहा, उस समय आतंकवाद के कारण भारत के लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

# झांसी के अस्पताल में आग: मृतकों के परिजन को दो-दो लाख अनुग्रह राशि की घोषणा

## शिशुओं की मौत होने पर पीएम ने जताया शोक



प्रात: किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना में शिशुओं की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश में झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है।

कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट के जरिए बताया कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना में मारे गए प्रत्येक बच्चे के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उसने बताया कि घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने संवाददाताओं बताया कि अस्पताल की नवजात शिशु देखभाल इकाई में शुक्रवार रात दस बजकर 45 मिनट पर संभवतः शार्ट सर्किट से आग लग गयी थी जिसके कारण 10 बच्चों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने झांसी की घटना को हृदयविदारक बताया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना में शिशुओं की मौत को शनिवार को हृदयविदारक बताया और घायल शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुई दुर्घटना में कई नवजात शिशुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदय विदारक है। उन्होंने कहा, ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता और परिवारजनों को, यह क्रूर आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### योगी ने बच्चों की मौत पर जताया शोक:

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुए नवजात बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर शनिवार को कहा, हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश में झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। श्री मोदी ने इस दुर्घटना में मृत लोगों के निकट परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन देखभाल ईकाई (एनआईसीयू) में आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गयी। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की सद्गति के लिए प्रार्थना की और अधिकारियों को युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाने का आदेश दिया।

### बिजनौर में सड़क हादसा, सात की मौत

बिजनौर /एजेंसी। उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के धामपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे -74 पर शुक्रवार और शनिवार की रात हुये सड़क हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर में हुए सड़क हादसे में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नेशनल हाईवे -74 स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन के समीप बीती देर रात लगभग दो बजे घने कोहरे में कार व आटो में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक समेत सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दूल्हा दुल्हन, दूल्हे का भाई मौसी समेत सगे संबंधी शामिल हैं। सभी मृतक बिजनौर जनपद के धामपुर थाना क्षेत्र निवासी बताए गए हैं। छह लोग झारखंड से विशाल की शादी के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे। मुरादाबाद से एक थ्री व्हीलर कर अर्धरात्रि के बाद गांव तिबड़ा जाते समय धामपुर नगीना मार्ग पर क्रेटा कार ने पीछे से आटों में टक्कर मार दी, जिसमें घायल सभी छह लोगों की उपचार के लिए चिकित्सालय जाते समय मौत हो गई। थ्री व्हीलर चालक अजब सिंह की भी मौत हो गई। हादसे में घायल क्रेटा सवार शेरकोट निवासी सोहेल अल्वी व अमन को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना को लागू करने पर विशेष जोर : मांझी

नई दिल्ली /एजेंसी। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ), 2024 में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना को लागू करने पर जोर दिया जा रहा है। श्री मांझी ने कहा कि मंडप का मुख्य विषय हरित एमएसएमई है, जो व्यवसाय संचालन को बदलने के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में मंत्रालय के प्रयासों पर जोर देता है। इसके अलावा मंडप में पीएम विश्वकर्मा योजना पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने मंडप में विभिन्न प्रदर्शकों से बातचीत की और उन्हें मेले में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया। यह योजना 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रालय की प्रमुख योजना है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल जारी किया था । एमएसएमई मंडप में देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। कपड़ा, हथकरघा, हस्तशिल्प, कढ़ाई, चमड़े के जूते, खेल और खिलौने, बांस शिल्प, बेंत की वस्तुएं, रत्न और आभूषण, चीनी मिट्टी -मिट्टी के बर्तन, यांत्रिक वस्तुएं आदि शामिल हैं। यह मेला सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई), विशेष रूप से महिलाओं और एससी और एसटी के स्वामित्व वाले उद्यमों और आकांक्षी जिलों के उद्यमियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने का अवसर है। मंडप में 200 स्टॉलों में से 71 प्रतिशत स्टॉल महिला उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं, और 45 प्रतिशत स्टॉल अनुसूचित जाति और जनजाति उद्यमियों को निःशुल्क आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 35 प्रतिशत स्टॉल आकांक्षी जिलों के उद्यमियों को दिए गए हैं और 85 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी पहली बार भाग ले रहे हैं।

**समारोह** पूर्व राष्ट्रपति ने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

# सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता : कोविंद



## सभ्यता व संस्कृति से जुड़ाव रखें

प्रात: किरण

पटना/जमुहार (सासाराम)/संवाददाता। सकारात्मक दृष्टि व सोच के साथ निरंतर प्रयास करते रहें सफलता अवश्य मिलेगी। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन उससे निराश न होकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर आगे बढ़ते रहें। हार की भावना न रखें। निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहें। उक्त बातें देश के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को गोपाल नारायण विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

शनिवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने की। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राजस्व मंत्री दिलीप कुमार भी शामिल हुए। विश्विद्यालय के कुलाधिपति व पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुलपति महेंद्र कुमार ने पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभ्यता और संस्कृति से जुड़ाव रखें। अपनी सभ्यता और संस्कृति को कभी न भूले यह हमारे अमूल्य धरोहर हैं। श्री कोविंद ने छात्रों को फिजिकल और फिटनेस पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौड़ में लोग इम्यूनिटी पार्ट को भूलते जा रहे हैं, यह दुखद है। फिजिकल एक्टिविटी को अपने दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। योग के महत्व को पूरी दुनिया समझ चुकी है। इसलिए इसकी महत्ता की अनदेखी न करें। साथ ही उन्होंने कहा कि उपेक्षितों, पिछड़ों एवं वंचितों के उत्थान और मदद के लिए हर संभव मदद करने की भावना रखें। विकसित राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। श्री गोविंद ने अपने जीवन की संघर्षों को भी साझा किया। उन्होंने अपनी और इंगित करते हुए कहा कि संघर्ष से एक साधारण परिवार का व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। इसलिए जिंदगी में कभी भी असफलताओं को हावी न होने दें।

श्री कोविंद ने कहा कि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में स्थापित हो चुका है। इसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से एक-एक ईंट को जोड़कर इतना बड़ा कैंपस तैयार किया है। इतना बड़ा ऑडिटोरियम सभागार शायद ही प्रदेश में होगा। उन्होंने कहा कि गोपाल बाबू का शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में विशेष लगाव रहा है। जब हम राज्यपाल के तौर पर बिहार में आए थे तब इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बात कही थी। सामाजिक चेतना और मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि सामाजिक चेतना व मानसिकता में हमें बदलाव लाने की जरूरत है। पुराने ट्रेंड में बदलाव लाना होगा। यह न्यू इंडिया है। इसका उदाहरण आज दीक्षांत समारोह में देखने को मिला 22 में 19 बेटियों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा पुरुष सत्तात्मक मानसिकता से मुक्त होकर बेटियों के योगदान को स्वीकार करने की जरूरत है। उनकी योग्यता को उचित स्थान देने की जरूरत है।

# लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण: मंत्री

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग में कार्यशाला का आयोजन

- मीडिया कर्मियों को किया गया सम्मानित
- राष्ट्रीय प्रेस दिवस के विषय प्रेस की बदलती प्रकृति पर हुई चर्चा



प्रात: किरण

पटना। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी मीडिया बंधुओं को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र उसके चौथे स्तंभ अर्थात प्रेस और मीडिया के बिना अधूरा है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक अवसर है, जब हम प्रेस की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और उसकी शक्ति का सम्मान करते हैं। डिजिटल मीडिया ने सूचनाओं को जन-जन तक पलक झपकते ही पहुँचाने का काम किया है, लेकिन इससे सूचनाओं की गुणवत्ता और सत्यता पर संदेह भी उठता है। मंत्री ने आगे कहा कि बिहार की पत्रकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। यह भूमि स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पत्रकारों और संपादकों की कर्मभूमि रही है। हमारे बिहार के पत्रकारों ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को प्रमुखता दी है और सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इस अवसर पर मंत्री ने मीडिया को सशक्त करने में राज्य सरकार की भूमिका तथा उपलब्धियों की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा राज्य में पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए गये हैं। पत्रकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पत्रकार कल्याण योजना की शुरूआत की गई है, जिससे पत्रकारों और उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। इसके अलावा, राज्य में डिजिटल मीडिया के प्रसार को देखते हुए बिहार सरकार ने कई जिलों में पत्रकारिता और मीडिया स्टडीज के लिए उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की है, जहाँ युवा पत्रकारिता के नवीनतम कौशल सीख रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पत्रकारिता को सशक्त बनाने के लिए सूचना और जनसंपर्क विभाग के माध्यम से वृहद स्तर पर सूचना का प्रसार किया जा रहा है। बिहार के दूर-दराज के गाँवों तक सरकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को पहुँचाने का कार्य मीडिया ने बेहद सफलतापूर्वक किया है। इसके लिए, राज्य ने स्थानीय भाषा औरडिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाया है ताकि हर वर्ग तक सटीक और प्रभावी जानकारी पहुँच सके। शिक्षा के क्षेत्र में भी बिहार सरकार के प्रयासों को मीडिया ने जन-जन तक पहुँचाया है, जिससे राज्य में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, जैसे 'सात निश्चय' और हर घर नल का जल, 'पक्की सड़क' जैसी परियोजनाओं की सफलता में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पत्रकारों ने इन योजनाओं को जनता तक पहुँचाया है, जिससे पारदर्शिता बनी रही और लोग जागरूक होते रहे। इस कार्यशाला में विभिन्न मीडिया समूहों की तरफ से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा प्रेस की बदलती प्रकृति तथा नई चुनौतियों पर वक्तव्य भी दिया गया। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री ने सभी उपस्थित मीडिया बंधुओं को सम्मानित किया। कार्यशाला में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार के अपर सचिव संजय कृष्ण द्वारा स्वागत भाषण के क्रम में भारतीय प्रेस की गरिमा और समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रेस को भ्रामक खबरों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए तथा अर्द्ध सत्य से बचना चाहिए।

### आ रहे मौजूद :

इस अवसर पर विधु भूषण चौधरी, संयुक्त सचिव, रवि भूषण सहाय, संयुक्त निदेशक, श्रीमती नीना झा, उप निदेशक तथा सूचना एव जन-सम्पर्क विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शनिवार को पैक्स के लिए 36 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

फतुहा। शनिवार को नामांकन के पहले दिन कुल 36 प्रत्याशियों ने पैक्स के लिए नामांकन दाखिल किया। सात प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया तथा 29 प्रत्याशियों ने पैक्स सदस्य के लिए नामांकन किया। नामांकन के लिए प्रखंड कार्यालय में कुल चार काउंटर बनाए गये हैं। फतुहा प्रखंड में कुल पन्द्रह पैक्स के लिए चुनाव होना है। उपरोक्त बातों की जानकारी देते हुए बीडीओ सुनील कुमार ने बताया कि रविवार को भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

### जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सामुदायिक भवन जिसको लेकर विवाद चल रहा था नगर परिषद अपने कब्जे में ले लिया

दानापुर। नगर के अंतर्गत नगर के विवादित सामुदायिक भवन कोजिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद ने अपने कब्जा में ले लिया। जिसको लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया। नगर परिषद ने उस सामुदायिक भवन को व्यवस्थित साफ सफाई व रंग रोगन को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि रामजीचक में एक सामुदायिक भवन है। जिसको लेकर विवाद चल रहा था। जिलाधिकारी ने उस सामुदायिक भवन को नगर परिषद को सौप दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद उसे कब्जे मे ले लिया गया है। उसका विवाद समाप्त हो गया। जल्दी ही सामुदायिक भवन को सुसज्जित व व्यवस्थित कर दिया जायेगा।

### मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने लिया आवेदन

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के 346 मतदान केंद्रों पर नए मदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने और संशोधित करने का आवेदन शनिवार को विभिन्न बूथों पर तैनात बूथ लेवल अफसरों ने लिया। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों पर अनुपस्थित पाए गए बीएलओ से कारणपृच्छा किया जाएगा। इस दौरान एसडीओ व अवर निवार्ची पदाधिकारी निखिल कुमार ने दर्जनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि अभियान रविवार को भी चलेगा। इसके अलावा 23 व 24 नवंबर को भी अभियान दिवस पर बीएलओ बूथ पर बैठेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह के आदेश पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है।

### अलग-अलग मामले में चार लोगों को भेजा जेल

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है !इस संबंध में मसौढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि कंसारा गांव से मारपीट व हत्या प्रयास में दो आरोपी मिथलेश राम व सिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है !वहीं, कोर्ट के वारंटी संजय कुमार कुमार उर्फ गिरिजा प्रसाद को तिनेरी गांव से व उसमान चक गांव निवासी मनीष कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दीदारगंज व खाजेकलां से दो लापता, मोबाइल चोरी में धराया

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना क्षेत्र से 16 वर्षीया नाबालिग और खाजेकलां थाना क्षेत्र के कसेरा टोली से अर्जुन प्रसाद लापता है। दोनों को संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के बाद भी जब कोई पता नहीं चला, तब दोनों के परिजनों ने संबंधित थाना की पुलिस को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दीदारगंज थाना क्षेत्र के गौहरपुर के रहने वाले गोलू पर 16 वर्षीया नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अगवा किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन करने की बात कह रही है। वहीं खाजेकलां थाना क्षेत्र के कसेरा टोली से अर्जुन प्रसाद भी लापता है। बेटा आकाश कुमार ने इसकी सूचना खाजेकलां थाना की पुलिस को दी है। उसने बताया कि 13 नवंबर की सुबह पिता यह बोलकर घर से निकले कि थोड़ी देर में आते हैं। इसके बाद वह अब तक वापस नहीं लौटे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बहादुरपुर थाना की पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जनता की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। झोपड़पट्टी का रहने वाला अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है।

# जीतन राम मांझी ने 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले 2024 में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया

## एमएसएमई मंडप में देश के 29 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 प्रदर्शकों की भागीदारी

प्रात:किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में हॉल नंबर 6 में ह्वएमएसएमई मंडपह्व का उद्घाटन किया। उनके साथ डॉ. रजनीश, एएस एवं डीसी (एमएसएमई) और एमएसएमई मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मंडप की मुख्य थीम हरित एमएसएमई है, जो एमएसएमई द्वारा अपने व्यवसाय संचालन में बदलाव के लिए स्वच्छ/हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर मंत्रालय के फोकस पर जोर देती है। इसके अलावा मंडप में 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रालय की प्रमुख योजना ह्वपीएम विश्वकर्मा योजनाह्व की भी जानकारी उपलब्ध कराता है। यह योजना भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2023 को शुरू की थी। 43वें आईआईटीएफ-2024 के एमएसएमई मंडप में देश के 29 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 प्रदर्शक भागीदारी कर रहे हैं।

यहां उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है, जिसमें कपड़े, हथकरघा, हस्तशिल्प, कढ़ाई, चमड़े के जूते, खेल और खिलौने, बांस शिल्प, बेंत की वस्तुएं, रत्न और आभूषण, चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तन उत्पाद, यांत्रिक वस्तुएं आदि शामिल हैं। यह मेला सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए, विशेष रूप से महिलाओं और एससी/एसटी के स्वामित्व वाले उद्यमों और आकांक्षी जिलों के उद्यमियों को संभावित ग्राहकों के बहुत बड़े समूह के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। समावेशी विकास के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता के अनुरूप, 200 स्टॉलों में से 71 प्रतिशत स्टॉल महिला उद्यमियों को आवंटित किए जाते हैं, और 45 प्रतिशत एससी/एसटी उद्यमियों को निःशुल्क आवंटित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, 35 प्रतिशत स्टॉल आकांक्षी जिलों के उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं और 85 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी पहली बार आए हैं। श्री जीतन राम मांझी ने मंडप में विभिन्न प्रदर्शकों के साथ बातचीत की और उन्हें मेले में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

# महादलित टोला द्रविलेन में मृतक तारा देवी के परिजनों से मंत्री जनक राम सांत्वना देने पहुंचे



प्रात:किरण संवाददाता

दानापुर: नगर के अंतर्गत विगत दिनों कचहरी छठ घाट पर संध्या में पूजा करते समय दीया की बाती से कपड़े में आग लगने से इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं घटना की खबर सुनकर डुमरांव से रिस्तेदार घटना की खबर सुनकर आ रहे थे तो रास्ते में ही कोईलवर के पास सड़क दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई थी आज सूचना मिलने के उपरांत अनुसूचित जनजाति एवं कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम एवं भाई सनोज यादव मृतक तारा देवी सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार से मिलकर परिजनों को सांत्वना। दिया मंत्री जनक राम ने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली मुआवजा की चार लाख राशि शीघ्र ही अधिकारियों से बात कर दिलाने का कार्य करूंगा। परिजनों ने बताया कि केश दर्ज नहीं हुआ है तब जाकर माननीय मंत्री जनक राम ने दानापुर थाना प्रभारी से फोन पर बात कर कहा कि घटना की मृतक का आवेदन पत्र लेकर जाएंगे अध्यक्ष महोदय दोनों का केश दर्ज कर लेंगे तब ही गरीब महादलित परिवार को सरकार से मिलने वाली मुआवजा मिल सकेगा। भाई सनोज यादव ने मंत्री जनक राम से कहा कि आप अपने विभाग से भी विशेष रूप से मुआवजा राशि कानून में प्रावधान होगी तो मृतक तारा देवी के परिजनों को मुआवजा राशि दिलाने की दिशा में शीघ्र उचित कदम उठाने की जरूरत है ताकि गरीब महादलित परिवार को इस योजना से लाभ मिल सके।

# आर्मी भर्ती प्रक्रिया के पांचवे दिन पूरे बिहार से लाखों की संख्या में प्रतिभागि शामिल हुए

प्रात:किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत सेना में टेटोरियल आर्मी भर्ती प्रक्रिया के पांचवे दिन पूरे बिहार के प्रतिभागियों की भर्ती होनी है। जिसको लेकर शुक्रवार की शाम से ही भारी संख्या में पूरे बिहार से अभ्यर्थी जुटने लगे। अभ्यर्थियो से भर्ती स्थल से लेकर आसपास मे भारी संख्या में भीड़ जुट गई। सैनिक चौक स्थित करियप्पा ग्राउंड पूरी तरह से भर गया। अभ्यर्थियो के भीड़ को देख प्रशासन तैयारी मे जुट गया। भर्ती को लेकर बिहार के विभिन्न जिलो से हजारो हजार की संख्या मे अभ्यर्थी सैनिक चौक स्थित करियप्पा ग्राउंड पहुंचे। ग्राउंड के साथ आस पास मे अभ्यर्थी की भीड़ लग गया है। जिसे जहा जगह मिल रहा वही बैठकर इंतजार कर रहे। कुछ लोग ग्राउंड के भर जाने के बाद भी किसी तरह स्थान बनाने के प्रयास करने लगे। अधिक भीड़ होने से कारण सुरक्षा में लगे कर्मियों को उनको संभालना मुश्किल होने लगा। शनिवार की अहले सुबह जब भर्ती प्रकिया शुरू हुई तो ग्राउंड क्षमता के हिसाब से अभ्यर्थियों को ग्राउंड पर भेज दिया। जिसके बाद सैनिक चौक पर इक्कठा हुए अन्य अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन और सैन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें समझाने की कोशिश की जाने लगी। लेकिन अभ्यर्थी हंगामा करते रहे। सूचना पाकर दानापुर सीडीओ दिव्या शक्ति, सिटी एसपी पश्चिमी सरथ आर एस, एसडीपीओ 1 भानु प्रताप सिंह, बीडीओ विभेष आनंद, सीओ चंदन कुमार के साथ ही कई थानों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अभ्यर्थियों को संभालने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग किया। जिसके कारण कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। अभ्यर्थी इधर उधर भागने लगे। किसी तरह मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन व सैन्य अधिकारियों ने हालात पर काबू पाया। इस दौरान भर्ती से वंचित रहे अभ्यर्थियों को बताया गया कि बचे अभ्यर्थियों के भर्ती प्रकिया के लिए दूसरी तारीख निर्धारित की जाएगी। जिसकी सूचना सभी को दे दी जाएगी। जिसके बाद किसी तरह मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों को वहा से हटाया गया। इस दौरान सिटी एसपी सरथ आर एस ने बताया कि आर्मी भर्ती के लिए छावनी क्षेत्र के सैनिक चौक के पास पूरे बिहार 25 से 30 हजार के करीब अभ्यर्थी पहुंच गए थे। वही भर्ती के लिए ग्राउंड की क्षमता कम था। जिसके कारण जितनी क्षमता थी उतनी अभ्यार्थियों के आगे भेजा गया। जब अन्य अभ्यर्थियों की इसकी जानकारी मिली तो वे सभी उग्र हो गए। सभी को समझाबुझा कर यहां से हटाया गया है। बता दे कि भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने से पहले सर्वप्रथम सैनिक चौक के करियप्पा मैदान में ही अभ्यर्थी की जांच होनी है। यही से अभ्यर्थी की भर्ती से संबंधित प्राथमिक प्रक्रिया के बाद ग्रुप बना कर उन्हे आगे भर्ती के लिए भेजा जाता है। करियप्पा मैदान से अभ्यर्थी को जांच पड़ताल के बाद सेना क्षेत्र में दौड़ को लेकर मैदान में भेजा जाता है। सेना द्वारा भी भर्ती को लेकर पुरी पारदर्शिता बरती जा रही है। साथ ही शांतिपूर्ण भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कराने को लेकर सैन्य अधिकारी व जवान जुटे हुए है। बताया जाता हं कि टेटोरियल आर्मी भर्ती आगामी 27 नवंबर तक चलेगा।

# मृत मरीज के परिजन खोज रहे कहां गया उसका एक आंख

● अस्पताल प्रशासन चूहा के खाने की बात कह रहा

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुबह से इस बात की खासी चर्चा रही कि गोली लगने से घायल 24 साल का युवक फंटूस कुमार की मौत शुक्रवार की रात 8.55 में हो गई। फंटूस के परिजन रात एक बजे अपने मरीज के शव को अंतिम बार देखे थे, तब सब कुछ ठीक था। परिजनों को कहा गया किशव पोस्टमार्टम के लिए सुबह में जाएगा। शनिवार की सुबह पांच बजे जब परिजन मृत फंटूस के पास पहुंचे, तो देखा कि उसका बायां आंख गायब था। बेड पर एक सर्जिकल ब्लेड पड़ा थाऔर वहीं कॉटन व पट्टी में बेटाडीन लगाकर उसके आंख में लगा है। इसके बाद फंटूस के परिजनों ने मरीज के आंख निकाल कर बेचे जाने आदि का आरोप लगाने के साथ ही हंगामा करना शुरू कर दिया। इस संबंध में मृत फंटूस के पिता दिलीप प्रसाद और उसके भाई जितेशने बताया कि 14 नवंबर की सुबह पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड में सुबह घर को दोनों भाई निकले थे। आए दिन सुबह यहां से निकल कर खेत में काम करने के लिए चले जाते हैं। 14 नवंबर की सुबह भी निकले। जब वह सब घर के लिए जा रहे थे, तो रास्ते में मदन, सदन, मिलन और अवधेश घात लगाकर बैठा था। इस दौरान वह सब पकड़ कर मारपीट करने लगा और 5 से 10 राउंड फायरिंग किया। एक गोली फंटूस कुमार के पेट में लगी। वह वहीं पर गिर गया। इसके बाद गोली मारने वाला हवाई फायरिंग करता हुआ वहां से भाग निकला। किसी तरीके से अपने भाई फंटूस को कंधे पर लाद कर वह उसे चिकसौरा थाना ले गए। वहां से हिलसा अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया। यहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना के एनएमसीएच में बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया। यहां सभी मध्याह्न में पहुंच चुके थे। इसके बाद ऑपरेशन किया गया। अपराह्न करीब चार-पांच बजे फंटूस को आईसीयू सर्जरी यूनिट में ले जाया गया। दूसरे दिन 15 नवंबर की सुबह उसकी स्थिति खराब होने लगी। हालांकि चिकित्सक ने कहा कि घबड़ाने की बात नहीं है, इसे ठीक कर देंगे। 15 नवंबर को ही रात करीब 8.53 में चिकित्सकों ने उसके भाई फंटूस को मृत घोषित कर दिया। रात में ही करीब एक बजे जब मृत फंटूस के शव को उन्होंने देखा, तब सब कुछ ठीक था। जब सुबह पांच बजे एक बार फिर मृतक के शव को देखने गए, तो देखा कि उसका बायां आंख निकाला हुआ है। चिकित्सकों और अन्य स्टाफ का कहना है कि चूहा कुतर कर खा गया है। वरीय से लेकर कनीय चिकित्सक यही बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि चूहा यदि उसके आंख को खा जाता, तो वहां पर सर्जिकल ब्लेड और उसके आंख में बेटाडिन लगा पट्टी कैसे लगा होता। यही कारण रहा कि मृतक के परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए नहीं ले जाने पर अड़े रहे और पूरे मामले की जांच कराने की बात कही। जब मामला उलझ गया, तो सूचना मिलते ही अस्पताल में एएसपी अतुलेश झा, आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बल पहुंचे। मरीज के परिजनों को समझाया जाने लगा, मगर उन सबों का कहना था कि उनके मृत मरीज के साथ उसके आंख के साथ छेड़छाड़ की गई है। उसके आंख को निकाल कर बेच दिया गया है।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर एचडीआरएस ने पत्रकारों को किया सम्मानित




प्रात:किरण संवाददाता

बिक्रम : राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शनिवार को सामाजिक संगठन एचडीआरएस द्वारा स्थानीय बाजार स्थित अनुमंडलीय त्रिभुवन पुस्तकालय में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुणाल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित उक्त समारोह में क्षेत्रीय दर्जनों पत्रकारों को सम्मानित किया गया` मौके पर संगठन अधिकारियों समेत वक्ताओं ने विभिन्न अखबारो और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पत्रकारों के कार्यों की सराहना की। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एचडीआरएस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुणाल किशोर ने कहा कि बिक्रम और उसके आसपास के क्षेत्र में धर्मान्तरण एक अहम मुद्दा है इससे निपटने के लिए सभी हिन्दुओं को एक होना होगा। वरिष्ठ पत्रकार शशांक शेखर मिश्र ने अपने 25 वर्षो के पत्रकारिता करियर के अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार ने किया` इस कार्यक्रम के संयोजक विश्वम्भरपुर ग्राम निवासी युवा समाजसेवी अवकाश कुमार रहे। धन्यवाद ज्ञापन एच. डी. आर. एस. के प्रखंड संयोजक गुड्डू गुप्ता ने किया। मौके पर दिपक कुमार, लव कुमार ओम कुमार, शशांक मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

# श्री गुरुनानक देव महाराज ने प्रेम, सौहार्द एवं सत्य का संदेश दिया : मंहत ब्रजेश मुनि महाराज

## कबीर पंथी आश्रम मीठापुर में गुरु नानक देव महाराज जी का प्रकाश महोत्सव

प्रात:किरण संवाददाता



पटना। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर के कबीर साई मन्दिर प्रांगण में सद्गुरु कबीर मिशन ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री गुरु नानकदेव जी महाराज के 556 वीं जयन्ती प्रकाश उत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर अरदास - सत्संग करते हुए मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव महाराज और सद्गुरु कबीर के संदेश एक जैसे ही है। दोनों अपनी वाणी के साथ गुरुग्रंथ साहिब में विराजमान हैं। इस प्रकाश पर्व के आयोजन से गुरु नानक देव और सद्गुरु कबीर साहेब ने प्रेम, सौहार्द एवं सत्य का जो संदेश दिया उसका प्रसार होगा। इहलोक और परलोक को सुखी बनाने के लिए सदविचार, संतोष और सत्य के रूप में तीन नीति का संदेश दिया जो गुरु ग्रंथ साहिब में नीत्रतय नाम से है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि हर्ष का विषय है कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के प्रति उदार हैं और उनकी इस उदारता से विश्व सिक्ख पंथ में गौरवान्वित हो रहा बिहार। इसी कड़ी में डॉ धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान में सद्गुरु कबीर और गुरुनानक देव की वाणी का प्रकाश परस्पर सद्भाव, सेवा और मैत्री भाव से जन जन को जोड़ने में कारगर है। इसलिए प्रकाश उत्सव का यह आयोजन सराहनीय है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पांडे, समाजसेवी बिरजू गोप, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मुकुल जी, श्री अरुण जी, श्री अमरेंद्र जी, कविंद्र जी उपस्थित थे। आरम्भ में आगत अतिथियों का स्वागत डॉ० इंद्रजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर कबीरपंथ एवं सिक्ख पंथ के श्रद्धालु सहित साई भक्त श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्संग पश्चात भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# गौरैया की घर वापसी कैसे हो कार्य योजना पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार को सौंपी गयी



प्रात:किरण संवाददाता

पटना: बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया की घर वापसी को लेकर एक कार्य योजना (एक्शन प्लान) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सौंपी गयी। वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान पटना जू के तत्कालीन निदेशक और वर्तमानं में वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना के सत्यजीत कुमार के आग्रह पर गौरैयाविद संजय कुमार ने गौरैया की घर वापसी को लेकर एक कार्य योजना रिपोर्ट बनायीं और उन्हें सौंपी। कार्य योजना रिपोर्ट बनाने में इनवारमेंट वैरियर्स के निशांत रंजन, अमित पाण्डेय और दिग्विजय सिंह ने सहयोग किया है। इस अवसर पर सत्यजीत कुमार, वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना ने कहा कि डॉ० प्रेम कुमार, मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार गौरैया संरक्षण पहल के लिए हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। वे चाहते हैं की गौरैया जो रूठ कर घर आंगन से गायब हो गयी है उसकी घर वापसी हो। इसी के मद्देनजर कार्य योजना बनवायी गयी है, जिसे अंतिम रूप देने के बाद पहले चरण में पटना में शुरू किया जायेगा। पटना के बाद राज्य के दूसरे जिले में भी इसे शुरू किया जायेगा। गौरैया की घर वापसी को लेकर कार्य योजना बनाने वाले गौरैयाविद संजय कुमार ने कहा कि कार्य योजना में हर पहलू को समेटा गया है। गौरैया की घर वापसी पहल के अनुभव के आधार पर खासकर गौरैया के लिए घर-घर दाना-पानी रखने, कृत्रिम घोंसला एवं पेड़ लगाने तथा थोडा सा प्यार देने के अभियान पर बल दिया गया है।

# पुलिस, प्राचार्य, अधीक्षक व वरीय चिकित्सकों की हुई बैठक

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

मरीज के परिजनों के द्वारा इस मामले की जांच करने और शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने देने की स्थिति में अस्पताल के अधीक्षक के कक्ष में उच्च स्तरीय बैठक हुई इस बैठक में नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार के अलावा सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉप्रो पीडी वर्मा, निश्चेतना के विभागध्यक्ष डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉप्रो मोती लाल दास, आंख के विभागाध्यक्ष डॉप्रो प्रदीप कारक के साथ एएसपी अतुलेश झा, आलमगंज थाना के थाना अध्यक्ष राजीव कुमार शामिल हुए। इस दौरान मृतक के परिजन से भी बात की गई। अंततः प्राचार्य के कहने पर चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया, जो अपनी रिपोर्ट अधीक्षक को सौंपेगा। इसमें समिति के अध्यक्ष आंख विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो प्रदीप कारक के अलावा सदस्य के रूप में सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉप्रो पीडी वर्मा, निश्चेतना के विभागाध्यक्ष डॉप्रो बिजॉय कुमार और कॉर्निया ट्रांसप्लांट के डॉ सचिन कुमार को शामिल किया गया। हालांकि यहां एक बात की भी चर्चा हुई कि पूरे मामले की जांच नालंदा मेडिकल कॉलेज के फारेंसिक विभाग से कराई जाए, ताकि इसकी सही रिपोर्ट आ सके। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी देखा जाए। इस दौरान बैठक में यह भी चर्चा हुई कि मामला चूंकि पेचीदा होता जा रहा है। राजनीतिक पैरवी भी इसमें हो रही है। कुछ विधायकों के कॉल भी आ चुके हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम दो-तीन डॉक्टरों की समिति बनाकर वीडियोग्राफी करते हुए कराई जाए, ताकि कहीं संदेह पैदा न हो सके। इसी दौरान मृतक के परिजन एक आवेदन लेकर आए और उन्होंने अधीक्षक को सौंपा। इस दौरान पहले मरीज के परिजन के द्वारा कहा गया कि उनका किसी पर आरोप नहीं है, मगर वह मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। हालांकि आवेदन में कुछ लोगों के पदनाम का जिक्र भी किया गया था। परिजन ने कहा कि यह आवेदन उन्होंने वकील से लिखवाया है। हालांकि दबी जुबान अस्पताल प्रशासन और चिकित्सक भी इस बात की चर्चा करते हैं कि अधिक संभावना है कि मरीज की एक आंख को चूहे ने खा डाला है। इसके पीछे कारण बताया गया कि आंख में एक विशेष प्रकार का तरल पदार्थ होता है, जो चूहे को आकर्षित करता है। क्योंकि व्यक्ति जीवित नहीं था इसलिए उसे इसका अहसास या दर्द नहीं हुआ। अगर व्यक्ति जीवित होता, तो वह विरोध कर सकता था। मगर सवाल यह है कि आईसीयू जैसे संवेदनशील स्थान पर इतना बड़ा चूहा मरीज की आंख को खा डालता है, तो आखिर यह जिम्मेवारी किसकी है। अस्पताल प्रशासन ने चूहे से निबटने का आखिर कोई उपाय क्यों नहीं किया।

# कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक को मिला लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय अवार्ड



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। बिहार के जाने माने कार्डियोलॉजिस्ट और नमन हार्ट के डायरेक्टर डॉ अभिषेक को मुंबई के ताज होटल में १० नवंबर को इंडियन डॉक्टर्स प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये अवार्ड उन्हें हृदय रोग की बिमारियों के इलाज में सर्वोत्तम सेवा के लिए मशहूर अभिनेत्री अमीषा पटेल और ह्यूमन राइट्स और सोशल जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने सामूहिक रूप से प्रदान किया। डॉ अभिषेक को लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। २०२३ में उन्हें वाराणसी में रियल हीरो ऑफ इंडिया अवार्ड से मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था । डॉ अभिषेक ने कार्डियोलॉजी में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स नई दिल्ली से डिग्री लेने के बाद नारायणा हृदयालय बैंगलोर से २ साल का फेलोशिप इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में भी किया हुआ है।

# होम डिलीवरी करने वाले दो गिरफ्तार स्कूटी भी किया जब्त

## पूछताछ के बाद मलाही पकड़ी स्थित घर पर छापा, विदेशी शराब जब्त

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने एक बार फिर होम डिलीवरी करने जा रहे एक स्कूटी पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास रहे विभिन्न ब्रांड का 30 बोतल विदेशी शराब भी जब्त किया गया है। दोनों गिरफ्तार से पूछताछ के बाद मलाही पकड़ी स्थित एक मकान में छापेमारी की गई। यहां से 69.61 लीटर विदेशी शराब जब्त करते हुए कमरे को सील कर दिया गया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि होम डिलीवरी के लिए स्कूटी बीआर 01एफएन 0247 से दो व्यक्ति निकला है। सूचना मिलने के बाद उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में टीम को लगाया गया। इस दौरान कंकड़बाग थाना क्षेत्र के मलाही पकड़ी से स्कूटी पर रहे दो लोगों वैशाली का अमित कुमार और दरभंगा का आशुतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही स्कूटी पर रहे विभिन्न ब्रांड का 30 बोतल विदेशी शराब भी जब्त कर लिया गया। दोनों से जब पूछताछ की गई कि वह शराब कहां से लेकर जा रहा था, तब वह बताने में ना-नुकूर करने लगा। जब सख ती की गई, तब उसने मलाही पकड़ी में ही जयप्रकाश अस्पताल के पास का लोकेशन बताया। टीम जब वहां पहुंची, तो एक मकान के कमरे से विभिन्न ब्रांड का 69.61 लीटर दोनों मिलाकर कुल 92.6 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद की टीम ने उक्त कमरे को भी सील कर दिया है।

# किसानों को सही समय पर मिले कृषि योजनाओं का लाभ: मंगल

## पंचायत कार्यालय में कृषि सलाहकार और समन्वयकों की उपस्थिति अनिवार्य

- कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



कृषि मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षात्मक बैठक में कृषि मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी योजनाओं का मूल्यांकन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों तक सीधे पहुंचनेवाली योजनाओं के कार्यान्वयन में कठिनाई न हो। किसानों को ससमय कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल सके। माननीय मुख्यमंत्री की सात निश्चय योजना पार्ट टू अंतर्गत चल रही योजनाओं के साथ निजी सिंचाई कूप योजना, जल संचयन तालाब, जलछाजन और पंद्रह फीट के चेक डैम का निर्माण सुनिश्चित हो। इस मौके पर कृषि मंत्री ने बामेती द्वारा संचालित पंचायत स्तर पर कृषि कार्यालय संचालन योजना अंतर्गत कृषि समन्वयक तथा कृषि सलाहकारों के पंचायत स्थित कार्यालय में रोजाना बैठना सुनिश्चित किए जाने का भी निर्देश दिया।

श्री पांडेय ने कहा विभागीय समन्वय जरुरी है। भविष्य में जीविका के साथ कृषि योजनाओं के भी समन्वय पर विचार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कौशल विकास योजना, मौसम अनुकूल कृषि कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं का तीव्र कार्यान्वयन हो। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में कृषि सचिव, संजय कुमार अग्रवाल, निदेशक बामेती, धनंजय त्रिपाठी, उप निदेशक पीपीएम, ब्रजेश मिश्रा, कृषि निदेशक, नितिन कुमार सिंह, निदेशक भूमि संरक्षण, सुदामा प्रसाद, निदेशक उद्यान, अभिषेक कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बिहार कांग्रेस मीडिया टीम का हुआ विस्तार

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी टीम का विस्तार करते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को प्रवक्ताओं की सूची जारी की है। इस आशय का पत्र जारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व को ये प्रवक्ता शक्ति प्रदान करेंगे। सूची में अभिषेक कुमार सिंह उर्फ सूरज सिंहा, शिशिर कुमार कौंडिल्य, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय और निधि पांडेय को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। मीडिया एंड पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ के अलावे अब बिहार में कुल चौदह प्रवक्ता और नौ मीडिया पैनलिस्ट अब इस टीम में शामिल हो गए हैं।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा बिहार : श्रवण



- मंत्री बोलें '- सर्वधर्म स्थली है राजगीर
- 1506 ई. में राजगीर आये थे गुरुनानक देव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना/राजगीर। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को राजगीर के गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारा के ग्रंथी मंजीत सिंह से भी मुलाकात कर जानकरी ली। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा बिहार आगे बढ़ रहा है। राजगीर सर्वधर्म स्थली है। इस पावन धरा पर गुरुनानक देव 1506 ई. में आये थे। उनकी महत्ता के कारण ही यहां का पानी शीतल हो गया था। जब गुरुनानक देव यहां आये थे तो यहां पर काफी गर्मी थी। लोगों को लगा था कि गुरुनानक देवी जी काफी यशी हैं। यहां के कुंड का पानी गर्म था। लोगों ने उनसे अनुरोध किया कि गर्म को शीतल कुंड में बदल दीजिये। गुरुनानक देव जी ने लोगों के अनुरोध पर गर्म कुंड में जैसे ही अपना चरण दिया वह शीतल हो गया। उसके बाद से ही यह पावन कुंड स्थापित है। इसकी सेवा बाबा अजायब सिंह ने सालों तक की। वे रिटायर आर्मी मैन थे। बाबा अजायब सिंह ने वर्ष 2016 में मुक्ति पायी। वहीं नीतीश कुमार ने गुरुद्वारा को एक बेहतर रूप दिया और अब यहां पर कुछ सालों से प्रकाश पर्व भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है। श्रवण कुमार ने कहा कि हमारी सभ्यता व संस्कृति में अतिथियों का स्वागत करने का प्रचलन पुराने समय से है। बिहार के गौरव को फिर से विश्व में फैलाना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास कर रहा है। इस गुरुद्वारा में देश के कोने-कोने से पर्यटक आते हैं। इतना ही नहीं प्रकाश पर्व के दौरान तो यहां पर विश्व के कई जगहों से भी पर्यटक आते हैं। बिहार में अब गोवा से भी अधिक पर्यटक आ रहे हैं। नीतीश कुमार के उपर बिहार के लोगों को अटूट विश्वास है। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिध अजय पासवान, जदयू नेता मुन्ना कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# खनन क्षेत्र को पारदर्शी और लाभदायी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : विजय सिन्हा

- खनन उद्योग में भ्रष्टाचार और राजस्व हानि के वाहक बख्शे नहीं जाएंगे
- बिहारी योद्धा के नाम से पुरस्कृत होंगे अवैध खनन विरोधी अभियान के भागीदार
- खनन क्षेत्र के राजस्व संग्रहण को दोगुना करने में जुटी सरकार
- चालान लैप्स होने पर परेशानी की स्थिति में ट्रांसपोर्टर्स व्हाट्सएप के जरिए विभाग से कर सकते हैं संपर्क

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



खान एवं भूतत्व विभाग के माध्यम से बिहार के खनन परिदृश्य को स्वच्छ, सुचारू और संभावनामय बनाने के उद्देश्य से कई पहल किए जा रहे हैं। इसके लिए एक तरफ जहां अवैध खनन पर अंकुश लगाने के प्रयास लगातार जारी हैं, वहीं नवाचार पर आधारित प्रयास भी हो रहे हैं। इसी क्रम में आज पत्रकारों से बात करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विभागीय समीक्षा के दौरान वर्ष 2023 के दौरान गया और भोजपुर के क्षेत्र में खनन अधिकारी एवं संवेदकों के बीच सांठगांठ से जनित आर्थिक कदाचार के कुछ मामले सामने आए हैं। इन मामलों में विभाग द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए निदेशक के नेतृत्व में सघनता से जांच चल रही है। इसके बाद विभाग सचिव के नेतृत्व में सुनवाई की प्रक्रिया होगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों तथा संवेदकों पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार और राज्य को राजस्व की हानि पहुंचाने वाले किसी भी हरकत को कतई नहीं बख्शा जाएगा। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि खनन गतिविधियों को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से हमने अवैध खनन की रोकथाम को जनभागीदारी से भी जोड़ा है। आम नागरिकों की आसूचना के आधार पर कई स्थानों पर अवैध खननकताओं और भंडारकों पर कार्रवाई हुई है। आसूचना दाताओं को उनकी पहचान गुप्त रखते हुए पुरस्कृत करने का निर्णय लिया था। उन आसूचना दाताओं को माननीय मुख्यमंत्री जी से निर्देश प्राप्त कर हम बहुत जल्द ह्यबिहारी योद्धा पुरस्कारह्ल के माध्यम से सम्मानित करने जा रहे हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि काफी दिनों से ट्रक चालकों तथा ट्रांसपोर्टर्स की ओर से जाम, सड़क व्यवस्था या अन्य वैध कारणों से चालान लैप्स हो जाने की शिकायतें भी आ रही थीं। जिसके एवज में उन्हें जुमार्ना सहित कई परेशानियां झेलनी पड़ती थीं। हालांकि इसके लिए पूर्व से विभाग को ईमेल के माध्यम से सूचित करने का विकल्प दिया जाता था। अब उनकी इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग की ओर से एक व्हाट्सएप नंबर ( 9472238821) भी जारी किया गया है। इस नम्बर पर वैध एवं मान्य परिस्थितियों के कारण चालान लैप्स होने की दशा में चालक अपने जीपीएस की हिस्ट्री, लोकेशन, विलंब का कारण और लगे समय की सटीक जानकारी विभाग को उपलब्ध करा कर अनावश्यक परेशानी से बच सकते हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने खनन उद्योग को उभरता हुआ उद्यम बनाने तथा स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रचालनों को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। विभाग के सतत प्रयासों से राजस्व संग्रहण को लागातार बढ़ाया गया है। विगत दस महीनों में सतत प्रयासों से हमारी सरकार राजस्व संग्रहण को दोगुना कर पाने में सफल रही है।

# सीएम नीतीश ने बिहार में शिक्षा को नई गति दी : सुनील

## बोले- उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार तत्पर



पटना। शिक्षा के क्षेत्र में बिहार निरंतर प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सूबे में शिक्षा को नई गति दी है। उक्त बातें प्रदेश के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शनिवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि 2005 में संपूर्ण बिहार का बजट लगभग 25 हजार करोड़ था। आज शिक्षा का बजट 70 हजार करोड़ से अधिक है। विश्वविद्यालयों की संख्या 15 से बढ़कर 37 हो गई है। 8 हजार करोड़ ग्रांट बिहार सरकार विश्वविद्यालय को दे रही है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रोत्साहन राशि सहित योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को महिलाओं का साक्षरता का प्रतिशत 34 से बढ़कर 74 प्रतिशत हुआ है। स्कूलों में ड्रॉप आउट 12 से घटकर एक हो गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार तत्पर पर है। राज्यपाल के साथ समन्वय बनाकर विश्वविद्यालय में शिक्षा को और बढ़ावा दिया जाएगा। बिहार सरकार की उपलब्धि बताते हुए मंत्री ने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग के लिए अलग से यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। छात्र-छात्राओं के लिए दर्जनों तरह की छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है।

# पुरुषों से आगे निकल रही महिलाएं : दिलीप

## बोले- सीएम नीतीश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया



पटना। राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। शिक्षा मंत्री भी सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा में निरंतर सुधार कर रहे हैं। 2018 में प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट बना। इससे उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव आया है। इस एक्ट के बाद सूबे में बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय खोलने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। दीक्षांत समारोह में 95 प्रतिशत लड़कियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह नया भारत है। नए भारत में महिला सशक्तिकरण का यह सबसे बड़ा उदाहरण है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी आगे निकल चुकी है। इस अवसर पर मंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को अतुलनीय बताया। कहा कि गोपाल नारायण सिंह सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने जो सपना देखा उसको साकार करने का काम किया।

# भगवान भरोसे चल रहा है बिहार : अखिलेश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार में सरकार भगवान भरोसे चल रही है और यहां आम जनता की छोड़िए कैबिनेट मंत्रियों को भी कोई सुनने वाला नहीं है। अधिकारी ही चला रहे हैं। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन सह मिलन समारोह में कही।

हल्ला बोल के संयोजक अनुपम कुमार को सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रोज के अखबारों की खबरें पढ़ने के बाद समझ आती है कि बिहार में शासन प्रशासन का इकबाल खत्म हो चुका है और जिसे जैसे मन वैसे सरकारी संरक्षण में काम किए जा रहा है। अखबारों के हेडलाइंस को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि बच्ची की मौत के बाद पटना के पीएमसीएच में उसके आंख को निकाल दिया गया और इसपर कानून का कोई संज्ञान नहीं है।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अनुपम कुमार अपने संगठन हल्ला बोल के माध्यम से लगातार राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के हक की लड़ाई लड़ते रहें हैं और इन्होंने विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व किया और अपने सामाजिक आंदोलनों के माध्यम से मुकाम दिया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद हल्ला बोल के संयोजक अनुपम कुमार ने कहा कि उनके साथ 55 केंद्रीय सदस्यों और सैकड़ों समर्थकों ने भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कर्मठता और संघर्ष से प्रभावित होकर दामन थामा है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, ज्ञान रंजन, सौरभ सिन्हा, स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डे, शिशिर कौन्डिल सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# नौकरी की मानसिकता बदलनी होगी : राज्यपाल

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोलें आर्लेकर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



शिक्षा का अंत नहीं होता है दीक्षांत! उपाधि मिल रही है, लेकिन पूरा जीवन सीखने का होता है। उक्त बातें बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। इसके साथ संवाद करने की आवश्यकता है। श्री आर्लेकर ने कहा कि हमारी मानसिकता नौकरी प्राप्त करने की बन गई है। परिजनों का भी ऐसा ही सोच है। लेकिन इस मानसिकता से बाहर आने की जरूरत है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। युवा शक्ति ही रिस्क ले सकती है। उन्हें इस पर मंथन करना होगा कि वह जब देने वाला या जब मांगने वाला बनना पसंद करेंगे। श्री अर्लेकर ने छात्रों का अहवान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधीपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना**

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–07 / 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक / ख्याति प्राप्त डिकोरेटर / फर्म से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के पूर्वाहन् 11:30 बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) में:–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मुल्य जो " संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10840(भ) दिनांक–13.12.2019 के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENU AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) पोर्टल–;(http//e-receipt.bihar.gov.in) के E-payment/payment over the bank counter (Cash/Cheque) के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-GRAS का (Computerized receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-GRAS द्वारा निर्गत चालान में चालान One time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैद्य है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः–(i) 0 से 50000.00 रू0 तक 250.00 रू0 (ii) 50001.00 से 250000.00 रू0 तक 500.00 रू0 (iii) 250001.00 से 500000.00 रू0 तक 750.00 रू0 (iv) 500001.00 से 1000000.00 रू0 तक 1250.00रू0 (v) 1000001.00 से 1500000.00 रू0 तक 2500.00 रू0

कार्य का विवरणी:–

| Sl.No. | Name of Work /Specification | Qty | Unit | Quoted Rate (in Number and word) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NAME OF WORK-SUPPLY, FIXING AND FITTING OF PORTABLE FIRE EXTINGUISHERS AND FIRE BALL AT SARDAR PATEL BHAWAN, NEHRU PATH, PATNA | | | |
| | (i) Supply & Installation of Fire Extinguisher Ball containing powder suitable for A, B, C & E Class of fire. Capacity-1.3+/-0.2 Kg | 23.00 | Each | |
| | (ii) Supplying, Testing, Installing and Commissioning of ISI marked 4.5 kg capacity Carbon Dioxide (Co2) type including valve hose reel with provision of wall bracket fixed with anchor fasteners all complete job. | 232.00 | Each | |

- .कार्य समाप्ति की अवधिः– 7 दिन

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगे। विशेष शर्तें मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या बेवसाईट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** देखे या अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

**कार्यपालक अभियंता**
**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर,पटना**

**PR. No. 012508 (BCD ) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें, किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।**



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–53 वर्ष 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक– 19.11.2024 को 11.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक– 20.11.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 20.11.2024 को 3.30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | s/r to 40 set officers flat 80/40 at bailey road patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 2 | s/r to 40 set officers flat 95/40 at bailey road patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 3 | s/r to 84 set officers flat 7/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 4 | s/r to 84 set officers flat 8/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 5 | s/r to 84 set officers flat 56/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 6 | s/r to 84 set officers flat 59/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 7 | s/r to 84 set officers flat 73/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | 1 week |
| 8 | s/r to 84 set officers flat 62/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 9 | s/r to 12 set officers flat 7/12 at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 10 | s/r to 12 set officers flat 8/12 at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 11 | s/r and rennovation of b/wall to 12 set officers flat 2/12 at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 1 week |
| 12 | s/r to 12 set officers flat 4/12 and 8/12 at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 13 | s/r to PH WORK IN 84 set officers flat 8/84 and 9/84 at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 250.00 | 1 week |
| 14 | s/r of app work in 1 t0 6 in 12 set officers at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 1 week |
| 15 | s/r of app work in 7 t0 12 in 12 set officers at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 1 week |
| 16 | day to day civil work in 40 set officer flat at punaichak patna for the year 2024-25 | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | Up to mar 24 |
| 17 | day to day civil work in 12 set officer flat at shastri nagar patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | Up to 14 mar 24 |
| 18 | s/r to tiles work in G.O flat no- G/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 1 week |
| 19 | s/r to renivation on 1 bathroom G.O flat no- G/4 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 20 | s/r to G.O flat no- G/5 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 1 week |
| 21 | s/r to G.O flat no- K/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 22 | s/r to G.O flat no- T/4 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 23 | renovation of out house in G.O flat no- J/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 1 week |
| 24 | campus development work in G.o flat no- J/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 25 | s/r to G.O flat no- J/2 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 26 | s/r to G.O flat no- L/2 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 27 | s/r to G.O flat no- M/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 28 | s/r to G.O flat no- U/6 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 29 | s/r to campus development in G.O flat no- V/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 30 | s/r to G.O flat no- V/1 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 225000.00 | 4500.00 | 500.00 | 1 week |
| 31 | rennovation work in G.O flat no- W/5 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 32 | app work in block Z G.O flat at new punaichak patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 1 week |
| 33 | s/r to 79 mos qtr no C/6 at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 34 | s/r to 79 mos qtr no C/10 at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 35 | s/r to 79 mos qtr no C/24 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 36 | A/r to 79 mos qtr no C/37 at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 37 | c/wall and other work in mos qtr no C/39 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 week |
| 38 | A/r to 79 mos qtr no C/46 at punaichak patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 1 week |
| 39 | APP work in 79 mos qtr no C/10 at punaichak patna for the year 2024-25 | 50000.00 | 1000.00 | 250.00 | 1 week |
| 40 | C/wall and A/r to 79 mos qtr no C/78 at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 1 week |
| 41 | s/r to P.H work in G.O flat no - X/1, X/6,I/3,I/4 and I/5 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 180000.00 | 4000.00 | 500.00 | 1 week |
| 42 | s/r to P.H work in 79 mos qtr no - C/39 and C/47 at new punaichak patna for the year 2024-25 | 90000.00 | 1800.00 | 250.00 | 1 week |
| 43 | day to day civil work of A to Z officers flat at punaichak patna for the year 2024-25 | 750000.00 | 15000.00 | 1250.00 | Up to mar 24 |
| 44 | day to day civil work of 79 mos qtrs at punaichak patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to mar 24 |
| 45 | s/r to outer surface work in R block g.o flat at new punaichak patna for the year 2024-25 | 385000.00 | 8000.00 | 750.00 | 1 week |
| 46 | app work in block X G.O flat at new punaichak patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 1 week |
| 47 | day to day ph work of 79 mos qtr C/27 to C/53 at punaichak patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to mar 24 |
| 48 | S/R to GO flat No-B3/4 at New Punaichak Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 1 week |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देंखे।

**PR-12644 ( B C D ) 2024-25**

**कार्यपालक अभियंता**
**पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहे मारवाड़ी स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम रतन झा

दरभंगा।सेवानिवृत्त जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार झा के पिता शहर के मारवाड़ी हाइ स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम रतन झा नहीं रहे। 98 वर्ष की आयु में शुक्रवार को शहर के मिर्जापुर स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इस खबर से उनके शुभेच्छु साहित शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के बीच शोक की लहर पसर गई है। वे हनुमाननगर प्रखंड के पंचोभ गांव के वासी थे। शिक्षक के रूप में राम रतन झा ने न केवल समाज में शिक्षा की अलख जगायी, बल्कि अपने परिवार को भी इस प्रकाश से रोशन किया। यही वजह रही कि विभिन्न क्षेत्र से जुड़कर उनके संतानों ने उल्लेखनीय सामाजिक अवदान दिया। तीन पुत्रों में जेष्ठ पुत्र डॉ दिलीप कुमार झा दूसरे पुत्र स्व डॉ अरुण कुमार झा छोटे पुत्र सुधीर कुमार झा उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक से सेवानिवृत्त है एवं पुत्री भी है। दिवंगत झा की बहू डॉ वीणा ठाकुर पीजी हेड पद से सेवानिवृत्त हुई। नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार है। उनके निधन पर डॉ अमलेन्दु शेखर पाठक, योगानंद झा आदि ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### मनीगाछी रेफरल अस्पताल भवन निर्माण के लिए चल रहे अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त

मनीगाछी(दरभंगा)। मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा पिछले तीन दिनों से लगातार चल रहा आमरण अनशन स्वास्थ्य विभाग के गैर संचारी रोग पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार मिश्र, जिला लेखा पदाधिकारी बसंत कुमार झा एवं बीडीओ डी एन यादव से सफल वार्ता के उपरांत शनिवार को समाप्त हो गया। उनकी मांगों में रेफरलअस्पताल के नए भवन निर्माण के साथ ही रेफरल अस्पताल में पेयजल,साफ सफाई,शौचालय वाहन पार्किंग एवं ,अल्ट्रासाउंड की समुचित व्यवस्था सहित अन्य मांगें शामिल थीं। उनकी मांगों पर सकारात्मक वार्ता के बाद अनशनकारी रंधीर झा बाबा, अशोक सिंह को जूस पिला कर अनशन को समाप्त किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता आदित्य मंडल ,सुमित माउंबोहटिया , अंकित आजाद,अंकित झा,राजेश मंडल, रमेश बाबा, निखिलेश झा ,राकेश मिश्रा, कमलेश मंडल, संजीव झा, सोनू पासवान, परमानंद यादव, राजीव कुमार मेहता सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रेस क्लब मधुबनी के संवाद कक्ष में प्रेस की बदलती प्रकृति, विषय पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

## डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात: किरण, संवाददाता



मधुबनी सूचना एवम जनसम्पर्क विभाग मधुबनी के तत्वाधान में प्रेस क्लब मधुबनी के संवाद कक्ष में प्रेस दिवस पर प्रेस की बदलती प्रकृति विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएम अरविन्द कुमार वर्मा डीपीआरओ सह उपनिर्देशक परिमल कुमार एवम वरीय प्रेस प्रतिनिधियो ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पूर्व डीएम सहित सभी अतिथियों का स्वागत उनके मस्तक पर तिलक लगाकर किया गया। डीपीआरओ सह उपनिर्देशक परिमल कुमार ने आगत अतिथियो का स्वागत करते हुए परिचर्चा के विषय एवं प्रेस दिवस को लेकर संक्षिप्त जानकारी दिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के साथ-साथ प्रेस की जिम्मे दारियो की ओर भी हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। उन्होने कहा कि किसी भी अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में मीडिया की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है ।जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया के सहयोग से जिले में जल-जीवन हरियाली अभियान जन-जन का अभियान बनेगा।उन्होंने कहा कि प्रेस की बदलती प्रकृति ने आधुनिक समाज में व्यापक परिवर्तन किए है। एक समय था जब प्रेस का एकमात्र उद्देश्य जनता को सत्य और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना था। उस समय प्रिंट मीडिया का प्रभावी नियंत्रण था और पत्रकारिता का एक प्रतिष्ठित स्थान था। पत्रकारो का उद्देश्य समाज को जागरूक करनाऔर जनहित के मुद्दों को उजागर करना होता था।डिजिटल युग के आगमन के साथ प्रेस की परिभाषा और भूमिका में बड़े बदलाव आए है। इंटरनेट के विस्तार और स्मार्टफोन के उपयोग ने मीडिया को नई दिशा दी है। अब समाचार केवल प्रिंट तक सीमित नही है बल्कि डिजिटल प्लेटफार्मो सोशल मीडिया और ऑनलाइन समाचार पोर्टलो ने प्रेस का दायरा बढ़ा दिया है। आज सूचनाए सेकंडो में लाखो लोगो तक पहुच जाती है जिससे प्रेस की गति और प्रभाव दोनो बढ़े है ।हालाकि इस बदलाव के साथ कुछ चुनौतिया भी सामने आई है। आज के मीडिया पर प्रतिस्पर्धा ने निष्पक्षता और विश्वसनीयता को प्रभावित किया है। इन सबके बावजूद प्रेस की बदलती प्रकृति ने आधुनिक समाज में व्यापक परिवर्तन किए है एक समय था जब प्रेस का एकमात्र उद्देश्य जनता को सत्य और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना था। आज डिजिटल युग के आगमन के साथ प्रेस की परिभाषा और भूमिका में बड़े बदलाव आए है। इंटरनेट के विस्तार और स्मार्टफोन के उपयोग ने मीडिया को नई दिशा दी है। अब समाचार केवल प्रिंट तक सीमित नही है बल्कि डिजिटल प्लेटफार्मो सोशल मीडिया और ऑनलाइन समाचार पोर्टलो ने प्रेस का दायरा बढ़ा दिया है ।उनहाने कहा कि समय के साथ प्रेस का स्वरूप चाहे जितना भी बदले उसका मूल उद्देश्य जनहित और सत्य का प्रचार-प्रसार ही रहेगा ।आज निष्पक्षता की जवाबदेही मीडिया के समक्ष सबसे बड़ी जवाबदेही है। सोशल मीडिया के कारण आज अनेक प्रकार की चुनौतिया भी है फिर भी लोगो का विश्वास आज भी मीडिया के प्रति बहुत ही ज्यादा हैलोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में हमारी अस्मिता को प्रखर स्वरूप प्रदान करने का काम भी पत्रकार बधुओं ने अनवरत जारी रखा।उन्होने मीडिया को कार्यपालिका विधायिका और न्यायपालिका के बाद लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में चिन्हित किए जाने के कार्य को सही ठहराया। उन्होने कहा कि आज सभी राष्ट्रीय ज्वलंत मुद्दो को जन जन तक पंहुचाने और जनमानस की राय कायम करने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में मीडिया कर्मियों से निष्पक्ष और सटीक पत्रकारिता की अपील भी की। उन्होने कहा कि सूचना विस्फोट के इस दौड़ में प्रायः मीडिया हाउस में खबर को पहले पहल सामने लाने की चुनौती होती है। इस प्रतियोगी माहौल में कई बार तथ्यात्मक भूल की आशंका बनी रहती है। उन्होने इसके लिए स्व मूल्यांकन या सेल्फ रेगुलेशन को सबसे कारगर उपाय बताया। उन्होने कहा कि सतर्कता जरूरी है ताकि आधारहीन खबरो से बचा जा सके। खबरो की विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। उन्होने उपस्थित सभी मीडिया प्रतिनिधियो एवम अधिकारियो को जल जीवनहरियाली अभियान से संबंधित शपथ भी दिलाई। इसके पूर्व सभी ने मिलकर केक काटकर एकदूसरे को प्रेस दिवस की बधाई भी दिया। कई वरिष्ठ मीडिया प्रतिनिधियो ने परिचर्चा में अपनी-अपनी बाते रखी।

# पैक्स चुनावः अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 35 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत 27 पैक्सों के चुनाव लिए 13 नवंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नामांकन के पहले दिन जहां अध्यक्ष पद के लिए 19 एवं सदस्य के लिए 61 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। वहीं दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 21 एवं सदस्य के लिए 98 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के अंतिम दिन यानी शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए 35 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। भरपुरा पटपरा से अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र कुमार सिंह, अनीता देवी, महमदपुर सकड़ा से ललिता देवी, टभका से श्याम नंदन झा, रेखा कुमारी, खास टभका उत्तर से राजकुमार झा, चोरा टभका से मुकेश कुमार रंजन, चकहवीब से शशिकांत झा, कल्याणपुर उत्तर से रामनारायण राय, सुरौली दामोदरपुर से नरेश यादव, गंगौली मंदा से आलोक कुमार वत्स, भूसवर से मनोज कुमार, प्रवीण चंद्र प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार महतो, विभूतिपुर उत्तर से रामबाबू महतो, देवेंद्र कुमार, बोरिया से चंदन कुमार राय, महेश प्रसाद, महथी दक्षिण से डॉ अरविंद कुमार, पार्वती देवी, महथी उत्तर से संजय कुमार सिंह, मुकेश पासवान, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण से राम सगु महतो, अशोक कुमार सिंह, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर से नटवर कुमार, अवधेश कुमार, बेलसंडी तारा से अनुज कुमार, आलमपुर कोदरिया से अशोक कुमार महतो, महिषी से सुजीत कुमार सिंह, शोभा कुमारी, अजीत कुमार सिंह, रेखा देवी, रीता देवी, उमाशंकर चंदन, केराई से राम लखन सिंह आदि ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। बता दें कि नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन की तिथि 20 नवंबर को निर्धारित की गई है। 27 नवंबर को मतदान होगा एवं उसी दिन मतदान के बाद मतगणना या 28 नवंबर को मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

# 20 नवंबर से कालाजार रोगियों की खोज करने के लिए चलेगा अभियान

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले में 20 नवंबर से कालाजार रोगियों की खोज करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। 20 से 30 नवंबर तक आशा के द्वारा घर-घर जाकर कालाजार रोगियों की खोज की जाएगी। जिले में इस वर्ष कालाजार के 14 मरीजों की पहचान हुई है। डीवीबीडीसी संतोष कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार कालाजार उन्मूलन के लिए वर्ष में चार चक्र में घर-घर कालाजार के संभावित रोगों की खोज करने का प्रावधान है। जिसके तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में यह अभियान कालाजार प्रभावित प्रखंडों में प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के घर के 500 मीटर के परिधि में (200 से 250 घर) स्थित घर-घर जाकर वीएल व एचआईभी पीकेडीएल रोगी की खोज जाएगी। इसके लिए 103 आशा कार्यकताओं की टीम बनायी गई है। बता दें इसके लिए सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू हॉल में डीवीबीडीसीओ डॉ विजय कुमार के द्वारा मरीजों की पहचान, कालाजार जांच व उनके उपचार के संबंध में आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि कालाजार जांच की सुविधा उपलब्ध है। कालाजार की किट से 10 से 15 मिनट के अंदर टेस्ट हो जाता है। हर सेंटर पर कालाजार के इलाज में विशेष रूप से प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं। कालाजार से पीड़ित रोगी को मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना के तहत श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में पैसे दिए जाते हैं।

# गुरु नानक जयंती व प्रकाश पर्व हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया

## धार्मिक अनुष्ठान व विशाल लंगर में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

प्रात: किरण, संवाददाता



मधुबनी जयनगर मेन रोड स्थित गुरु द्वारा सिंह सभा में गुरुद्वारा कमिटी के तत्वावधान में सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देव जी का जयंती व प्रकाश पर्व दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम उत्सवी माहौल में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा को रंग बिरंगे फूलो और बिजली की लाईट बतीं झालर की रौशनी एवं मोमबत्तिया जला कर भव्यता से सजाया गया था। गुरुद्वारा में गुरुदेव नानक देव जी झांकी और उनके उपदेश आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। सिख समुदाय के लोगों और अन्य श्रद्धालुओ की गुरुद्वारा में मथा टेकने अरदास सत्संग प्रवचन सुनने और भजन शब्द कीर्तन दरबार में शामिल होने एवं लंगर का प्रसाद पाने को लेकर काफी भीड़ लगी रही। गुरुद्वारा के पुजारी के द्वारा जयंती व प्रकाश पर्व के अवसर पे गुरुद्वारा में विशेष पूजा गुरुवाणी पाठ अरदास सत्संग शब्द भजन कीर्तन देर रात तक गुरुद्वारा में गूंजती रही। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रही। गुरुद्वारा कमिटी के द्वारा सामाजिक कार्य करने वाले संस्थाओ के सदस्यो और समाज सेवियों व सामाजिक कार्यकताओ एवं गुरुद्वारा कमिटी के सदस्यों को सेवा भाव के लिए सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं के बीच मिठाई समेत अन्य प्रसाद का भी वितरण किया गया। गुरुद्वारा में जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल वाहे गुरुजी की खालसा वाहे गुरु जी फतेह की जयकारे और उपदेशों से एवं गायको कलाकारों के द्वारा कई सुमधुर भजन शब्द कीर्तन और कलाकारों गजब की जुगलबंदी के दौर से माहौल भक्तिमय हो गया। गायक और कलाकरों एव भजन कीर्तन मंडली को भी कमिटी के सदस्यों के सम्मानित किया गया। विशाल लंगर का प्रसाद कई लोगों ने पाया। मौके पर धार्मिक अनुष्ठानों कार्यक्रम में सिख समुदाय के कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। बड़ी संख्या में सिख व हिन्दू समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व क्षेत्र में गुरुनानक जी और पंच प्यारे की झांकी के साथ प्रभात फेरी भी निकाली गई। गुरुद्वारा कमिटी के सदस्यो ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से सर्व कल्याण विश्व में शांति आपसी प्रेम सद्भाव भाई चारा विपदाओं से बचाव की दुआ मांगी । आपसी प्रेम सद्भाव का शांति का संदेश दिया।

# सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाये कर्मियो को बीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन अध्यक्षता में एक बैठक क्षेत्र के विकास मित्र के साथ आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड कल्यान पदाधिकारी व क्षेत्र के विकास मित्र भाग लिए। । बैठक के दौरान बीडीओ के द्वारा सभी विकास मित्र को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का कार्य हर हाल में सोमवार तक कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट जमा करने। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ दिलवाने की भरपूर कोशिश करते हुए उसकी सूची उपलब्ध करवाने। सभी विकास मित्र अपने अपने पंचायत के पंचायत भवन में प्रत्येक दिन 10 बजे से 1 बजे तक बैठ कर सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ की पूर्ण जानकारी जन जन पहुंचाते हुए उन्हे जागरूक करते हुए आमजनों के कार्यो का निष्पादन करेंगे। पयोजनाओं का जानकारी देते हुए सही लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुचाने का दिशा निर्देश दिया ।किये गए कार्यो उसकी जानकारी अगले बैठक में देना सुनिश्चित करने । पंचायतों में पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी के आगमन पे अपने अपने पंचायत में उपस्थित रहेगे। पदाधिकारी या वरीय पदाधिकारी के पंचायत भ्रमण के दौरान अनुपस्थित विकास मित्रो पर करवाई की जाएगी। विकास मित्र को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# विद्यापति पर्व समारोह में रातभर आनंद का गोता लगाते रहे श्रोता

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। विद्यापति सेवा संस्थान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मिथिला विभूति पर्व का 52वां समारोह चौथे दिन शनिवार को सुबह में संपन्न हुआ। मैथिली मंच के नवोदित एवं स्थापित कलाकारों की प्रस्तुति ने लगातार उन्हें बांधे रखा। यही कारण रहा कि शुक्रवार की शाम शुरू हुई सांस्कृतिक संध्या अगले दिन देर सुबह तक जारी रही। इस दौरान ना श्रोता और ना ही कलाकार थके। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधनपार्षद सर्वेश कुमार, विधायक मिश्रीलाल यादव व रामचंद्र प्रसाद, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष राजीव चौधरी ने दीप प्रज्वल्लित कर किया। अध्यक्षता पूर्व विधनपार्षद दिलीप चौधरी व स्वागत संस्था के महासचिव बैजनाथ झा बैजू ने किया। सृष्टि फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण नृत्य और अनुपमा मिश्र के गाये मंगलाचरण ओ केदारनाथ कुमर के गाये गणेश वंदना से शुरू हुए तीसरे दिन के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के गायकी की पारी की शुरूआत मैथिली मंच की लोकप्रिय गायिका पूनम मिश्रा ने विद्यापति रचित गीत ह्यसुनू सुनू रसियाह्व के गायन से किया। पारंपरिक लोक धुन पर जैसे ही उन्होंने विद्यापति के गीत पर अपनी स्वर लहरी छेड़ी पूरा का पूरा दर्शक दीर्घा विभोर हो गया। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए सोनी चौधरी की गायिकी में पारंपारिकता की चासनी में डुबोए विद्यापति गीत ह्यजुनि उगू आजु की रातह्व एवं संस्कार गीतों के भाव ने जहां दर्शकों को आत्म विभोर किया। वहीं मैथिल युवा दिलों की धड़कन माधव राय के गाये मिथिला वर्णन सहित खुशबू मिश्रा, आलोक भारती, ऋषभ भारद्वाज, पूजा झा रूचि, अरविंद कुमार झा, अमित कुमार, अरविंद सिंह, वर्षा झा आदि द्वारा प्रस्तुत गंभीर किंतु लहकदार गीतों ने दर्शकों की तालियां बटोरने में सफलता हासिल की। कुंजबिहारी मिश्र की प्रस्तुति ह्यबाबनमा वर्षक आयोजन सब सँ दिव्य लगैये.ह्व को दर्शकों ने विशेष रूप से पसंद किया। प्रसिद्ध लोक गायिका पूनम मिश्रा व जुली झा अपने चिर-परिचित अंदाज में दर्शकों के विशेष आकर्षण के केंद्र में रही। सहरसा से आए नंद सहित आकाशवाणी के कलाकार दीपक कुमार की रविन्द्र नाथ ठाकुर,

आलोक भारती, खुशबू मिश्रा एवं जुली झा की एकल प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। दुखीराम रसिया, रामबाबू झा, केदारनाथ कुमर, अमित कुमार, नीरज कुमार झा, रामबिहारी झा आदि की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब सराहा।

# रिलायंस ज्वेल्स लूट कांड में पुलिस की विफलता व जांच की हो सकती है समीक्षा



● लूट को बताया सोची समझी साजिश का हिस्सा, अपराधी को पकड़ने वाले सरायरंजन थानाध्यक्ष को हटाया गया था

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

रिलायंस ज्वेल्स लूट कांड में समस्तीपुर पुलिस की विफलता व लूट कांड मामले में पुलिस की जांच की समीक्षा हो सकती है। इस लूट कांड को साजिश के तहत अंजाम दिलवाने व मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को साजिश के तहत गलत आरोप लगाकर हटवाने की शिकायत बिहार के डीजीपी से की गई है। इसमें सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय, तत्कालीन नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य व मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद पर अपराधियों व भू-माफियाओं से सांठगांठ करने सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। गौरतलब हो कि रिलायंस ज्वेल्स का लूटा गया सोना बरामद करने में पुलिस अभी तक विफल साबित हुई है। वहीं इस लूट कांड में संलिप्त अपराधियों को बिहार एसटीएफ व गुजरात पुलिस के द्वारा पकड़ा गया था। जबकि एक अपराधी को गिरफ्तार करने वाले तत्कालीन सरायरंजन थानाध्यक्ष को हटाने को भी साजिश का हिस्सा बताया गया है। इसके साथ ही जिले के तत्कालीन सदर एसडीपीओ व वर्तमान में एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय के रिपोर्ट के आधार पर एसपी की अनुशंसा पर हटाए गए मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविन्द्रनाथ सिंह ने बिहार के डीजीपी से इसकी उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की थी। मिली जानकारी के अनुसार अब इस मामले की जांच मिथिला क्षेत्र के आईजी के स्तर से कराई जाएगी। बिहार डीजीपी से सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय पर काफी गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया है कि सुरेंद्र सिंह के मामले में बिना स्पष्टीकरण मांगे ही गलत आरोप लगाकर मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह का दूसरे जिला ट्रांसफर कर दिया गया। उन्हें भू-माफियाओं और अपराधियों का संरक्षणकर्ता बताया गया है। इसके साथ ही रिलायंस ज्वेल्स में हुए भीषण लूट मामले को भी उन्होंने एक सोची समझी साजिश के तहत अंजाम देने की बात कही गई है। इसमें सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय व मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। भू-माफियाओं के साथ मिलकर गलत तरीके से रुपए कमाने को लेकर उन्होंने अपने रास्ते के कांटे सुरेंद्र कुमार सिंह का यहां से ट्रांसफर करवा दिया। सुरेंद्र कुमार सिंह के ट्रांसफर के बाद ही छह करोड़ रुपए के सोना लूट की घटना होती है और उसमें पुलिस आज तक लूट का सोना रुपए बरामद नहीं कर पाती है। वहीं कांड लंबित रहते ही संजय कुमार पाण्डेय को प्रमोशन दे दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस लूट कांड में संलिप्त कई अपराधियों को बिहार एसटीएफ व गुजरात पुलिस ने पकड़ा था। वहीं इस घटना में संलिप्त एक अपराधी को सरायरंजन थानाध्यक्ष के द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर कुछ महीनों के बाद उन्हें भी हटाया दिया गया था। पिंकी प्रसाद को मुफ्फसिल थाने का थानाध्यक्ष बनवाया गया। उनकी पोस्टिंग के बाद से क्षेत्र में कई लूट और हत्या की घटनाएं हुई, लेकिन आज तक उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविंद्रनाथ सिंह ने मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद पर अपने आवास पर भू-माफियाओं को बैठाने, जमीन पर कब्जा दिलाने और निर्दोष को फंसाने का आरोप लगाया है। जिसका कई साक्ष्य उनके पास मौजूद है। उन्होंने सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय के कार्यकाल की पर्यवेक्षण टिप्पणियां व क्रियाकलापों एवं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद के अभी तक के कार्यकाल का मुख्यालय स्तर से या अपराध अनुसंधान विभाग से समीक्षा करवाने और जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर ऐसे कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने ऐसे पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के संम्पति की भी जांच किए जाने की मांग की है। साथ ही जिले के एक थाने के थानाध्यक्ष रहे पर भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है, संज्ञान में आने और उसे देखने के बाद ही वह कुछ कह सकते हैं। वहीं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि रिलायंस ज्वेल्स लूट कांड से कुछ दिन पहले ही मुफ्फसिल थानाध्यक्ष के रूप में मेरी पोस्टिंग हुई थी। घटना के रोज मैं गवाही देने के लिए पटना में थी। जो भी आरोप लगे हैं, उसके बारे में हमें जानकारी नहीं है। वहीं एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जो भी आरोप लगे हैं, उसकी जांच का अधिकार वरीय पदाधिकारियों को है।

# नाट्य कला के माध्यम से बच्चे दे रहे हैं सामाजिक संदेश

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। नाट्य संस्था सबेरा द्वारा 5 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के चौथे दिन शनिवार को सबेरा जन उत्थान सामाजिक संस्थान,पटना द्वारा आदर्श उत्क्रमित मध्य विद्यालय, (बीएमपी कमाउंड) में ह्लबोल जमुरे बोलह्व नाटक के लिए जिगर, रित्विक, पिंकी, कहकशा,श्रृष्टि, आयुषी, रोशनी, श्रेया, खुशबू, निक्की, अकांछा, आकृति, माही, सिमरन, संध्या, नेहा, आयुषी, अनन्या, स्तुति, आराध्या को कास्ट किया गया ।कार्यशाला निदेशक एवं कठपुतली कला विशेषज्ञ सुनील सरला ने नाट्य कार्यशाला में बच्चों को कठपुतली कला और उसके इतिहास के बारे में बताया साथ ही प्राचीन कला कठपुतली के बारे में बताया कि कठपुतली कला शिक्षा का सशक्त और दिलचस्प माध्यम हैं। इससे बच्चों की सीखने की क्षमता का विकास होता हैं ।कठपुतली के जरिये बच्चों में सर्जनात्मकता का विकास होता है ।उनमें जानने की रुचि पैदा होती है ।पुतलियों के निर्माण तथा उनके माध्यम से विचारों के संप्रेषण में बच्चों को आनंद मिलता है, वह बच्चों के व्यक्तित्व के चहुँमुखी विकास में सहायक होता है ।कठपुतली कला में कई कलाओं का मिश्रण है झ्र लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य इत्यादि ।भारत मे कठपुतली कला ज्ञात लोक कलाओं में सबसे पुरानी कला है ।कुछ जानकारों के मुताबिक नाटकों के मंचन की शुरूआत इसके बाद ही हुई थी ।कठपुतली नृत्य को लोकनाट्य की एक शैली माना गया है। कठपुतली अत्यंत प्राचीन नाटकीय खेल है जिसमें लकड़ी, धागे, प्लास्टिक या प्लास्टर ऑफ पेरिस की गुड़ियों द्वारा जीवन के प्रसंगों की अभिव्यक्ति तथा मंचन किया जाता है ।कठपुतली कला के माध्यम से सामाजिक विषयों जैसे पर्यावरण, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य तथा ज्ञान संबंधी अन्य मनोरंजक कार्यक्रम दिखाया जाता हैं ।नाट्य संस्था सबेरा द्वारा 5 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के चौथे दिन कला निर्देशक एवं कठपुतली कला विशेषज्ञ सुनील सरला,संजय यादव,स्वेता यादव,एस के पांडेय, अमित कुमार,पिंकी कुमारी, शशी कुमार किरण, हेना परवीन एवं मागदर्शक व कार्यशाला संरक्षक कृष्ण कुमार प्रधनाचार्य मौजूद थे।

# अवैध दवा दुकान से 108 प्रकार की ओषधि जब्त कर प्रतिष्ठान को किया सील

प्रात: किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।सढवाड़ा पंचायत में बिना अनुज्ञप्ति के संचालित अवैध दवा दुकान पर छापेमारी की गई है ।मजिस्ट्रेट सह पंचायती राज पदाधिकारी मधुकांत प्रसाद व प्रशिक्षु दारोगा पंकज रजक की निगरानी में शनिवार को कारवाई की सूचना के बाद आस पास में संचालित अवैध दवा दुकान का शटर बंद कर संचालक फरार हो गया ।सिविल सर्जन के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय ड्रग इंस्पेक्टर मीतू बाला,रचना कुमारी, राजेश कुशवाहा ने छापेमारी की ।108 प्रकार के मानक के विपरित दुकान के रैक में रखा गया अंग्रेजी,आयुर्वेदिक व जेनरिक दवा को जब्त किया गया ।मौके से प्रतिष्ठान संचालक पूर्व पंचायत समिति राम नरेश सहनी के पुत्र रौशन कुमार सहनी के फरार होने की स्थिति में अवैध प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है ।ड्रग इंस्पेक्टर ने सिमरी थाना पहुंचकर अवैध दवा को संरक्षित कर बिना लाइसेंस के चल रहे दवा दुकान संचालक पर विभागीय प्रशासनिक कारवाई की गई है ।ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने बताया है कि जब्त दवा के साथ न्यायालय को दुकान दार के खिलाफ अभियोजन पत्र भेजा गया है ।मालूम हो कि सढवाड़ा निवासी अमरजीत राम ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत दर्ज शिकायत पत्र में कहा था कि सढवाड़ा पंचायत के वार्ड 10 में संचालित दवा की दुकान पर कोई बोर्ड नहीं लगने के साथ बिना लाइसेंस की अवैध दुकान चलाया जा रहा है ।प्रतिष्ठान संचालक द्वारा प्रतिबंधित कॉरेक्स सीरप बेचा जा रहा है जिससे नशा पान को बढावा मिल रहा है ।खुलेआम जेनरिक दवा बिक्री की जा रही है।

# समाज में प्रेस की एक बड़ी भूमिका है : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर सभागार में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी के कर-कमलों से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम वरीय पुलिस अधीक्षक जगूनाथ रेड्डी जला रेड्डी,उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्त्ता-आपदा सलीम अख्तर,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन,अनुमण्डल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, उप निदेशक, जन सम्पर्क सत्येंद्र प्रसाद एवं कई वरिष्ठ मीडिया प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन में सहयोग किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि दरभंगा के सभी पत्रकार बंधु, कलम के सिपाही को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शुभकामना दिया।आज के इस परिचर्चा में जो विषय वस्तु प्रेस की बदलती प्रकृति पर सभी पत्रकार बंधु ने विचार व्यक्त किया। अपने विचार रखने के लिए, अपनी अभिव्यक्ति प्रकट करने के लिए, समाज की, देश की एवं राज्य की जो समस्या है को उजागर करने के लिए और सकारात्मक विमर्श के माध्यम से हम भविष्य की भी नींव रखते हैं और उसके बारे में परिचर्चा किया । जिलाधिकारी ने कहा समाज में प्रेस की एक बड़ी भूमिका है,उससे हम लोकतंत्र में लोगों का ओपिनियन भी बनाते हैं। हमें सच बताते हैं एवं सच की दिशा बताते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी बात अभिव्यक्त करते हैं, तो एक-दूसरे से जुड़ते हैं। सामाज में जुड़ाव अभिव्यक्ति के माध्यम से ही होता है। हमारा लोकतंत्र अन्य लोकतंत्र की तुलना में विशेष महत्वपूर्ण इसलिए है कि हमारे देश की स्वतंत्रता आन्दोलन में सामाज के हर वर्ग का योगदान रहा है। इसके निर्माण में सभी का योगदान रहा है ।वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की सेवा करना ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम प्रयास करते हैं कि हर रोज जनता से मिले एवं उनका समस्या का समाधान करें,क्योंकि हम जनता के लिए हैं ।सत्येंद्र प्रसाद उप निदेशक जनसंपर्क ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत बनाने , राष्ट्र निर्माण में देश के सभी नागरिक अपना योगदान देते हैं, लेकिन मीडिया के हाथों में कलम है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी है, इसलिए वह मजबूती से जनता की बात रखती है। इसलिए राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विशेष महत्वपूर्ण है। मीडिया प्रहरी बनाकर लोकतंत्र के लोकतंत्र को जीवंतता प्रदान करती है। समाज को आईना दिखाने का कार्य मीडिया करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जांच में उर्वरक में मिलावट की हुई पुष्टि

कलयाणपुर समस्तीपुर रासायनिक उर्वरक मामले में संयुक्त निदेशक रसायन नियंत्रक प्रयोगशाला मीठापुर पटना द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि कल्याणपुर प्रखंड को-ऑर्डिनेटर रसायन उर्वरक निरीक्षक के द्वारा भेजे गए सैंपल में मिलावट पाई गई है। जानकारी के अनुसार पिछले 18 अक्टूबर को प्रखंड क्षेत्र के झहुरी गांव में डीएपी सहित अन्य रासायनिक उर्वरक का सैंपल पुलिस की उपस्थिति में कृषि विभाग के रासायनिक निरीक्षक ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में लेकर सैंपल पटना भेजा गया था। उसकी जांच पटना के प्रयोगशाला में की गई। जिसका प्रतिवेदन थाना सहित प्रखंड किषि कार्यालय में भेजा गया है। थाने में दर्ज प्राथमिक की में झहुरी गांव के लखीदर सहनी प्रिंस कुमार सविता देवी के घर से 30 बैग नमक लाल रंग का पाउडर अन्य उर्वरक 40 बैग सहित दर्जनों रैपर एवं खाली बैंग जब्त के अलावे लखविंदर साहनी के आटा चक्की से एक देसी कट्टा जब्त की गई थी। इस केस में स्थानीय थाने में आधे दर्जन लोगों पर प्राथमिक की गई थी।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर चैंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर परिचर्चा आयोजित




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिला मुख्यालय में अवस्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय के सभागार में शनिवार को शशांक कुमार वर्णवाल जिला वरीय समाहर्ता सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई । राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर चैंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर परिचर्चा की गई। जिसमें जिला के कई वरिष्ठ पत्रकार सरीक हुए। चैंजिंग नेचर ऑफ प्रेस परिचर्चा पर मान्यता प्राप्त पत्रकार निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि 16 नवम्बर 1966 से राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है ।जिसका एतिहासिक पृष्ठ भूमि पर चर्चा करते हुए कहा कि शाश्वत काल की शुरूआत अंतःपुर के नारदजी थे, जिन्हें पत्रकार का पिता कहा जाता है ।जो बातें सत्य होती थी उसका संवाद बिना हिचक के दो टूक शब्दों में बयां करते थे। उसके बाद चैंजिंग होकर भोजपत्रों के माध्यम से लोगों के बीच खबरें भेजे जाते थे ।उसका साक्षी बना कलम के रूप में जंगल की लकड़ियां और स्याही बना जानवरों का लहू।

फिर चैंजिंग होकर अंग्रेजों के शासन काल में प्रेस खोलकर हाथों से चलाने वाली मशीन के खबरें प्रकाशित किया जाता था और अंग्रेजों से छुपा कर प्रकाशित खबरों को रात के अंधेरे में क्रांतिकारी एवं अन्य लोगों को पहुंचाया जाता था। उसके बाद और चैंजिंग हुआ अखबारों की छपाई होना शुरू हुआ और पुरे बिहार में एक ही प्रेस प्रिंटिंग मशीन बैठाया गया वो भी पटना में। जहां जमुई की खबरें लिखकर डाक के द्वारा पटना भेजा जाता था और तीन दिन बाद वो खबरें छप कर जमुई आती थी। अब तो अखबारें खण्ड - खण्ड में विभाजित होकर कईएक अखबारों में प्रकाशित होना शुरू हुआ और अब क्षेत्र वाद, जिला वाद एवं प्रखंड स्तरीय खबरों का प्रकाशन किया जाता है। इसके बाद और चैंजिंग हुआ टेलीविजन पर खबरें प्रसारित होने से लोगों का दिलचस्पी अखबारों के प्रति कमने लगा। फिर सोशल मीडिया, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, वाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर अकाउंट ने आकर बाकी रही सही कसर खत्म कर दिया। आज प्रिंट मीडिया पर से लोगों का दिलचस्पी धीरे धीरे घटता ही जा रहा है। क्यों कि प्रिंट मीडिया भी अपना अपना सोशल मीडिया अकाउंट खोल कर लोगों को आकर्षित करने में लगा हुआ है ।तो ये था क्रमबद्ध चैंजिंग।

वहीं दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार रूपेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपस्थित सभी पत्रकारों को दिल की गहराई से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जिला प्रशासन की पूलें बांधी और तारीफ करते जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश एवं जिले के उजावान पदाधिकारियों की टीम वर्क से जमुई विकास के पथ पर अग्रसर है। वहीं उपस्थित पत्रकारों को निर्भिक होकर अनूशासन में रहकर पत्रकारिता करने की सलाह दी ।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा,राजीव सिंह,राजेश सिंह, हेमंत सक्शेना,विनीत कुमार, विकास पाण्डेय,रधु कुमार,विजय कुमार एवं अन्य दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे।

## आरएस कॉलेज तारापुर में दो दिवसीय, मल्टी डिसिप्लिनरी नेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (कोर्ट) । आरएस कॉलेज तारापुर में दो दिवसीय मल्टी डिसिप्लिनरी सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आरएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर यू एस दास के नेतृत्व में किया गया।इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर अश्वनी कुमार ओझा ने किया । स्वागत गान प्रस्तुति श्रेया भारती शिक्षा कुमारी सीमा भारती वर्षा कुमारी नेकी और उन्होंने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुल गीत गाकर भी अपनी प्रस्तुति दी मुख्य अतिथि भावेश चंद्र पांडे डीएसडब्ल्यू मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय के द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। रजिस्टार विजय कुमार ठाकुर मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी का भी ज्ञान दिया जाएगा । इस मौके पर आरएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर यू एस दास ने कहा कि हम आरएस कॉलेज में तमाम सुविधा उपलब्ध कराएंगे बच्चों की पढ़ाई के लिए इस मौके पर डॉक्टर शाहिद राजा जमाल ँ्ड्ढ ीस्त्र३ ड्ढ उर्दू मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर प्रोफेसर डॉक्टर अजीत ठाकुर डॉ अतुल कुमार घोष सीसीडीसी तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर इस मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अर्चना कुमारी प्रोफेसर नीरज कुमार प्रोफेसर जावेद राजा एवं छात्र-छात्राएं अंकित कुमार सूरज कुमार अभिषेक कुमार अनिकेत कुमार मानताशा खातून नाजिया खातून माफिया खातून आरएस कॉलेज के पूर्व एन एस एस आइकॉन मोहम्मद अखलाक उद्दीन ने कहा कि शिक्षा हम सबके लिए बहुत जरूरी है।

## तेलियाडीह में शुरू हुआ सती बिहुला पाठ




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के तेलियाडीह गांव में शुक्रवार की देर शाम से सती बिहुला पाठ शुरू किया गया जिसका उद्घाटन पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने फीता काटकर किया। महिला पर आधारित सती प्रथा की कहानी बिहुला विषहरी नाटक में कलाकारों ने पहले दिन अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। सती बिहुला पाठ के डायरेक्टर लखन यादव ने बताया कि 9 दिन तक नाटक कला दिखाया जाएगा। जिसमे अलग अलग दिन अलग अलग कहानी शामिल हैं। उद्घाटन कर्ता ने कहा कि बिहुला विषहरी की प्रचलित गाथा पूरे राज्य में प्रचलित है और लोग इसे खूब पसंद भी करते हैं। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस कहानी से हमे यह ज्ञान प्राप्त होता है कि महिला अगर किसी कार्य करने को ठान ले तो वह अवश्य उसे पूरा कर सकती है। इस कहानी में महिलाओं के आत्मशक्ति को दशार्ता है। वही सभी कलाकारों ने एक्टिव होकर बखूबी से अपने कला को दिखा रहे। मौके पर प्रदीप यादव, पिंटू रजक, अजीत यादव, अजय यादव, कुलदीप यादव, सुभाष दास, अशोक यादव,अजीत यादव, देवेंद्र तुरी, सकलदेव रविदास सहित अन्य लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं तो नाटक देखने के लिए आसपास के गांव से बड़ी संख्या में जुट हुए थे।

## गिद्धौर पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को किया जब्त, मामले में प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर पुलिस द्वारा विशेष छापेमारी अभियान के तहत बालू लाद परिचालन कर जाने के क्रम में गिद्धौर रेलवे स्टेशन सड़क मार्ग से एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त वाहन पर खनन विभाग एवं बीएनएस के सुसंगत धाराओं के तहत मामले में कार्रवाई की गयी है। जानकारी के अनुसार गिद्धौर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार को अवैध बालू खनन की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक पंकज कुमार द्वारा गिद्धौर रेलवे स्टेशन सड़क मार्ग पर अवैध बालू लदे ट्रेक्टर वाहन को आते देख रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त ट्रैक्टर वाहन चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। जब उक्त ट्रैक्टर वाहन के ट्रिलर में बालू लदा पाया गया। जिसे जब्त कर थाना लाया गया। मामले में उक्त ट्रैक्टर वाहन पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण नियमावली 2021 के नियमों के अधीन एवं भारतीय न्याय सहिंता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले में कार्रवाई की गयी। इस अभियान में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार, अवर निरीक्षक पंकज कुमार सहित पुलिस बल के जवान अभियान में मौजूद थे।

## किसानों को अनुदान मिलेगा : योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा खोल दिया गया है पोर्टल

- ड्रोन से दवा छिड़काव के लिए आवेदन करें किसान

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। फसलों को कीट के प्रकोप से सुरक्षित करने के लिए पौधा संरक्षण विभाग द्वारा ड्रोन से कीटनाशी दवा का छिड़काव कराया जाएगा। इसलिए जमुई में भी सैकड़ों एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा पोर्टल खोल दिया गया है। कोई भी किसान आवेदन कर सकता है। हालांकि इस योजना का लाभ लेने के लिए कम से कम एक एकड़ खेत होना जरूरी है। ड्रोन से छिड़काव बड़े पैमाने पर किया जाना है,इसलिए रकवा भी बड़ा होना चाहिए। इसके लिए सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाएगा। रवि फसल के लिए यह योजना लाई गई है। पौधा निकलने के बाद छिड़काव की शुरूआत की जा सके,इसके लिए विभाग द्वारा अभी से तैयारी की जा रही है। प्रति एकड़ मिलेगा अनुदानः सहायक निदेशक ने बताया कि इस योजना के तहत एक एकड़ पर करीब 480 रुपया खर्च होगा,जिसमें सरकार द्वारा 240 रुपया अनुदान दिया जाएगा। एक किसान अधिकतम 10 एकड़ का लाभ ले सकते हैं ।किसानों को सिर्फ पानी उपलब्ध कराना है, दवा एजेंसी द्वारा दी जाएगी। छिड़काव के लिए कम से कम एक एकड़ रकवा होना जरूरी है। यदि एक किसान के पास रकवा नहीं है तो तीन चार किसान मिलकर एक जगह पर छिड़काव कर सकते हैं। निबंधित किसानों को ही लाभ योजना का लाभ डीबीटी पोर्टल पर निबंधित किसानों को ही दिया जाएगा। यह खासकर दलहनी, तेलहनी,गेहूं,मक्का एवं आलू की खेती के लिए लागू किया गया है। खरपतवार एवं कीट के कारण प्रतिवर्ष 35 प्रतिशत फसल बर्बाद हो जाती है। किसान पारंपरिक विधि से दवा का छिड़काव करते हैं इस कारण खर्च तो बढ़ता ही है फसल को भी नुकसान होता है। शरीर पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। ड्रोन से छिड़काव होने पर काफी सुविधा होगी। दवा भी बर्बाद नहीं होगी। 10 एकड़ वाले रकवा को प्राथमिकता ड्रोन से छिड़काव के लिए रकवा भी बड़ा होना जरूरी है ।इसलिए 10 एकड़ वाले रकवा को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन किसानों को योजना का लाभ लेना है वे डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर योजना का लाभ दिया जाएगा। चयन के लिए आवेदन के बाद कृषि समन्वय व किसान सलाहकार द्वारा स्थल जांच का सत्यापन के बाद ही लाभुक का चयन किया जाएगा।

## मीडिया मानवता का नूर है: प्रो.गौरी शंकर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुईः-प्रेस दिवस के अवसर पर नगर परिषद जमुई स्थित स्थानीय कल्याणपुर के मीना कुंज के संवाद कक्ष में स्वतंत्र-निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक एवं हास्य कवि श्री दिनेश मंडल ने की। मौके पर उपस्थित के के एम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि भारत में हर वर्ष 16 नवंबर को प्रेस दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मीडिया से जुड़े लोगों को यह याद दिलाना है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता जनतंत्र की एक आवश्यक स्तंभ है। निष्पक्षता, स्वतंत्रता, सत्यता और विश्वसनीयता पत्रकारिता की आत्मा हैं। इस दिन को प्रेस की स्वतंत्रता और उसके महत्व को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस उन चुनौतियों को भी याद दिलाता है, जिनका सामना पत्रकार करते हैं। यह दिवस यह भी सुनिश्चित करता है कि मीडिया को बिना किसी दबाव के सत्य और न्याय के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया मानवता का नूर है। क्योंकि यह देश और समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो सच्चाई एवं जागरूकता का प्रकाश आलोकित करता है। यह मीडिया मानवता को जोड़ने एवं उसकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इतना ही नहीं यह हमें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से अवगत कराता है,जिससे हम अपने आसपास की दुनिया से जुड़े रहते हैं। मीडिया के बिना संसार अधूरा है। कहते हैं कि सच का साथी झूठ का विचार, मीडिया के बिना अधूरा संसार मीडिया की स्वतंत्रता समाज के विकास और जागरूकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रेस का संरक्षण और सामान करना हमारे समाज और देश के लिए अनिवार्य है। यह दिवस पत्रकारिता और प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को स्वीकार करने का दिन है आज का दिन पत्रकारों के योगदानों की सराहना करने का दिन है। मीडिया केवल सूचना का स्रोत ही नहीं है, बल्कि समाज की प्रगति व मानवता के कल्याण के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति भी है। इसका उपयोग सावधानी पूर्वक एवं जिम्मेदारी से करना जरूरी है, ताकि यह सही मायने में मानवता का नूर बना रहे। उन्होंने कहा कि समय के साथ प्रेस का स्वभाव और कार्य प्रणाली काफी बदल गया है। स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का प्रहरी है। प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों का देश के लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। मीडिया को समाज में सच्चाई और न्याय की स्थापना के लिए हंस की तरह नीर क्षीर विवेकी और न्यायाधीश की तरह निष्पक्ष, तटस्थ तथा तथ्यात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया सिर्फ सूचनाओं का प्रसार ही नहीं करता, बल्कि यह जनमत का निर्माण, सत्ता पर निगरानी और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामचंद्र रविदास ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। बदलते समय के साथ प्रेस को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे फेक न्यूज और गलत सूचनाओं का प्रसार, प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला, पत्रकारों की सुरक्षा आदि प्रमुख मुद्दे एवं चुनौतियां हैं। आज सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ा है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं युटुब खबरों के प्रसार को लोकतांत्रिक बना दिया है। अध्यक्षीय प्रबोधन में वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक श्री दिनेश मंडल ने कहा कि मीडिया जनता की आवाज होती है। क्योंकि मीडिया एक ऐसा माध्यम है जो जनता की आवाज और समस्याओं को सरकार तक और सरकार की नीति व योजनाओं को जनता तक पहुंचने का काम करती है। उन्होंने प्रेस के महत्व को बताते हुए कहा कि जो देखे वही बताएं, सच्चा पत्रकार वही कहलाए। सत्य का प्रचार मीडिया का व्यापार है। प्रेस को बदलते समय के साथ खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए नवाचार और नैतिकता के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। मौके पर प्रो डॉ डीके गोयल, प्रो सरदार राम, प्रो संजीव कुमार सिंह,शिक्षक मंटू पासवान, श्याम सुंदर, रवीश कुमार सिंह, सुशील कुमार, सुनील कुमार, विपुल कुमार, अतुल कुमार आदिकई बुद्धिजीवी और छात्र उपस्थित थे जिन्होंने देश और समाज के विकास में मीडिया की सराहनीय योगदान और भूमिका की सराहना की।

## मारपीट का थाना में हुआ प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के गम्हरिया गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने गांव के एक व्यक्ति पर मारपीट कर घायल कर दिए जाने का प्राथमिकी थाना में दर्ज कराया। पीड़ित मनोज यादव ने दर्ज आवेदन में बताया कि गांव के रहने वाले सोहिन्द्र यादव मेरे घर पर आकर पहले गाली गलौज किया और जब में अपने घर की ओर आ रहा था ।

उसने रास्ता रोकर फिर मुझे गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया उसने लाठी से मेरे सिर पर वारकर मुझको घायल कर दिया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसएचओ संजय कुमार ने कहा पुलिस नामजद के खिलाफ आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

## बाइक और फॉर्च्यूनर गाड़ी में टक्कर होने के बाद फॉर्च्यूनर गाड़ी पेड़ जा टकराया, चार लोग हुए घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एनएच 333 स्थित धपरी मोड़ झाझा एकडारा के पास बाइक और फॉर्च्यूनर गाड़ी में टक्कर होने के बाद फॉर्च्यूनर गाड़ी एक पेड़ में जा टकराया। इस घटना में कुल चार लोग घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज किया गया । फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार घायल की पहचान समस्तीपुर के रहने वाले दिलीप कुमार और उसका चालक अनिल कुमार के रूप में हुई है । घायल दिलीप कुमार ने बताया कि मैं समस्तीपुर से झारखंड राज्य के गिरिडीह में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने वाहन से जा रहा था कि तभी अचानक बाइक चालक मेरे दिशा में बाइक घुमा दिया जिसके बाद मेरे वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गई और सड़क किनारे पेड़ में जा टकराया। वही बाइक से घायल में बाराजोर पंचायत के धोबियाकुरा गांव के रहने वाला मो. मुबारक और उसका बहनोई मो. आलम अंसारी के रूप में हुई है। घटना में मो. आलम को गम्भीर चोट लगने के कारण डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी पुलिस को मिला जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंचा और दोनो वाहनों के घायलों से पूछताछ किया। दूसरी ओर घायल मो. मुबारक अंसारी ने बताया कि पेट्रोल पंप से बाइक में तेल भराकर साला के साथ वापस अपने घर जा रहा था कि तभी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने मेरे बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मैं और मेरा साला बाइक से गिरकर घायल हो गया।

## भगवान लक्ष्मी नारायण का वार्षिक पुजा संपन्न



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो जमुई : जमुई जिले के सोनो प्रखंड अंतर्गत महेश्वरी गाँव स्थित मंदीर के सिंहासन पर विराजमान भगवान लक्ष्मी नारायण का वार्षिक पुजा महोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न हो गया । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक मास की पुर्णिमा को बाबा लक्ष्मी नारायण मंदीर में आयोजित वार्षिकोत्सव मे दुर दराज से आये हजारों लोगों ने बाबा लक्ष्मी नारायण का दर्शन कर मिन्नते मांगी । बाबा लक्ष्मी नारायण का दर्शन के लिए बिहार सहित झारखंड , उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल आदि विभिन्न राज्यों से आये हजारों श्रधालुयों ने घंटों तक कतार बद्ध लाईन में खड़े रहे । श्रधालु अपना इच्छित फल की प्राप्ति एवं सुख समृद्धि के लिए चावल , गुड़ , घृत ओर दही के मिश्रण से बना प्रसाद एवं तुलसी दल नैवेद्य के रूप में भगवान लक्ष्मी नारायण को अर्पित किया । बताया गया है कि भगवान लक्ष्मी नारायण की स्थापना पिछले 400 वर्षों पुर्व महेवरी गाँव में तपस्या कर रहे एक श्रृषि मुनि के द्वारा किया गया था । तब से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को इनकी पुजा वार्षिक महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।

बताया जाता है कि अपनी जटाओं मे भगवान शालीग्राम को बांधकर रखे श्रृषि महेश्वरी गाँव के समिप बहने वाली कलोधरा नदी में स्नान करने के बाद प्रत्येक दिन अपनी जटा से शालीग्राम को निकालकर स्नान कराने के बाद झोपड़ी नुमा कुटिया मे उनकी पुजा अर्चना कर पुनः अपनी लंबी लंबी जटाओं मे बांध लेते थे । फल मुल का सेवन करने वाले तपस्वी मुनी की सेवा स्थानीय महेश्वरी गाँव निवासी राम पांडेय के द्वारा तन मन से किया जाता रहा । कई वर्षों बाद जब मुनि इस गाँव से प्रस्थान करने लगे तो उन्होंने राम पांडेय को कोई वर मांगने को कहा , जिसपर राम पांडेय ने मुनि की जटा मे बंधे शालीग्राम को मांग लिया । शालीग्राम देते हुए मुनि ने कहा कि यह शालीग्राम पत्थर नहीं बल्कि यह तो साक्षात भगवान लक्ष्मी नारायण हें । उन्होंने शालीग्राम की पुजा अर्चना करने का विधान बताकर राम पांडेय को सोंपकर चले गए । इधर राम पांडेय ने श्रृषि की झोपड़ी नुमा कुटिया को साफ सफाई कर छोटी सी मंदीर बनाकर लक्ष्मी नारायण की स्थापना कर पुजा अर्चना प्रारंभ कर दिये । तब से लेकर आज तक राम पांडेय के वंशजों द्वारा प्रत्येक दिन भगवान लक्ष्मी नारायण की पुजा अर्चना ओर कार्तिक मास की पुर्णिमा को वार्षिकोत्सव धुमधाम से मनाया जा रहा है । ज्ञात हो कि धीरे धीरे भगवान लक्ष्मी नारायण की महिमा दुर दुर तक फैलने लगी ओर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भगवान लक्ष्मी नारायण का मंदीर भी भव्य तरिके से निर्माण कराया गया । इधर वार्षिकोत्सव पर उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तेद दिखी ।

## तीन लोगों पर बेटी को भगाकर ले जाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] शादी की नियत से बहला फुसलाकर बेटी को भगाकर ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने गांव के एक युवक और उसके माता पिता को नामजद बनाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में परसा क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित पिता ने बताया कि मेरी बेटी इंटर की छात्रा है और बीते 11 नवम्बर को बालिका उच्च विद्यालय झाझा के लिए निकली जिसके बाद वह घर नही आई तो उसके मोबाइल पर फोन किया तो जल्द घर आ जाने की बात करते हुए फोन काट दिया जिसके बाद वह घर नही आई जिसकी काफी खोजबीन किया गया लेकिन कुछ भी पता नही चल सका।

## जिले के तीन शिक्षकों ने लहराया अपने लगन ईमानदारी कर्मठ का परचंम मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। जिले के तीन शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत ने राष्ट्रीय शैक्षिक संगोष्ठी कुरुक्षेत्र हरियाणा में बिहार, कर्नाटक,नागालैंड,तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश,गुजरात , छत्तीसगढ़ सहित देश के 20 राज्यों के विद्यालयी शिक्षा के साथ समाज सेवा,पर्यावरण संरक्षण,योग शिक्षा में बेहतरीन कार्य कर रहे 155 शिक्षकों, समाजसेवी, साहित्यकारों, पर्यावरणविदों को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया ।जिसमें मुंगेर के तीन नवाचारी शिक्षकों क्रमशः अरविंद कुमार सिंह,मध्य विद्यालय कुरावा ,प्रेम सखी कुमारी,मध्य विद्यालय बागेश्वरी, शोभा कुमारी,प्राथमिक पासवान टोला घोरघट को गीता उपदेश स्थली धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में हरियाणा सरकार के प्रतिनिधियों एनआईटी निदेशक डॉ वी वी रमन रेड्डी,चेयरमैन कुरुक्षेत्र विकास प्राधिकरण मदन मोहन छाबड़ा,कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के एचओडी डॉ सी आर दरोलिया, हरि प्रताप राठौड़,शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत के संस्थापक शैलेश कुमार प्रजापति,हरियाणा संयोजक सुशीला जांगड़ा और राजकीय सम्मान प्राप्त शिक्षक सह संस्थापक (शिक्षा सागर फाउंडेशन )डॉ सुरेश राणा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सम्मानित शिक्षकों के कार्यों की सराहना की गई तथा शिक्षा क्षेत्र में ऐसे ही तकनीकी का उपयोग करते हुए अनवरत छात्र और समाज हित कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## बिरसा मुंडा की जयंती हवेली खड़गपुर में मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। ऑल इंडिया जन अधिकार सुरक्षा कमेटी हवेली खड़गपुर इकाई की ओर से मुरादें गांव में शहीद बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई कमेटी के सदस्यों ने एक साथ मौजूद ग्रामीणों ने शहीद बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित के आयोजित जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शहीद बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे लगाए और 15 नवंबर को राष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग की सहित बिरसा मुंडा के जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने आदिवासियों को जंगल जाने का वेरोकठोकअधिकार देने आदिवासियों के हक और अधिकार को छीना जाना नहीं चलेगा सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट को बहाल करने वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने जैसी मांग को लेकर सरकार से मांग किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया जन अधिकार सुरक्षा कमेटी के बिहार राज्य प्रभारी रमन सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनका संघर्ष अद्वितीय था उनकी कृति आज भी लोगों में संघर्ष की गाथा को जीवित रखा है उन्होंने कहा कि आज बिरसा मुंडा की याद करना समय की मांग है बिरसा मुंडा के पिता सुगना मुंडा और उनकी माता करणी मुंडा ने काफी संघर्ष किया। बिरसा मुंडा की देश के प्रति कुबार्नी से आज आदिवासियों को काफी हक और अधिकार मिल पाया है कमेटी के सदस्य अर्जुन सोरेन ने कहा कि हमें अपने हक अधिकार के लिए संगठित होकर संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए इस मौके पर संगठन के नेता अर्जुन सोरेन मुंशी सोरेन राम किस्कू पार्वती देवी मंगली कुमारी सुनीता देवी सुनीता टुडू मंटू सोरेन रमन सिंह आदि समेत ग्रामीणों ने अपने विचार रखें वहीं प्रखंड के रमनकाबाद पश्चिमी मधुबन दरियापुर हर कुंडा छोटकी फुलवरिया सहित कई स्थलों पर शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी रानी कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी खड़गपुर प्रियंका कुमारी अंचल अधिकारी संतोष कुमार सिंह वनों के क्षेत्र पदाधिकारी रॉबिन आनंद जीविका बीपीएम अंजू कुमारी जदयू जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल प्रखंड प्रमुख सीमा कुमारी जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल एवं मुखिया समेत जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया ।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी रानी कुमारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजों के साथ लंबा संघर्ष किया। वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष नीचिकेता मंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नंबर 2021 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी जिसको लेकर जनजाति समुदाय गौरव महसूस कर रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज के उन्नति और उत्थान के लिए काम कर रहे हैं इस मौके पर मुकेश बिन्द समेत आदिवासी समाज की महिलाओं और पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, आत्महत्या की आशंका



प्रात: किरण संवाददाता

मसौढ़ी !शनिवार की सुबह पटना गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन के समीप लूप लाइन पर पोल संख्या 29/13 व15 के बीच ट्रेन से कटकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृत युवक की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के कश्मीर गंज मोहल्ला निवासी पप्पू मिस्त्री उर्फ राजकिशोर यादव के 22वर्षीय पुत्र आशीष कुमार के रूप में की गई है ।घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ लग गई ।हालांकि युवक को आत्महत्या करने का कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस बाबत तारेगना जीआरपी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि पटना-गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन से के समीप एक युवक का शव मिला है ।उन्होंने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि युवक ने आत्महत्या कर ली है ।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया ।पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई थी ।बताया जाता है कि मृत युवक अपने घर का इकलौता चिराग था,जिसके पिता का भी मौत पूर्व में हो चुकी है।

सम्पादकीय

## तुम्हीं बांटते हो तुम्हीं काटते हो की सच्चाई लोगों के कितना समझ

बेटी छीन लेने से ज्यादा डराने, अपमानजनक बात और क्या होगी? मगर जब मुकाबला गिरने का हो तो फिर आप कुछ नहीं कह सकते। कटना काटना उससे और आगे की बात है या बराबर या बेटी छीनने से कमजोर रह गई आप खुद फैसला करें। ज्24 घंटे में दो बार महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री रहे उद्धव ठाकरे की तलाशी? इससे पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के हैलिकाप्टर और राहुल गांधी के हैलिकाप्टर की तलाशी? सत्ता पक्ष कितना पैसा खर्च कर रहा है यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। बच्चे बच्चे को मालूम है कि झारखंड और महाराष्ट्र में कौन पैसा पानी की तरह बहा रहा है। यह ब्लैकमेलिंग है या भयादोहन? या भारत को लोगों को भयाकुल बनाना ?लगता है उससे भी आगे की बात है। ब्लैकमेलिंग में जब आपके खिलाफ कुछ होता है तो उसका फायदा उठाया जाता है। यहां तो काल्पनिक डर दिखाकर उसका फायदा उठाने की कोशिश है। और डर पूरे देश को, समाज को। और किस खतरनाक स्तर का? बेटी छीन लेंगे! भैंस और मंगलसूत्र से अब बेटियों तक आ गए। यह केवल डर दिखाना नहीं है। बल्कि उससे आगे जाकर यह कहना है कि मुझे वोट नहीं दिया तो तुम्हें कोई नहीं बचा सकता। इसी की काम्पटिशन में लाया गया है बटेंगे तो कटेंगे !ज्यादा खतरनाक, अखिलेश यादव के शब्दों में निकृष्टतम कौन सा है कहना मुश्किल! बेटी छीन लेने से ज्यादा अपमानजनक, बेबसी बताने वाली बात और क्या होगी? मगर जब मुकाबला गिरने का हो तो फिर आप कुछ नहीं कह सकते। कटना काटना उससे और आगे की बात है या बराबर या बेटी छीनने से कमजोर रह गई आप खुद फैसला करें। अगर फैसला कर पाने की अक्ल, विवेक रह गया हो तो! नहीं तो जैसे पहले दस साल नफरत पैदा करके वोट लिए गए वैसे ही अब डर पैदा करके लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी एक डर दिखाएंगे तो मुख्यमंत्री योगी दूसरा। हो सकता है दोनों में होड़ हो कि कौन ज्यादा डरा सकता है? देश में भय का माहौल कौन ज्यादा फैला सकता है? यही आधार हो देश पर शासन करने का। एक डरा हुआ देश बनाने की कोशिश! क्या भारत बन जाएगा? एक नया प्रयोग है। देश को डरा कर शासन करने की कोशिश कभी किसी ने नहीं की। अंग्रेजों ने भी नहीं कहा कि अगर हम चले जाएंगे तो तुम्हारी बेटियां छिन जाएंगी। तुम कटोगे। अंग्रेजो ने कहा कि तुम कानून व्यवस्था के तहत शासन नहीं करोगे। तो सत्तर साल बाद यह जरूर सच साबित हो रहा है। चर्चिल ने कहा था भारत की आजादी का विरोध करते हुए कि वहां के शासक लोगों को बांटेंगे। इंग्लेंड के प्रधानमंत्री रहे विंस्टन चर्चिल को शक था कि भारत में सत्ता बहुत खराब शब्द इस्तेमाल किया था उन्होंने दुष्ट हाथों में चली जाएगी। सत्ता के लिए वे कुछ भी कर गुजरेंगे। सत्तर साल तक हमारे नेताओं ने चर्चिल को गलत साबित करके रखा। मगर आज ?जिन के पास शासन है उन्हीं में से एक कह रहे हैं कि बेटी छिन जाएगी और दूसरे कटने कटाने का डर दिखा रहे हैं। आजाद भारत में तो किसी ने यह कभी नहीं कहा कि हमारी सरकार नहीं रहेगी तो ऐसा हो जाएगा। 1947 जी हां यही साल था जब भारत आजाद हुआ। नहीं तो कहा तो यह जाने लगा है कि भारत 2014 में आजाद हुआ। और प्रधानमंत्री मोदी ने तो खुद यहां तक कह दिया कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी। आज जो दस सवा दस साल तक के बच्चे हैं वे ही सिर्फ गर्व कर सकते हैं। बाकी उनके मां बाप सब शर्म को जीवन भर झेलने वाले हैं। तो अब मुकाबला डर से है। एक झूठ कि भेडिया आया! भेडिया आ जाएगा! पुरानी कहानी है। और अंत एक सही संदेश के साथ कि जब वास्तविक समस्या आई तो उसका शिकार गांव नहीं वह झूठ डराने वाला ही बना।

## धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था। राज्य सरकारों ने इसे त्वरित न्याय के साधन के तौर पर अपनाया और देखत ही देखते अपराधमुक्त समाज की चाहत रखने वालों की चहेती बन बैठीं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई की मानक प्रक्रिया बनाते हुए त्वरित न्याय के विकल्प या न्यायिक प्रक्रिया की घुमावदार गलियों को पूरी तरह नजरंदाज किया है। यही वजह है कि इस फैसले के बाद अपराधियों, गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों के उभार को लेकर समाज का एक बड़ा वर्ग सशंकित हो उठा है। देश की सबसे बड़ी अदालत होने के चलते सुप्रीम कोर्ट को इस सामाजिक सोच का भी संज्ञान लेना चाहिए और उसे भी आश्वस्त करना चाहिए कि उसके फैसले के बावजूद किसी गैंगस्टर, कोई अपराधी या समाज विरोधी तत्व को कमजोर तबके की जमीनों या सार्वजनिक संपत्तियों के अतिक्रमण का हक नहीं मिल जाता। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उत्तरी दिल्ली के एक मामले में दिया है। अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीर पुरी में रामनवमी के दिन निकले जुलूस पर एक मस्जिद और उस इलाके से जुलूस पर हुए पथराव और उससे उपजी हिंसा के जवाब में दिल्ली नगर निगम ने अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई को सांप्रदायिक कार्रवाई का रंग देते हुए सेकुलर धारा के दिग्गज वकीलों मसलन कपिल सिब्बल आदि ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। भले ही सुनवाई इसी मामले की होती रही, लेकिन संदेश ऐसा गया मानो उत्तर प्रदेश की सरकार की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई हो रही है। इसकी वजह यह रही कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने त्वरित न्याय के विकल्प के रूप में इसे अपनाया। तब उत्तर प्रदेश सरकार को लेकर यह छवि बनाई गई कि वह सिर्फ अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम तबकों के खिलाफ ही बुलडोजर कार्रवाई करती है। जबकि योगी सरकार ने बिरादरी से ब्राह्मण लेकिन कर्म से माफिया और गैंगस्टर विकास दुबे के खिलाफ भी इस कार्रवाई को किया। भदोही के बिरादरी से पंडित गैंगस्टर और राजनेता विजय मिश्रा की अतिक्रमित संपत्तियां भी उत्तर प्रदेश सरकार के निशाने पर रहीं। लेकिन प्रचारित सिर्फ अतीक, मुख्तार जैसे मुस्लिम दबंगों और माफियाओं की संपत्तियों के खिलाफ हुई कार्रवाई ही की जाती रहीं। इस बहाने त्वरित न्याय के इस सरकारी विकल्प को हिंदुत्ववादी राजनीतिक दर्शन का ना सिर्फ नतीजा बताया गया, बल्कि यह नैरेटिव स्थापित कर दिया गया। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आम लोगों के बीच संदेश यही गया है कि यह उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आया फैसला है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रचारित सिर्फ योगी सरकार रही, लेकिन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आंध्र, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि सरकारों ने भी की है। एक आंकड़े के मुताबिक, पिछले सात सालों में करीब 2000 अवैध अतिक्रमण बुलडोजर कार्रवाई में ढहाए गए।

# बाजारीकरण की भेंट चढ़े हमारे सामाजिक त्यौहार

**हिंदुस्तान त्योहारों का देश है। त्यौहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है।ह्व व्रत-त्यौहारों के दिन हम देवताओं का स्मरण करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं, जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी समाज में पहुँचता है। इसमें ही भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं।ह्व हमारे सामाजिक जीवन में कुछ ऐसे दिन आते हैं जिनसे मात्र एक व्यक्ति, या परिवार ही नहीं वरन पूरा समाज आनंदित और उल्लासित होता है। भारत को यदि पर्व-त्योहारों का देश कहा जाए तो उचित होगा।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**लेखक**

कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु-परिवर्तन हंसी-खुशी मनोरंजन के साथ अपना-अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्यौहार का समावेश किया गया है, जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव, पर्व-त्यौहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े-बड़े पर्व-त्यौहार आ जाते है, जैसे-होलिका-उत्सव, दीपावली, बसन्त, श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व-त्यौहार आते है, हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है, उसके गुणों, लीलाओं, पावन चरित्र, महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी, कृष्णाष्टमी, भीष्म-पंचमी, हनुमान-जयंती, नाग-पंचमी आदि त्यौहार रखे जा सकते हैं। यानि यहाँ हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान-सी बनती जा रही जिन्दगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएँ, रीति-रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्त्वपूर्ण हैं। सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक सम्बंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर गौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं। सामाजिक त्यौहार विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक बना सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे लोगों को एक साथ लाते हैं और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएँ बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्यौहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि हम त्यौहार सिर्फ. औपचारिकताएँ निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्यौहार के दिन न कोई छोटा और न कोई बड़ा। सब बराबर। लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्यौहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अँधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढियों के साथ हमारे त्यौहार भी विदा हो गये। हमारे पर्व त्यौहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूँ कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर समाज बंधु को अच्छा लगता है। इन मान्यताओं, परंपराओं और विचारों में हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनगिनत सरोकार छुपे हैं। जीवन के अनोखे रंग समेटे हमारे जीवन में रंग भरने वाली हमारी उत्सवधर्मिता की सोच मन में उमंग और उत्साह के नये प्रवाह को जन्म देती है। हमारा मन और जीवन दोनों ही उत्सवधर्मी है। हमारी उत्सवधर्मिता परिवार और समाज को एक सूत्र में बाँधती है। संगठित होकर जीना सिखाती है। सहभागिता और आपसी समन्वय की सौगात देती है। हमारे त्योहार, जो हम सबके जीवन को रंगों से सजाते हैं, सामाजिक त्यौहार एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं इनमे साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करना, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, वर्तमान समय में इनकी प्रासंगिकता का जहाँ तक प्रश्न है, व्रत-त्यौहारों के दिन हम उक्त देवता को याद करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दिखाई पड़ता है। इसमें भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं।ह्व पर्व त्यौहारों का भारतीय संस्कृति के विकास में अप्रतिम योगदान है। भारतीय संस्कृति में व्रत, पर्व-त्यौहार उत्सव, मेले आदि अपना विशेष महत्त्व रखते हैं। हिंदुओं के ही सबसे अधिक त्यौहार मनाये जाते हैं, कारण हिन्दू ऋषि-मुनियों के रूप में जीवन को सरस और सुन्दर बनाने की योजनाएँ रखी है। प्रत्येक पर्व-त्यौहार, व्रत, उत्सव, मेले आदि का एक गुप्त महत्त्व हैं। प्रत्येक के साथ भारतीय संस्कृति जुडी हुई है। वे विशेष विचार अथवा उद्देश्य को सामने रखकर निश्चित किये गये हैं। मूल्यों को पुनः प्रतिष्ठा के लिए मूल्यपरक शिक्षा की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया है।

# महाराष्ट्र नहीं अब मणिपुर की फिक्र कीजिये माई-बाप

**इससे पहले भी देश ने अरुणाचल, असम, नागालैंड में ऐसे ही दौर देखे हैं, लेकिन तत्कालीन सरकारों ने इन सभी समस्याओं को निबटाया। आज की सरकार तो मणिपुर के मामले में पूरी तरह से नाकाम हुई है। जम्मू-काश्मीर और केरल को लेकर कश्मीर फाइल और केरल फाइल जैसी फिल्में बनाने वाले विवेक अग्निहोत्री जैसे फिल्म निमार्ता मणिपुर का सच और सरकार की नाकामी पर फिल्म बनाने का साहस जुटा नहीं पा रहे हैं। देश कि सांसद 25 नवंबर से फिर बैठने वाली ह। देखना है कि सरकार किस मुंह से इस सांसद में मणिपुर को लेकर बोलती है?**





**राकेश अचल**
**लेखक**

हे ईश्वर ! आप भाजपा को बिना किसी अवरोध के झारखण्ड और महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जितवा दीजिये ताकि केंद्र की सरकार इन दोनों राज्यों की फिक्र छोड़कर डेढ़ साल से भस्मीभूत हो रहे मणिपुर को राख होने से बचा सके। मणिपुर में हालात जम्मू- काश्मीर से भी ज्यादा भयावह और अकल्पनीय हो चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गत गुरुवार 14 नवंबर, को मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के मद्देनजर पांच जिलों में छह पुलिस थानों की सीमाओं को अशांत क्षेत्र घोषित करते हुए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए) को फिर से लागू कर दिया है। केंद्र की मशीनरी वोट पाने के लिए महाराष्ट्र में गड़े मुर्दे उखाड़ रही है तो झारखण्ड के आदिवासियों को खुश करने के लिए दिल्ली में सूफी संत काले खान के नाम पर बनी सराय पर बिरसा मुंडा का नाम चस्पा कर रही है। चुनाव जीतने के लिए केंद्र को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हैलीकाप्टर से उड़ने की इजाजत नहीं दी जा रही है, तो धड़ाधड़ ईडी के छापों के जरिये मतदाताओं को हड़काने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मणिपुर की फिक्र किसी को नहीं है। जम्मू-कश्मीर की फिक्र वहां विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा पहले ही छोड़ चुकी है। महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनावी शोरगुल में मणिपुर की आग और वहां की जनता की चीख-पुकार किसी को सुनाई ही नहीं दे रही। अब तो ऐसा लगने लगा है कि मणिपुर इस देश का हिस्सा है ही नहीं और यदि है तो ठीक वैसे ही है जैसे किसी जमाने में रूस में साइबेरिया होता था। आपको बता दें कि जो सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए )मणिपुर में लागू किया गया है वो सशस्त्र बलों को बेलगाम शक्ति देता है, स्थानीय जनता शुरू से इस अधिनियम के खिलाफ रही है। जहां तक मुझे याद है कि अप्रैल 2022 में मणिपुर सरकार की ओर से बेहतर सुरक्षा स्थिति और आम जनता के बीच सुरक्षा की बड़ी भावना के बीच इन क्षेत्रों से हटा लिया गया था. अब स्थिति बिगड़ने पर इसे फिर से लागू किया गया है. नया आदेश 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगा। पता नहीं क्यों देश के प्रधानमंत्री मणिपुर जाने से कतरा रहे है। उन्हें दरअसल चुनावों से ही फुरसत कहाँ मिल रही है? पहले जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव, फिर महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव और इनसे फारिग होते ही बिहार और दिल्ली विधानसभा के चुनावों में उन्हें लगना है। हमारी सरकार ये हकीकत समझने के लिए तैयार ही नहीं है कि मणिपुर को सशत्र बलों की नहीं बल्कि उन नारेबाजों कि जरूरत है जो इस समय महाराष्ट्र और झारखण्ड में बंटोगे तो काटोगे या एक रहोगे तो सेफ रहोगे का आव्हान करते घूम रहे हैं। मणिपुर की तरह महाराष्ट्र और झारखण्ड में सुरक्षा इतनी बड़ी समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के अग्निमुखी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में यदि जरा भी साहस है, विवेक है, बुद्धि है तो उन्हें तत्काल महाराष्ट्र और झारखण्ड कि चिंता छोड़कर मणिपुर कूच करना चाहिए। महाराष्ट्र और झारखण्ड में नेताओं के आगे-पीछे घूमने वाला मीडिया भी प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ की तरह मणिपुर जाने से घबड़ाता है। हमारा बहादुर मीडिया यूक्रेन युद्ध कव्हर करने जा सकता है। अमेरिका के रष्ट्रपति चुनाव का कव्हरेज करने जा सकता है, इजराइल-लेबनान युद्ध दिखने जा सकता है, लेकिन मणिपुर नहीं जा सकत। हिमत ही नहीं है किसी में। आपको किसी टीवी चैनल ने शायद ही ये खबर दी हो कि मणिपुर के जिरीबाम जिले में पांच दिन पहले 11 नवंबर को सैनिकों की वर्दी पहनकर आए उग्रवादियों ने एक पुलिस थाने और निकटवर्ती सीआरपीएफ शिविर पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए थे। इस एनकाउंटर के अगले दिन यानी 12 नवंबर को सशस्त्र आतंकवादियों ने जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों को अगवा कर लिया। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव और बढ़ गया है। 7 नवंबर से शुरू हुई हिंसा में कम से कम 14 लोग मारे गए हैं, जिनमें तीन पुरुष और महिलाएं शामिल है। हारकर हालात बिगड़ते देख केंद्र सरकार ने यहाँ पुराना कानून लागू करने का फैसला किय। सवाल ये है कि सरकार मणिपुर को लेकर जो नीति अपना रही है उससे क्या मणिपुर की हिंसा समाप्त हो जाएगी ? मणिपुर 3 मई 2023 से हिंसा की आग में जल रहा है। यानि मणिपुर को जलते हुए पूरे 18 महीने हो चुके हैं। इस हिंसा की वजह से करीब 50 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। कुकी और मैतेई के बीच चल रहे इस जातीय संघर्ष में अब तक 200से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन देश के प्रधनमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को एक दिन के लिए भी मणिपुर जाने की फुरसत नहीं मिली, हालाँकि इस बीच वे तीसरी बार सत्ता में भी आ गए। दो बार रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए विदेश दौरे भी कर आये। लोकसभा में विपक्ष के नेता जब इस पद पर नहीं थे तब भी दो बार मणिपुर गए लेकिन उनके हाथ में सिवाय पीड़ितों के प्रति संवेदना जताने के कुछ था ही नही। हाँ उनके पास वो साहस जरूर था जिसका नितांत अभाव महाबली प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी और देश के गृहमंत्री श्रीमान अमित शाह जी में बहुत ज्यादा है। तकलीफ इस बात से भी है कि केंद्र मणिपुर की नाकारा सरकार को अभयदान देकर बैठी है सो अलग। केंद्र करे भी तो क्या करे सूबे की सरकार उसकी अपनी जो है। भारत में पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति कोई नया मामला है।

# ट्रंप की नीतियां हिंदुओं पर सर्वाधिक भारी

हरिशंकर व्यास

दुनिया के अधिकतर सभ्य, विकसित और लोकतांत्रिक देशों में जिस एक कौम को सबसे ज्यादा सम्मान और प्रेम के साथ स्वीकार किया जा रहा था, जिसे कोई दूसरी कौम अपने लिए खतरे की तरह नहीं देखती थी वह हिंदू कौम थी। लेकिन पिछले 10 साल में क्या हुआ है? पूरी दुनिया में हिंदुओं के प्रति घृणा बढ़ी है। उनके खिलाफ हेट स्पीच बढ़े हैं और उनको निशान बनाने की घटनाएं बढ़ी हैं। अमेरिका में, जहां लगभग 45 लाख भारतीय आबादी बताई जाती है, और जिसमें अधिकांश हिंदू हैं वहां भी हिंदुओं का जीवन मुश्किल हुआ है। भारत में चल रही जातीय व धार्मिक बहस वहां तक जा पहुंची है। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट में जातिगत भेदभाव को रोकने का विधेयक लाया गया था। यह विशुद्ध रूप से भारत को निशाना बनाने वाला विधेयक था। इसकी शुरूआत अमेरिका की टेक्नोलॉजी कंपनी सिस्को और उसके दो इंजीनियरों के खिलाफ एक भारतीय नागरिक के साथ जाति के आधार पर भेदभाव करने के मामले से हुई थी। इस मुकदमे के आधार पर जातिगत भेदभाव रोकने का बिल आया। इसके खिलाफ कैलिफोर्निया के हिंदू समूहों ने प्रदर्शन भी किया। इसके बावजूद राज्य विधानसभा से यह बिल पास हो गया। बाद में कोलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने इसे वीटो करके रोक दिया। हालांकि इसके बावजूद पूरे अमेरिका में इसकी व्यापक कवरेज हुई, जिसमें हिंदू समाज निशाने पर था। चौतरफा बदनामी हुई। भले कारोबारी स्तर पर हिंदुओं की पूछ बढ़ी है लेकिन एक समाज और संस्कृति के तौर पर उनकी बदनामी हुई है। चाहे जाति का मामला हो, भारत में धर्म के आधार पर होने वाले विभाजन का मामला हो या खालिस्तान का मामला हो हर बार अमेरिका में हिंदू निशाने पर आए। कट्टरपंथी गोरों के साथ साथ अपने ही देश के सिख और दूसरे कई देशों के मुस्लिम उनको दुश्मन की तरह देखने लगे। आने वाले दिनों में हिंदुओं की मुश्किल और बढने. वाली है क्योंकि राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप जो नीतिगत फैसले करने वाले हैं उनमें से कई फैसलों का शिकार हिंदू होंगे। ट्रंप नागरिकता देने वाले कानून में बदलाव करेंगे, और केवल ग्रीन कार्डधारक के बच्चों को ही जन्म से तब नागरिकता मिलेगी। इसका नुकसान 10 लाख भारतीयों को होने वाला है। अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए ट्रंप सख्त कानून ला रहे हैं तो पहले से रह रहे अवैध प्रवासियों को निकालने के लिए दो सौ साल से ज्यादा पुराने कानून का सहारा लेंगे। इस कानून के तहत सरकार 14 साल से ज्यादा उम्र के किसी भी व्यक्ति को अवैध प्रवासन के आधार पर देश से निकाल सकती है। इसका भी नुकसान भारतीय हिंदुओं को अधिक होगा। सोचें, अच्छे दिन की उम्मीद में 2014 में भारत के हिंदुओं ने जो सरकार बनाई थी उसका क्या हासिल है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात से सबसे बड़ी संख्या में हिंदू भाग रहे हैं। वे अमेरिका, कनाडा जा रहे हैं। गुजरात और पंजाब से लोग जहाज भर कर लैटिन अमेरिकी देशों में जाते हैं और वहां से डंकी रूट से कनाडा और अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रयास में इस साल अभी तक एक सौ भारतीय नागरिक मरे हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हर घंटे अमेरिका की सीमा पर 10 भारतीय अवैध रूप से अमेरिका में घुसने की कोशिश में पकड़े जा रहे है, इनमें पांच गुजराती होते हैं। इस साल अब तक 90 हजार से ज्यादा लोग पकड़े जा चुके हैं। अमेरिका में अवैध प्रवासियों को पकडने. और निकालने का अभियान जोर पकड़ेगा, तो मेक्सिको के नागरिकों के बाद सबसे बड़ा शिकार हिंदू होंगे। अमेरिका हो या कनाडा दोनों जगह हिंदू पीटे जा रहे हैं, अपमानित हो रहे हैं और निकाले जा रहे हैं। सोचें, 10 साल में कहां से कहां पहुंच गए! 10 साल पहले इस तरह से देश के अमीर, गरीब और मध्य वर्ग के लोग भागते हुए नहीं थे। उनमें देश छोड़ कर दूसरे देश की नागरिकता लेने की होड़ नहीं मची थी। लेकिन पिछले 10 साल में 12 लाख से ज्यादा लोग भारत की नागरिकता छोड़ कर दूसरे देश की नागरिकता ले चुके हैं। सवाल है कि 10 साल में देश में ऐसा क्या हो गया, जिसकी वजह से लोग देश छोड़ कर भागना चाह रहे हैं? या तो वे बेहतर जीवन की तलाश में जा रहे हैं या अपनी और अपने बच्चों के भविष्य और उनकी सुरक्षा की चिंता से जा रहे है ?भारत में ट्रंप की जीत की खुशी मनाई जा रही है ।

## संक्षिप्त खबरें

### कई लोगों ने नामांकन भरा

प्रातः किरण, संवाददाता

परसा । परसा प्रखंड के आठ पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर पहला दिन पांच उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया जिसमें पचरुखी पैक्स से दो,बनोता से एक,पचरुखी से दो, मारर से एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन किया है। सगुनी और अंजनी , पचलख,चंदपुरा पैक्स से एक भी नामांकन पर्चा प्रथम दिन दाखिल नही किया गया वही पैक्सो मे प्रबंधन समिति के लिए कुल 18 प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।अध्यक्ष पद के लिए पचरुखी पैक्स से अरुण कुमार सिंह प्रत्याशी के रूप में शामिल है मालूम हो कि परसा प्रखंड मे पहले चरण मे होने वाले पैक्स चुनाव के लिए16 नवंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुइ है जो19नवम्बर सोमवार तक होगी ।निवार्ची पदाधिकारी सह बीड- ीओ राकेश कुमार ने बताया कि काफी सुरक्षा व्यवस्था के साथ नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गइ है ।आठ पंचायत के लिए अलग अलग काउंटर बनाया गया है ताकि नामांकन में कोई परेशानी न हो वही सुरक्षा ब्यवस्था बनाए रखने के लिए मकेर पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी मुख्य गेट पर मौजूद थे एवं प्रत्याशियों का फॉर्म जांच करें अंदर प्रवेश करा रहे थे ।

### इसुआपुर में नामांकन के अंतिम दिन 15 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड में हो रहे पैक्स चुनाव के द्वितीय चरण के अंतिम दिन शनिवार को प्रखंड में 15 उम्मीदवारों ने नामजदगी के पर्चे भरे। जिसमें रामपुर अटौली पंचायत से अनीता देवी और सविता देवी,आता नगर पंचायत से उर्मिला देवी और रविकेश कुमार सिंह, रामचौरा पंचायत से अजय कुमार सिंह, इसुआपुर पंचायत से गुड्डू कुमार सिंह, अगौथर सुंदर पंचायत से कृष्ण कुमार पांडेय, छपियां पंचायत से हरीकिशोर प्रसाद यादव और सुनीता देवी, केरवां पंचायत से अंजू दवी तथा कामेश्वर प्रसाद, रामचौरा पंचायत से उषा देवी, जयथर पंचायत से राजेश कमार राय, अगौथर सुंदर पंचायत से गीता देवी, डटरा पुरसौली पंचायत से अदालत राय, समेत 15 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद से 72 उम्मीदवारों ने नामजदगी के पर्चे भरे।

### डोरीगंज थानाध्यक्ष के सतर्कता से टला बड़ा हादसा

प्रातः किरण, संवाददाता

डोरीगंज :थानाक्षेत्र के आरा छपरा बृज पर शुक्रवार की रात्री डोरीगंज थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार की सक्रियता से एक बड़ी घटना होने से बच गई। घटना के संबंध मे जानकारी के अनुसार वाराणसी से आरा जा रही गैस से भरी बडी टैंकर मे आरा छपरा बृज के दक्षिण साइट पहुंची कि टैंकर से गैस का रिसाव होने लगी चुकी बृज पर वाहनो की लाइन लंबी थी इसलिए गैस की महक से बृज पर हलचल होने लगी । इसकी सुचना किसी ने थानाध्यक्ष को भी दी ।सुचना मिलते ही डोरीगंज थानाध्यक्ष घटनास्थल पर अग्निशमन वाहन के साथ पहुंच तुरंत सेफ्टी आफिसर को फोन पर सुचना दी और मामले गंभीरता देख सेफ्टी आफिसर घटनास्थल पर पहुंच लिकेज को बंद कर बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया। इस कार्य मे एएसआई अमित कुमार तथा अग्निशमन कर्मी भी मौजूद थे।

इस संबंध मे थानाध्यक्ष ने बताया कि वाराणसी से गैस से भरी बड़ी टैंकर आरा के गिरा प्लांट मे जा रही थी अचानक बृज पर गैस लिकेज होने लगी जिसे सेफ्टी आफिसर द्वारा लिकेज बंद कराया गया।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशाल दंगल कुश्ती का हुआ आयोजन

रक्सौल। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशाल दंगल कुश्ती का आयोजन ग्राम गाद बहुअरी-तिरमुहानी पर हुआ। जिसकी विधिवत शुरूआत संयुक्त रूप से रक्सौल महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव, जिला परिषद पति मंजू साह, मुखिया पति शेख गुड्डू, पूर्व मुखिया संजय पांडे, राजद से सैफुल आजम, रवि मस्करा, शेख बेचू एवं सुनील कुशवाहा ने फीता काटकर किया। श्री यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बरसों से दंगल कुश्ती का आयोजन होता है। यह दंगल कुश्ती मेला हिंदू का पर्व है, सनातन धर्म मानने वाले लोगों का है, लेकिन इसकी विधि- व्यवस्था सारा चीज मुस्लिम समुदाय के लोग करते हैं। मौके पर मेला समिति के शेख नूर होदा, रॉबिन यादव, शेख गद्दी, राजद के राजेश शाह, पूर्व मुखिया बृजकिशोर प्रसाद, लखविंदर पटेल, मजरुल गादी, सौररंजन कुमार, नवीन कुमार अमरूलह अंसारी, किसान सेल के अवधेश यादव आदि थे।

# समाज का सबसे बड़ा आईना है पत्रकारिता : अपर समाहर्ता

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समाहरणालय सभाकक्ष में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**■ जिला प्रशासन की ओर से सभी मीडिया प्रतिनिधिगणों को दी गयी बधाई और शुभकामनाएं**

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(मोहन सिंह)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के तत्वाधान में कार्यक्रम/संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री, परीक्ष्यमान वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मिश्र, मोहन सिंह,डॉ अमानुल हक द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम/संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्रेस का बदलता स्वरूप (चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस) विषय पर आयोजित परिचर्चा में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधिगणों ने अपने-अपने मंतव्य दिए। मीडिया प्रतिनिधि अजय कुमार मिश्र, मोहन सिंह, डॉ0 अमानुल हक, ब्रजभूषण कुमार, संजय कुमार राव,नीरज कुमार मिश्रा, मनीष पोद्दार,शकील अहमद,दिलशाद अहमद, सत्यम सिंघानिया सहित अन्य मीडिया प्रतिनिधिगणों ने चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर अपनी बात रखी। इस दौरान मीडिया ट्रायल, आर्टिफिशियल एंटलीजेंस आदि विषयों पर विस्तृत परिचर्चा हुई।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह द्वारा जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित मीडिया प्रतिनिधिगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि समाज का सबसे बड़ा आईना है पत्रकारिता। समाज की अच्छाईयों, बुराईयों का प्रतिबिंब है पत्रकारिता। समाज में हुए बदलाव में पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज के हर व्यक्ति तक मीडिया की पहुंच है। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रतिनिधिगण इस जिले में पत्रकारिता को नये आयाम तक ले जाएं।

वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री ने उपस्थित सभी मीडिया प्रतिनिधिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# खनन माफियाओं के अवैध खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान, प्रशासन मौन

## अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है अवैध खनन का कारोबार

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर मानक क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है,जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। बतादूँ की यह अवैध खनन वीटीआर सेफ जोन मानक क्षेत्र स्थित कोटरहां, हवाई अड्डा,हाइड्रल पावर हाउस के आसपास करीब 5 से 7 जगहों पर अवैध खनन किया जा रहा है। खनन कर माफियाओं द्वारा बालू और खनन से निकाले गए पत्थरों को निकासी कर भंडारण किया जा रहा है। बतातें चलें कि यह सारा गोरखधंधा रात के अंधेरे में हो रहा है। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ पर जहां प्रशासन की गशती गाड़ी दौड़ती रहती है उसी एक मात्र रास्ते से अंधेरे का लाभ उठाकर पुलिस को चकमा देकर गंतब्य स्थान तक अवैध खनन सामग्री पहुंचाई जाती है।खनन अधिकारी चौधरी सूर्य मणि भाई पटेल ने वाल्मीकिनगर में हो रहे अवैध खनन के बाबत बताया कि जानकारी इक्कट्ठा की जा रही है इस कार्य मे लिप्त किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन पर पैनी नजर है धंधेबाज को चिन्हित किया जा रहा है और अवैध खनन के विरुद्ध खनन अधिनियम के अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाई की जाएगी।

गोया की अब यह समझने की जरूरत है कि यह अवैध खनन एक रात या एक दिन की बात नहीं है बल्कि गत कई महीनों से चल रहा है।इसके बावजूद वन विभाग,एसएसबी,खनन विभाग और पुलिस प्रशासन को इसकी खबर नहीं हो यह आश्चर्यजनक व अविश्वसनीय मामला है। इसकी जांच होनी चाहिए और धंधे में लिप्त माफियाओं को चिन्हित कर कानून संगत कार्यवाई होनी चाहिए। क्योंकि की अवैध खनन से सरकार को रॉयल्टी की क्षति तो हो ही रही है साथ ही साथ पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सोनपुर मेला मीडिया सेंटर में परिचर्चा का आयोजन

**■ चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर जिला एवं सोनपुर के मीडिया बंधुओं ने व्यक्त किये अपने विचार**

प्रातः किरण, संवाददाता



सारण कार्यालय। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आज सोनपुर मेला क्षेत्र स्थित मीडिया सेंटर में ह्लचेंजिंग नेचर ऑफ प्रेसह्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस अयोजन में जिला एवं सोनपुर के वरिष्ठ पत्रकारों ने उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सबों ने बदलते परिवेश एवं तकनीकी विकास के अनुसार पत्रकारिता में आये बदलाव के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही सोनपुर मेला के स्वरूप में आये बदलाव पर भी चर्चा की गई। इस मेला के गौरव को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसे सकारात्मक सोंच के साथ आगे भी जारी रखने का संकल्प सभी मीडिया बंधुओं ने लिया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण ने सभी मीडिया बंधुओं का स्वागत करते हुये बताया कि इस वर्ष प्रेस दिवस के अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद द्वारा परिचर्चा का विषय ह्लचेंजिंग नेचर ऑफ प्रेसह्व निर्धारित किया गया है। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ सिंह, शंकर सिंह, नंदकिशोर शर्मा, आकाशवाणी संवाददाता पवन कुमार सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एसपी सिंह, विपिन कुमार सिंह, दामोदर सिंह, संजीत कुमार, गोपाल सहनी सहित अन्य मीडिया बंधु उपस्थित थे।

# पांच चरणों में होने वाले पैक्स चुनाव को ले सरगर्मी जोरों पर, फर्स्ट फेस का मतदान 26 नवंबर को

**■ प्रशासनिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं**

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । जिला में पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी जोरों पर चल रही है, 20 प्रखंडों में होने वाले पैक्स चुनाव पांच चरणों में संपन्न होगा, प्रशासनिक तैयारी भी पूरी कर ली गई है ' प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच चरणों में होने वाले पैक्स चुनाव के प्रथम चरण में मढ़ोरा, अमनौर, तरैया,मकेर एवं लहलहादपुर में होगा ' इन प्रखंडों में नामांकन पत्रों की जांच का आज अंतिम दिन है ' नामांकन पत्रों की वापसी तथा सिंबल वितरण 19 नवंबर को होगा, मतदान 26 नवंबर तथा मत पत्रों की गिनती 26,27 नवंबर को होगा ' इसी तरह द्वितीय चरण के चुनाव में इसुआपुर,मशरक, पानापुर,गरखा तथा रिविलगंज प्रखंड शामिल है ' इन प्रखंडों में भी नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है, 17 एवं 18 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, तथा आगामी 20 नवंबर को नामांकन पत्र वापसी के साथ ही प्रतीक चिन्ह आवंटन होगा ' जबकि मतदान 27 नंबर एवं मतगणना 27 एवं 28 नवंबर को होगा ' जिला सहकारिता कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तीसरा चरण में सोनपुर,दरियापुर, परसा एवं बनियापुर प्रखंड में पैक्स चुनाव होगा ' इसके लिए नामांकन पत्र दाखिल 18 नवंबर तक किया जाएगा , नामांकन पत्रों की जांच 19 नवंबर को होगा, नाम वापसी 22 नवंबर तथा मतदान 29 नवंबर एवं मतगणना 29, 30 नवंबर को होगी ' जबकि चौथे चरण का पैक्स चुनाव मांझी,एकमा, जलालपुर एवं नगरा प्रखंड में होना है, इसके लिए नामांकन पर दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर है ' जबकि नामांकन पत्रों की जांच 20 एवं 21 नवंबर की होगी ' 23 नवंबर को नाम वापस लेने के साथ ही प्रतीक चिह्न आवंटित हो जाएगा ' आगामी 1 दिसंबर को मतदान एवं मतगणना 1,2 दिसंबर को होगी ।

जबकि पांचवा और अंतिम चरण का मतदान छपरा सदर एवं दिघवारा प्रखंड में संपन्न होगा, इसके लिए अभ्यर्थी 21 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे,नामांकन पत्रों की समीक्षा 22 एवं 23 नवंबर को होगी ' नाम वापसी के साथ ही 26 नवंबर को प्रतीक चिन्ह आवंटित होगा ' आगामी 3 दिसंबर को मतदान एवं तीन, चार दिसंबर को मतगणना होगी ' मिली जानकारी के अनुसार मतदान में वोटो की संख्या के आधार पर मतगणना के लिए टेबल लगाया जायगा ' कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना होगी ' तृतीय चतुर्थ एवं पांचवें चरण पैक्स के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार अपना और अपने समर्थक प्रस्तावक के कागजी प्रक्रिया ठीक कराने में लगे हुए हैं ।

पैक्स चुनाव को लेकर जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए जोड़ -तोड़ की प्रक्रिया जोरों से चल रही है ' पैक्स चुनाव में पुराने चेहरे के अलावा नए चेहरे भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं ' पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है ' अब देखना है कि पैक्स चुनाव में कितने पुराने चेह- रे, और कितने नए चेहरे जीत कर आ रहे हैं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा ' फिलहाल प्रत्याशी अपनी अपनी जीत को सुनिश्चित को लेकर वोटो की जुगाड़ में लगे हुए हैं ।

# 26 लाख के ब्राऊन शुगर, चरस एवं नशीले सिरप के साथ एक गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता



रक्सौल। पुलिस कप्तान एसपी स्वर्ण प्रभात के निदेर्शानुसार रक्सौल पुलिस एवं उसकी एएलटीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। कार्रवाई में लगभग 26 लाख रुपये के मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित युवक कथित तस्कर नेपाल निवासी राज हुसैन बताया जा रहा है। उक्त छापेमारी का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व ने किया। उक्त छापेमारी रक्सौल थाना क्षेत्र के सैनिक रोड, कोईरिया टोला के पास की गई, जहां से 1 किलो 500 ग्राम चरस, 100 ग्राम ब्राउन शुगर, 22 पीस कोरेक्स सिरप, 32 पीस कोरेक्स सिरप के उपयोग किए गए डब्बे, एक नेपाली मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई हैं।गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल के पर्सा जिला अंतर्गत वीरगंज महानगरपालिका क्षेत्र के मुरली निवासी राज हुसैन के रूप में हुई है। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुल कीमत लगभग 26 लाख रुपये आंकी गई है। इस संबंध में रक्सौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी में एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार के साथ अपर थानाध्यक्ष सह अवर पुलिस निरीक्षक एकता सागर, परि. अवर पुलिस निरीक्षक सह एएलटीएफ प्रभारी प्रभात कुमार एवं परि. अवर पुलिस निरीक्षक नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

# गोदना सेमरिया मेला सेवा शिविर से वापस लौटे स्काउट और गाइड

प्रातः किरण, संवाददाता

गोदना सेमरिया मेला में जिला प्रशासन सारण के द्वारा लगाए गए दो दिवसीय सेवा शिविर में भारत स्काउट और गाइड सारण के सैकड़ों स्काउट गा- इड रोवर रेंजर और स्काउट मास्टरों ने मेला में विभिन्न स्थानों पर अपना सेवा कार्य किया । भारत स्का- उट और गाइड बिहार राज्य के प्रभारी राज्य संगठन आयुक्त सह जिला संगठन आयुक्त स्काउट सारण आलोक रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन सारण द्वारा हर साल मेला में सेवा कार्य हेतु स्काउट और गाइड को बुलाया जाता है जिसमें श्री नाथबाबा मंदिर,श्री नाथबाबा घाट और मेला के मुख्य पंडाल के पास भीड़ नियंत्रण के साथ साथ श्रीनाथ बाबा मंदिर में पूजा पाठ करने वाले श्रद्धालुओं को मददत किया जाता है वही घाट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को हर प्रकार से मददत किया जाता है ताकि उनको कोई तकलीफ न हो । स्काउट गाइड द्वारा मेला में कई श्रद्धालुओं के गहना चोरी, मोबाइल और पर्स की चोरी का भी विशेष ध्यान दिया जाता है ।

भारत स्काउट और गाइड सारण के कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय शिविर में भाग लेकर जिले का नाम रौशन कर चुके रोवर अभिषेक शर्मा ने बताया कि गोदना सेमरिया में काफी ऐतिहासिक है महर्षि श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है गौतम ऋषि क्षेत्र से जाना जाता है इसी क्षेत्र में माता अहिल्या का उधार श्रीराम चंद्र ने किया था हनुमान जी के ननिहाल भी यही है जिसके कारण यहां लाखों की संख्या में बिहार, उतर प्रदेश, नेपाल के अलावे अन्य राज्यों से श्रद्धालु गंगा तथा सरयू नदी के संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त करने के उद्देश्य से आते है जिसके कारण श्रीनाथ बाबा मंदिर के पास भीड़ बहुत ज्यादा होती है इस भीड़ को नियंत्रण करने के लिए भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों को सेवा कार्य हेतु लगाया जाता है । आगे उन्होंने बताया कि स्काउट और गाइड द्वारा मेले में गुम होने वाले छोटे बच्चों को उनके परिजन से मिलवाना, कंट्रोल रूम से श्रद्धालुओं को स्नान करने हेतु आवश्यक सुरक्षा दिशा निर्देश की जानकारी को बताने हेतु एनाउंस करना, एक दूसरे से बिछड़ने वाले श्रद्धालुओं को मददत करना, बुजुर्ग श्रद्धालुओं को मंदिर की सीढ़ी चढ़ने में सहायता करना जैसे अनेकों कार्य स्काउट और गाइड द्वारा किया जाता है । इस सेवा शिविर में शि- विर प्रधान हिमालय उड बैज योग्यता धारी स्काउट मास्टर जयप्रकाश सिंह, शिविर सहायक प्रधान अभिषेक शर्मा, विशाल कुमार, आशीष रंजन, ज्योति भूषण कुमार सीनियर स्काउट और रोवर विकाश कुमार, विपुल मिश्रा, रोशन कुमार बैठा, सन्नी कुमार, सोनू कुमार, अमित कुमार, ऋषि ब्याहुत, दृष्टि कुमारी, अनुष्का कुमारी, दीपू कुमारी, अनु कुमारी, खुशी कुमारी, रोशन इत्यादि की इस शिविर को सफलता पूर्वक संचालित करने प्रमुख योगदान रहे । शिविर को सफलता पूर्वक अनुमंडल पदाधिकारी और नगर पंचायत रिविलगंज के अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण की भरपूर सहयोग की बदौलत संचालित किया जा सका ।

# सन राइज सेकेंडरी स्कूल का 27 वां वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

## बाल मेला और प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के सन राइज सेकेंडरी स्कूल का 27 वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा बाल मेला समेत प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बगहा एसपीओ कुमार देवेंद्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ होमगार्ड के जिला कमांडेंट अनिल कुमार भी मौजूद थे। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अलग अलग संस्कृति,भेष भूषा से ओतप्रोत नृत्य और संगीत पेश कर अभिभावकों का मन मोह लिया। बतादें कि उक्त विद्यालय का बगहा में दो ब्रांच है जिसमें औसानी ब्रांच में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बगहा में सीबीएससी से गिने चुने स्कूल रजिस्टर्ड हैं जिसमें सन राइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी शामिल हैं।

# सारण में शून्य से 5 वर्ष तक 5 लाख 64 हजार से अधिक बच्चों को पिलायी जायेगी जिंदगी की दो बूंद

छपरा। जिले में 17 से 21 नवंबर तक पल्स पोलियो अभियान का स्पेशल चक्र चलेगा। अभियान के क्रम में 0 से 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। अभियान के प्रति जागरूकता के लिए सदर अस्पताल के एएनएम स्कूल छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. चंदेश्वर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर डीआईओ ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ व सेहतमंद जिंदगी के लिए पोलियो की दवा का पिलाना जरूरी है। पोलियो किसी बच्चे की स्थाई अपंगता का कारण बन सकता है। दो बूंद पोलियो की दवा से बच्चों के जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। इसलिए अभिभावक अपने पांच साल तक के बच्चों को दी का सेवन जरूर करायें। जो इस लाइलाज बीमारी से बचाव का एकमात्र जरिया है। इस दौरान छात्राओं ने रैली के माध्यम से शहर के लोगों को पोलियो से बचाव की जानकारी, तथा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. चंदेश्वर सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. रंजितेश कुमार, यूनिसेफ के एसएमसी आरती त्रिपाठी, अंशुमन पांडेय, शक्ति कुमार, रवि कुमार, निरंजन कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. रंजितेश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा इस अभियान से छूटने न पाए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीम घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएगी। सार्वजनिक स्थानों रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर भी टीम तैनात रहेगी. जिससे बाहर से आने वाले बच्चों को भी दवा दी जा सके। पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो जीवनभर का अभिशाप बन सकती है। इस अभियान में हर व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है, ताकि हमारे जिले में पोलियो का खतरा हमेशा के लिए खत्म हो सके। उन्होंने कहा कि माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाना सुनिश्चित करना चाहिए।

# 13 उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष पद का नामकंन का पर्चा

प्रातः किरण, संवाददाता

परसा । परसा प्रखंड के आठ पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर पहला दिन 13 उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया जिसमें पचरुखी पैक्स से एक, शामिल है। सगुनी और अंजनी , पचलख पैक्स से एक भी नामांकन पर्चा प्रथम दिन दाखिल नही किया गया वही पैक्सो मे प्रबंधन समिति के लिए कुल 22 प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

अध्यक्ष पद के लिए पचरुखी पैक्स से अरुण कुमार सिंह प्रत्याशी के रूप में शामिल है मालूम हो कि परसा प्रखंड मे पहले चरण मे होने वाले पैक्स चुनाव के लिए16 नवंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुइ है जो19नवम्बर सोमवार तक होगी । निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि काफी सुरक्षा व्यवस्था के साथ नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गइ है आठ पंचायत के लिए अलग अलग आठ काउंटर बनाया गया है ताकि नामांकन में कोई परेशानी न हो वही सुरक्षा ब्यवस्था बनाए रखने के लिए मकेर पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी मुख्य गेट पर मौजूद थे एवं प्रत्याशियों का फॉर्म जांच करें अंदर प्रवेश करा रहे थे ।

# देव दीपावली पर जगमग हुआ रक्सौल का सूर्य मंदिर

**■ 2100 दीये जलाये गये, भव्य दीपोत्सव से दिखा अदभूत नजारा**

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के उपलक्ष्य पर रक्सौल का धरोहर सूर्य मंदिर में पूरे भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सूर्य मंदिर के सहायक पुजारी बाबा चरण दास के संयोजन में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर बाबा चरण दास ने देव दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुराणों के अनुसार भगवान शिव ने तीन असुरों से देवताओं को मुक्ति कार्तिक पूर्णिमा को प्रदोष काल में.दिलायी थी। इसी विजय की खुशी में देवताओं ने शिवनगरी काशी से लेकर स्वर्ग तक दीप जलाकर देव दीपावली मनायी गयी, तब से यह परम्परा चली आ रही है। इस दिन देवता प्रकाश के प्रतीक दीप जलाकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। इस मौके पर उपस्थित समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि देव दीपावली पर देवताओं का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। साथ ही जीवन में सदा प्रकाश फैलाने का संदेश देता है तथा इस संदेश को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरुरत है।

वहीं द्वय पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि आज मंदिर परिसर में 2100 दीये जला दीपोत्सव का आयोजन नगरवासियों की सुख, समृद्धि एवं उत्तम आरोग्य की कामना की गयी।

# महर्षी दधिचि आश्रम उमानाथ मंदिर परिसर में देव दीपावली के शाम हजारों दीप से हुआ जगमग :पुरोहित

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। देव दीपावली के शुभ अवसर पर छपरा शहर के मध्य में स्थित महर्षी दधिचि आश्रम उमानाथ मंदिर परिसर में हजारों दीप प्रज्वलित कर पूरे मंदिर परिसर को जगमग किया गया। धर्मनाथ मंदिर बाबा बटुकेश्वर नाथ पंच मंदिर दौलतगंज दाऊजी का मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर सत्यनारायण मंदिर गुदरी राय चौक सांवलिया जी का मंदिर अन्नपूर्णा मंदिर शाह बनवारी लाल पंच मंदिर गुदरी बाजार,दुर्गा मंदिर गुदरी बाजार, कैंट की देवी जी वेंकटेश मंदिर जैन मंदिर बाबा मनोकामना नाथ मंदिर शीतल जी का मंदिर हनुमान मंदिर,शिव मंदिर अस्पताल चौक, मनी नाथ मंदिर नई बाजार अडबड नाथ मंदिर, मारुति मानस मंदिर तपोवन मंदिर शाकंभरी माता मंदिर रामराज चौक शिव मंदिर पंकज सिनेमा शिव पार्वती मंदिर साहिबगंज चौक शिव मंदिर हनुमान मंदिर राम जानकी मंदिर सोनार पट्टी काठिया बाबा का मंदिर, हनुमान मंदिर कटहरी बाग, मौना नीम हनुमान मंदिर, देवी मंदिर सांडा ढाला, कचहरी स्टेशन मंदिर, गायत्री मंदिर मां कामाख्या देवी धाम मंदिर दुर्गा मंदिर जोगणिया कोठी राजेंद्र सरोवर शिव मंदिर छपरा शहर के सैकड़ो मंदिरों में देव दीपावली पर दीप प्रज्वलित किया गया। श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के द्वारा सैकड़ो मंदिरों में दीप दिया तेल बत्ती सलाई अरुण पुरोहित के साथ आचार्य राजू रंजन तिवारी, विक्की पटेल बजरंगी,अजय कुमार सिंह पूर्व बजरंग दल अध्यक्ष, पवन कुमार शिबू कुमार वगैरह ने पहुंचने में सहयोग किया। इस अवसर पर हजारों हजार की संख्या में महिलाएं अपने घरों से पास पास दीप लाकर उमानाथ मंदिर परिसर को जगमग किया साथ ही साथ पूरे दहियांवा मोहल्ला में अपने घर के आगे भी लोगों ने दीप प्रज्वलित किया। महर्षि दधीचि आश्रम उमानाथ मंदिर समिति के संयोजक अरुण पुरोहित ने बताया 2014 में मंदिर परिसर से देव दीपावली का शुभारंभ किया गया ।11 वें वर्ष में छपरा शहर के सैकड़ो मंदिरों में इसका विस्तार किया गया। उमानाथ मंदिर परिसर में अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ,कोषाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा ,उपाध्यक्ष राजकुमार राय संयोजक अरुण कुमार पुरोहित ,उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ,राजू , पवन ,संतोष सभी ने मिलकर मंदिर में रंगोली बनाकर हजारों हजार दीप से मंदिर परिसर को जगमग किया एवं प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने बताया कार्तिक पूर्णिमा की संध्या बेला में काशी क्षेत्र के आसपास देव दीपावली मनाने की परंपरा है ।त्रिपुरासुर के आतंक से तीनों लोक त्राहिमाम कर रहा था तब देवों के देव महादेव ने आज के ही दिन त्रिपुरासुर का अंत किया तब देवलोक से सभी देवता पृथ्वी पर काशी में आकर भगवान शंकर की आराधना में दीपावली मनाई उसी समय से देव दीपावली की परंपरा चली आ रही है। अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने कहा आज के दिन मंदिरों में दीप प्रज्वलित करने से घर में सुख शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# रबी अभियान 2024 के तहत जिला स्तरीय रबी कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

## कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने दीप प्रज्वलित कर किया

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। रबी अभियान 2024 के तहत जिला स्तरीय रबी कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का आयोजन नागरी प्रचारिणी, आरा में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर ने रबी कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फसलों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। साथ ही, किसानों को विभागीय योजनाओं के तहत अनुदान सुलभता से उपलब्ध कराने और इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

प्रखंड स्तरीय कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक और किसान सलाहकारों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिला पदाधिकारी ने रबी फसलों के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि जिले में कृषि योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए एक-एक योजना का चयन कर उसे सफल बनाना होगा। साथ ही, सफलता की कहानियां तैयार कर साझा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, कर्मचारियों और प्रतिनिधियों को जिला स्तर पर पुरस्कृत और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। खेतों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान को रोकने पर जोर दिया गया और फसल अवशेष से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया से किसानों को लाभान्वित करने की सलाह दी गई। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारा जाए, अन्यथा लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी।

किसानों द्वारा उत्पादित फसलों को प्रसंस्करण, पैकेजिंग और मार्केटिंग से जोड़ने के प्रयासों पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अग्रणी प्रबंधक (पीएनबी) ने कृषि से संबंधित बैंकिंग सहायता की जानकारी दी। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सहायक निदेशक (उद्यान) और सहायक निदेशक (रसायन) ने विभागीय और तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक (आत्मा), श्री राणा राजीव रंजन कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक सभी प्रखंडों में वैज्ञानिकों द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं और तकनीकी जानकारियों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कार्यपालक सहायक, सहायक तकनीकी प्रबंधक और किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद द्वारा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत, प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों / सदस्यों की क्षमता विकास हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला ।

भोजपुर बन प्रमण्डल, आरा एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद द्वारा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत, प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों/ सदस्यों की क्षमता विकास हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16.11.2024 (शनिवार) को ल्ङ्ग्ङ्घ' स्रं१' ५ी६_'१'२ क्ल्लल्ल ईस्ट रमना रोड, आरा में सम्पन्न किया गया। इस कार्यशाला में आरा प्रक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ (08) प्रखण्डों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के माननीय मत्री डॉ. प्रेम कुमार के दिशा-निर्देश पर किया गया। इस मौके पर वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर, श्री प्रद्युम्न गौरव, श्री हेम कान्त राय, संयुक्त बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद पटना, श्री मिहिर कुमार झा, उप निदेशक, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी, महाराजा कॉलेज के भूगोल शास्त्र के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार एवं अन्य ने भाग लिया। कार्यशाला में भोजपुर जिला के जैव विविधिता एवं जैव विविधता संबंधी स्थानीय पहलुओं यथा कृषि, पशुपालन, मत्सियकी, भूगोलिक परिस्थिति की जानकारी दी गई। साथ ही मोजपुर जिला के विभिन्न जैव विविधता महत्त्व के लिए जैसे कृष्ण मृग, गांगेय डॉल्फिन, आर्द्रभूमि, जैविक खेती, औषधीय पौधे इत्यादि से अवगत कराया गया। कार्यशालां तथा अन्य संबंधी महत्त्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में मार्ग-दर्शन दिया गया।

# रोहतास जिले के तिलौथू में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। सर्वजन ल्याण संस्थान, तिलौथू, बाबू गंज में आगामी 13 अप्रैल 2025 को 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम योगेन्द्र कुशवाहा के सौजन्य से और सचिव अमानत हुसैन के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

यह समारोह आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है, जिसमें विवाह का पूरा खर्च आयोजकों द्वारा वहन किया जाएगा। हर जोड़े को विवाह उपहार और अन्य आवश्यक सामग्री दी जाएगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, समानता और सामूहिकता का संदेश देना है। इस प्रकार के आयोजन न केवल गरीब परिवारों को राहत देते हैं बल्कि सामाजिक बंधुत्व को भी बढ़ावा देते हैं।

योगेन्द्र कुशवाहा ने कहा, ह्ययह पहल समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने और जरूरतमंदों की मदद के लिए की गई है ह्व आयोजक मंडल ने सभी समाजसेवियों और नागरिकों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। समाज के हर वर्ग से इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

मौके पर संचालक नीतीश कुमार , सचिव अमानत हुसैन, सुभाष कुमार , शिक्षक सुखदेव मेहता , विजय कुमार सिंह , सुमेर कुमार सिंह , श्रवण कुमार , राम सकल सिंह , संजीत कुमार गुप्ता,कमलेश कुमार सिंह , धीरेंद्र कुमार यादव , बिट्टू यादव , प्रताप कुमार गुप्ता , राजेश्वर कुमार सिंह , गिरजाराम अनिल कुमार कौशल, विकास कुमार चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिहार कैंसर कॉन्क्लेव 2024: कैंसर को लेकर जागरूकता पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

# देशभर के 210 प्रतिष्ठित डॉक्टरों की रही भागीदारी

■ कैंसर से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं और सुविधाओं में तकनीकी विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी चिकित्सा सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से ह्यबिहार कैंसर कॉन्क्लेव 2024ह्व का आयोजन 16 नवंबर को ताज सिटी सेंटर, पटना में किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए 210 प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों और कैंसर रोग विशेषज्ञों ने कैंसर के निवारण और उपचार के नवीनतम तरीकों पर अपने विचार साझा किए। स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, डॉ. सेंटी साजन सीओओ पारस हेल्थ, डॉ. ए.ए हई डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी, डॉ. अभिषेक आनंद एचओडी मेडिकल ओंकोलॉजी, अनिल कुमार फेसिलिटी डायरेक्टर, डॉ. शेखर केशरी हेड रेडिएशन ओंकोलॉजी एंव डॉ. ठाकुर अभैय कुमार सिंह एडिशनल डायरेक्टर सीजीएचएस ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरम्भ किया।कॉन्क्लेव का नेतृत्व पारस एचएमआरआई, पटना के सीनियर कंसल्टेंट और मेडिकल ओंकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक आनंद ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल बिहार में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने बल्कि राज्य में कैंसर उपचार को एक नई दिशा देने में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. धर्मिंदर नागर-एमडी पारस हेल्थ, डॉ. संटी सजन-सीओओ पारस हेल्थ, डॉ. एए हई-डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी , डॉ. जॉन मुखोपाध्याय-डायरेक्टर अथोर्पेडिक अनिल कुमार, डॉ. अविनाश सिंह और डॉ. शेखर केसरी जैसे प्रमुख विशेषज्ञों के संरक्षण में हुआ। इस कॉन्क्लेव में कैंसर उपचार के नवीनतम तरीकों और आधुनिक चिकित्सा प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई। साथ ही, विशेषज्ञों ने कैंसर से संबंधित तकनीकी विकास और रोगियों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर अपने सुझाव साझा किए। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि बिहार कैंसर कॉन्क्लेव 2024 के आयोजन का उद्देश्य न केवल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना है बल्कि इसके इलाज के क्षेत्र में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं को बिहार के लोगों तक पहुँचाना भी है। पारस एचएमआरआई इस दिशा में सदैव अग्रसर रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि इस पहल से बिहार में कैंसर के निदान और इलाज की गुणवत्ता में एक नया आयाम जुड़ेगा।



# पल्स पोलियो अभियान का होगा शुभारम्भ 5 साल तक के बच्चे को पोलियो की दी जायेगी दो बूंद



■ 08 लाख 13 हजार 710 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायगी

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया (घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले में आज यानी 17 नवंबर से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जाएगी वहीं 0-5 साल तक बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने कहा की अभियान सफल बनाने के लिए हमारे टिकाकर्मी निष्ठा पूवर्क कार्य में लगे हुए है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रमेश चंद्रा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 0 से 5 साल तक के बच्चों को घर घर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये। उन्होंने कहा की पल्स पोलियो अभियान (17 से 21 नवम्बर 2024) तक चलने वाले अभियान के जागरूकता को लेकर पश्चिमी चम्पारण जिला के अंतर्गत सभी प्रखंडो मे पोलियो रैली का आयोजन किया गया है, इसमें सभी कम्युनिटी के लोगों को जागरूक किया जाएगा। आगामी रविवार से पोलियो अभियान चलाया जायेगा 0 से 5 वर्ष तक सभी बच्चों को पोलियो के दो बून्द खुराक पिलाया जायेगा। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि हमारे जिले में 1441 घर-घर दल, 256 ट्रांजिट दल, 08 मोबाइल दल, 525 सुपरवाइजर के निगरानी में 118 सब डिपो के सहायता से 701192 घरो पर जा कर 8 लाख 13 हजार 710 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायगी। इस अभियान को सफल बनाने हेतु जिलास्तरीय और प्रखंडस्तरीय मॉनिटरिंग के लिए पदाधिकारीगण को लगाया गया है।

मौके पर एसीएमओ डॉक्टर रमेश चंद्रा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह, यूनिसेफ के एसएमसी राजीव कुमार, डब्लूएचओ व अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थें।

## 13 उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष पद का भरा नामाकंन का पर्चा

परसा । परसा प्रखंड के आठ पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर पहला दिन 13 उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया जिसमें पचरुखी पैक्स से एक, शामिल है। सगुनी और अंजनी , पचलख पैक्स से एक भी नामांकन पर्चा प्रथम दिन दाखिल नही किया गया वही पैक्सो मे प्रबंधन समिति के लिए कुल 22 प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।अध्यक्ष पद के लिए पचरुखी पैक्स से अरुण कुमार सिंह प्रत्याशी के रूप में शामिल है। मालूम हो कि परसा प्रखंड मे पहले चरण मे होने वाले पैक्स चुनाव के लिए 16 से चालू है।

## चर्चित किसान नेता स्वर्गीय डॉ कमला कांत शर्मा के पैतृक गांव धनछूहां में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा:भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष और जिले के चर्चित किसान नेता डॉ कमला कांत शर्मा के पैतृक गांव धनछूहां में आयोजित उनके श्राद्धकर्म में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एक समूह शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने दुख व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ कमलाकांत शर्मा आजीवन कांग्रेस के समर्पित सिपाही रहे। किसानों के प्रति उनके लगाव और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पार्टी के किसी भी मंच पर बड़े से बड़े नेताओं के सामने भी उन्होंने कार्यकताओं की समस्याओं को मजबूती से रखने का काम किया था। जन जन के प्रिय और पार्टी के सजग प्रहरी के रूप में जब कभी भी किसी की चर्चा होगी उनका नाम अग्रणी पंक्ति में रहेगा। उनके निधन से हम सभी कांग्रेसी अत्यंत दुःखी और मर्माहत हैं।

सम्मिलित सदस्यों में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, जितेन्द्र शर्मा, रमाकांत शर्मा, सुभाष मौआर, दिलीप पाण्डेय, विष्णुचित शर्मा, आनंद तिवारी, अजय शर्मा, अविनाश कुमार, बबलू शर्मा, राधाकांत शर्मा, युक्ति शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मीरपुर जुअरा ग्राम में आदर्श विवाह संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज । अवतार नगर थाना क्षेत्र के मीरपुर जुअरा निवासी ललन महतो कि सुपुत्री ज्योति कुमारी का पावन परिणय इसुआपुर थाना क्षेत्र के उसरी कला निवासी उजागिर महतो के सुपुत्र के साथ दहेज रहित आदर्श विवाह संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत राज मीरपुर जुअरा के सरपंच शशिभूषण सिंह एवं अन्य पंचों के उपस्थिति में इस आदर्श विवाह को संपन्न कराया गया।इस विवाह के पंडित अनुज कुमार उपाध्याय के द्वारा वैदिक वेद मंत्रो के साथ वर, वधू को अग्नि के सात फेरे दिलाए गए।इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गा कर वर और वधू के सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।वर, वधू के सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए सैकड़ों ग्रामीण पीले अक्षत और पुष्प कि वर्षा कर आशीर्वाद दिये।इस विवाहोत्सव के शुभ अवसर पर सारण जिला परिषद छपरा के पूर्व अध्यक्ष व जनहित फाउण्डेशन डोरीगंज चिरांद के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद राय अपने राघव सेवा संस्थान सिंगही के साथियों के साथ अंत समय तक मुस्तैदी के साथ डटे रहे।यह आदर्श विवाह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस विवाहोत्सव के शुभ अवसर पर पूर्व प्राचार्य राजवंशी सिंह आदि थे।

## अनुदान नहीं वेतनमान फोरम की ओर से डीपीओ सारण को दिया गया ज्ञापन



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अनुदान नहीं वेतनमान फोरम के तत्वाधान में सारन जिला में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक वित्त रहित विद्यालयों के समस्याओं के निराकरण के संदर्भ में तथा विभिन्न प्रकार के आयोजित होने वाले प्रतियोगिता परीक्षाओं में सहभागिता से वंचित करने के संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, सारण से एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं और मूलभूत अधिकारों से वंचित होने के संदर्भ में तथा विभाग के द्वारा अपेक्षापूर्ण रवैए पर आपत्ति व्यक्त करते हुए सभी समस्याओं के समुचित समाधान के लिए अपनी बातों को गंभीरता से रखते हुए ज्ञापन दिया गया जिसपर तत्काल प्रभाव से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा के द्वारा संज्ञान लेते हुए संचिका का संधारण कर समस्याओं के समुचित समाधान के लिए आश्वस्त करते हुए यह कहा कि उपरोक्त सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी के साथ एक बैठक आयोजित कर उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा ।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमंडलीय संयोजक प्रोफेसर बृजेश कुमार सिंह जिला संयोजक प्रो. अरविंद कुमार गिरी, प्रभु नाथ सिंह इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रेम शंकर सिंह, प्रो. मनोज कुमार वर्मा संकल्प, प्रो. मुन्ना कुमार सिंह, प्रो. नर्वदेश्वर सिंह, श्री प्रबोध कुमार आदी उपस्थित रहे उपरोक्त जानकारी अनुदान नही वेतनमान फोरम के प्रवक्ता प्रो. सुरेश प्रसाद ज्ञानेश्वर के द्वारा दिया गया ।

## चातुर्मास महायज्ञ कुंड का 16 नवंबर को हुआ समापन

बगहा। नवंबर से 16 नवंबर तक किए जा रहे चातुर्मास महायज्ञ कुंड का शनिवार को समापन हो गया।बतादें की नारायणी नदी तट पर महायज्ञ किया जा रहा था जो कार्तिक पूर्णिमा यानी 16 नवंबर तक चला जिसका शनिवार को समापन हो गया ।दावा किया जा रहा है की इस महायज्ञ से आत्म तृप्ति और आत्म शुद्धि होंगी। मानव कल्याण के साथ साथ सामाजिक सद्भाव कायम रहेगा लिहाजा इसे बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि इसके आयोजन से अगले 5 सालों तक इस इलाके में बम्पर पैदावार और सुःख समृद्धि के साथ हवन में भाग लेने वालों को अकाल मृत्यु से निजात मिलेगा ।

## बाल संरक्षण के विषय को लेकर पेन्टिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । यशोदा कन्या मध्य विद्यालय, अबरपुल, आरा, भोजपुर में बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर के निदेशानुसार बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना के सदस्यों, जिला बाल संरक्षण इकाई, भोजपुर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों एवं चाईल्ड हेल्पलाईन, भोजपुर के कर्मियों द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह (14 नवम्बर 2024 से 20 नवम्बर 2024 तक) का आयोजन करवाया गया। जिसमें बच्चों के मध्य बाल संरक्षण के विषयों से संबंधित पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया एवं इस क्षेत्र में अच्छा करने वाले बच्चों के मध्य पुरस्कार का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बच्चों को बाल अधिकारों एवं नियमों की जानकारी दी गई साथ ही उनका उत्साह वर्द्धन किया गया।

इस मौके पर बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदरणीय सदस्य श्री राकेश कुमार सिंह, श्रीमती शीला पंडित, डॉ० ज्योति कुमारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक, श्री आलोक कुमार गौतम एवं श्री रविशंकर वर्मा, बाल संरक्षण पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, भोजपुर के कर्मी मौजुद रहे।

## नई आशा द्वारा माता शबरी क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 का किया गया उद्घाटन

# शिक्षा से ही हर सुविधा और सम्मान संभवः एस सिद्धार्थ

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, आरा में नई आशा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय माता शबरी क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 के दूसरे दिन खेल का उद्घाटन राज्य के अपर मुख्य सचिव, शिक्षा, एस. सिद्धार्थ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री सिद्धार्थ ने खेल और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। शिक्षा के बदौलत सामाजिक विषमता को दूर करते हुए हर आयाम हासिल किया जा सकता है। शिक्षा के ही द्वारा अंबेडकर डॉ भीम राव अंबेडकर बने। पिछले 20 वर्षों से ह्यनई आशाह्व ने महादलित समुदाय के सर्वांगीण विकास में अग्रणी भूमिका निभाकर समाज में एक नए अध्याय का सृजन किया है, जो काफी सराहनीय है। इस आयोजन से सुदूर क्षेत्र से आये इन खिलाड़ियों के बीच उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। इस दौरान जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने ह्यनई आशाह्व की पूरी टीम को बधाइ देते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े महादलित समुदाय के युवा और युवतियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से आच्छादित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका का आश्वासन दिया।

महापौर श्रीमती इंदु देवी ने इन महादलित नौजवानों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए डॉ भीम सिंह भवेश को शुभकामनाएं दीं। पीएनबी के मंडल प्रमुख संदीप डोंगरे ने बैंक द्वारा सामुदायिक सेवा की चर्चा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सचिव एस. सिद्धार्थ द्वारा मुसहर जाति के युवक-युवतियों को शिक्षा के लिए शपथ दिलाया गया। साथ ही 16 किशोरियों व युवतियों के बीच जन्म प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने सुविधा से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु डीएम को निदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ गांधी जी राय तथा संचालन डॉ भीम सिंह भवेश ने किया। डॉ भवेश ने अपनी चारों पुस्तकें श्री सिद्धार्थ को भेंट कीं।कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन, प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार,पूर्व प्राचार्य डॉ योगेंद्र सिंह, योगेंद्र नर्सिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक सरोज कुमार, ज्ञान ज्योति विद्यालय के निदेशक आदित्य विजय जैन, इं बबन सिंह, राजू मेहता, लव सिंह, उमेश सिंह, महेंद्र सिंह, हरेंद्र राम, वीरेंद्र मुसहर आदि थे।

उल्लेखनीय है कि उक्त तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट में भोजपुर जिले के 22 महादलित टोले के युवकों की टीम भाग ले रही है। जिसमें रॉयल रेंजर्स उदवंतनगर, हसन बाजार हंटर, चैंपियन मिश्रौलिया, बरुही नाइट राइडर्स, बहादुरपुर वैरियर्स, डिवाईन धनौती, लीजेंड भटौली, करवा किंग, सुढ़नी सुनामी,चक दे चकिया, आयर अटैकर, बलिगांव बलिगांव लॉयन, सुपर सरथुआ, पहाड़पुर हीरोज, बौलीपुर बूल्स, राजदेव नगर राइडर्स, सहयोगी सुपर स्टार्स, गीधा चैलेंजर्स, कारीसाथ क्रैकर्स और अलीपुर अलजीमिटी सहित अन्य टीमें शामिल हैं।

### पुरस्कार वितरण आज

कल अपराह्न ढाई बजे पुरस्कार वितरण राज्य के अपर मुख्य सचिव राजस्व एवं ग्रामीण कार्य विभाग दीपक कुमार सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया होंगे।

### मुख्य सचिव ने दी बधाई

बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने माता शबरी क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता के लिए दूरभाष से अपनी शुभकामनाएँ दीं। भोजपुर के पूर्व जिलाधिकारी सह मुख्य सचिव श्री मीणा ने नई आशा के मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश को बधाई देते हुए कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तथा विशेष रुचि रखने वाले खिलाडियों को सरकार प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महादलित समाज के युवकों को अवसर मिलेंगे।

## शिवपुर पंचायत से तीसरी बार सरोज यादव ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन दाखिल



प्रातः किरण संवाददाता

जगदीशपुर प्रखंड के शिवपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष सरोज यादव ने तीसरी बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए हजारों समर्थकों के साथ नामांकन जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय अपने प्रस्तावक और गवाह के साथ नामांकन दाखिल किया। जिसमें हजारों समर्थकों ने उनका साथ दिया। नामांकन करने के बाद सरोज यादव ने कहा कि इस बार भी क्षेत्र के जनता और किसान उनके साथ हैं और वे तीसरी बार विजयी होंगे। पंचायत के मुखिया महेश ठाकुर ने सरोज यादव के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के किसानों के लिए सराहनीय कार्य किया है। सरकार के द्वारा जो भी योजना किसानों के हितों में आती है इनके द्वारा सभी किसानों तक पहुंचाई जाती है। किसानों के सुख-दुख में साथ रहने वाले सेवक है । पंचायत की जनता प्रतिनिधि नहीं सेवक चुनौती है। जो किसानों की सेवा करें

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# मतगणना स्थल सभी सुविधाओं से लेस होगी :डीईओ सह डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने आज गया कॉलेज गया पहुच कर, विधानसभा उप चुनाव यथा बेलागंज एव इमामगंज के अवसर पर गया कॉलेज को बनाये जाने वाले मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया एव संबंधित वरीय पदाधिकारियों के साथ स्पॉट पर भी बैठक कर, मतगणना की क्या क्या तैयारियां की जानी है।उसकी पदाधिकारी वार दायित्व दिया है। 23 नवंबर को गया कॉलेज में 2 विधानसभा का मतगणना होगी।उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज के गेट पर ही पर्याप्त साइनेज की व्यवस्था करवाए ताकि एंट्री के दौरान ही मतगणना में आने वाले विभिन्न पदाधिकारी,कर्मियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को किस जगह पर क्या-क्या सुविधा है, दोनों विधानसभा का कहां पर मतगणना कार्य हो रहा है इत्यादि की पूरी जानकारी मिल सके।मतगणना के दिन पानी टैंकर की व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा पीएचडी के अभियंता को निर्देश दिया कि पानी टैंकर एवं पर्याप्त अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखें। इसके अलावा बैठक में बताया गया कि गया कॉलेज में स्थाई तौर पर 5 से 6 प्वाइंट्स पर टॉयलेट की व्यवस्था पहले से है, जहां मतगणना में लगने वाले कर्मी, पदाधिकारी उसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज में बनने वाले कंट्रोल रूम को पूरी तरह एक्टिव रखना होगा इसके साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त रखना होगा जिससे समेकित रूप से लोगों को राउंड वार मतगणना की जानकारी मिल सके।मतगणना कार्य में लगने वाले



जो भी लॉजिस्टिक हैं उसकी पूरी तरह आकलन कर 21 नवंबर तक पूरा अरेंजमेंट कर आपूर्ति रखना सुनिश्चित करेंगे।आईटी मैनेजर एवं एन आइसी के पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि मतगणना हॉल में इंटरनेट की व्यवस्था एवं विभिन्न प्लग की व्यवस्था आकलन कर उसे अपने देखरेख में लगवाना सुनिश्चित करें। इभीएम काउंटिंग एवं ईभीम सीलिंग के दौरान विभिन्न संख्या में लगने वाले मजदूर का आकलन कर उसकी पूरी व्यवस्था सुनिश्चित रखें।

सभी पदाधिकारी को बताया कि मतगणना केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था चिन्हित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दिया गया है। सभी चुनाव में लगने वाले कर्मी एवं पदाधिकारी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहनों को पड़ाव करें। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि ट्रैफिक प्लान तैयार करते हुए उसे जारी करवाये।

डीएम ने कहा कि काउंटिंग में लगने वाले कर्मियों को दुतिये नियुक्ति पत्र 21 नवंबर को वितरित करवाये। मतगणना के लिये 28 टेबल लगाए जाएंगे एव 11 राउंड होगा। टेबल वार मजदूर की प्रतिनियुक्ति रखे, मजदुर की संख्या में कोई कमी नही रखे। पेड बेसिस पर भी खाना एव चाय आदि की व्यवस्था मतगणना केंद्र पर रखे।

इस बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा सह विधि व्यवस्था, निदेशक डीआरडीए, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र दिवाकर, वरीय उप समाहर्ता नजारत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बक्सर से विशेष नौकायन अभियान रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) नौसेना विंग के विशेष नौकायन अभियान, भारतीय नदिया - संस्कृतियों की जननी, कानपुर से कोलकाता तक, आज बक्सर से पटना के लिए अपने चौथे चरण की शुरूआत कर दी है।बिहार और झारखंड निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल एएस बजाज ने अभियान को हरी झंडी दिखाई क्यह रोमांचक यात्रा कैडेटों को बिहार से होते हुए राजसी गंगा नदी की खोज करते हुए रास्ते में महत्वपूर्ण स्थानों पर रुकते हुए ले जाएगी। अभियान की मुख्य विशेषताएं - चरण 4 और 5 का मार्गः गंगा के किनारे बिहार से यात्रा करते हुए महत्वपूर्ण स्थानों को कवर किया जाएगा क बिहार और झारखंड (बीएंडजे) और जम्मू और कश्मीर (जेकेएंडएल) निदेशालयों के कैडेट चरण 4 में



भाग ले रहे हैं कचरण 4 का समापन 21 नवंबर, 2024 को पटना में होगा। इस अग्रणी अभियान का उद्देश्य युवाओं को साहसिक कार्यों और वर्दी में सेवा के जीवन के लिए प्रेरित करते हुए भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं का जश्न मनाना है। यात्रा के दौरान, कैडेट स्थानीय एनसीसी समूहों के साथ जुड़ेंगे, नदी तटों की सफाई और प्लास्टिक कचरे को कम करके स्वच्छ भारत पहल में योगदान देंगे और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक करेंगे।

# नाम धुन का जाप करने से सर्वाधिक पुण्य की प्राप्ति होती है : संजय सिंह



प्रातः किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)।अलीनगर के कैथवार गांव में भक्ति की अविरल धारा का निरंतर प्रवाह हो रहा है। कैथवार गांव में राधे कृष्ण मंदिर कैथवार वैदिक परिवार के द्वारा आयोजित नवाह यज्ञ में हजारों की संख्या में भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह नवाह यज्ञ में उपस्थित हुए। नवाह यज्ञ में जो कोई भी यहां उपस्थित होता है वह मानो आस्था के गहरे सागर में डूब जाता है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यहां आने के बाद और यहां का माहौल देखकर मन प्रफुल्लित हो गया।इस तरह के आयोजनों की आज के समय में अत्यधिक आवश्यकता है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि बड़े बड़े संतों का कहना है कि कलियुग में नाम धुन का जाप करने से सर्वाधिक पुण्य की प्राप्ति होती है। आज समाज को सबसे ज्यादा आध्यात्मिक शक्ति की जरूरत है और इस आयोजन के आयोजकों को मैं धन्यवाद देना चाहूंगा। नवाह यज्ञ में मेले का माहौल भी बन गया है और कई प्रकार के स्टॉल लग गए हैं। नवाह यज्ञ में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और नौजवान शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर कैथवार पंचायत के मुखिया विश्वनाथ झा नदियामी मुखिया मुखिया कन्हैया चौधरी, विपिन सिंह, पुरुषोत्तम झा, अमर कांत झा, मनमोहन झा, कुंदन झा, बलराम झा, अरुण कुमार झा, सुभाष चंदन झा, नवल किशोर झा, अनिल झा, सुनील झा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# करपी प्रखंड में पैक्स के तृतीय चरण के लिए नामांकन शुरू

## बसपा जिलाध्यक्ष मनोज यादव की पत्नी किरण यादव अध्यक्ष पद पर नामांकन की

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। अरवल जिले में पैक्स का चुनाव दो चरणों में संपन्न होने जा रहा है। तृतीय चरण में अरवल जिले के करपी कुरथा एवं बंसी प्रखंड के पैक्स का चुनाव के लिए प्रखंड मुख्यालय में सभी पैक्स संबंधी सभी पदों के लिए नामांकन शुरू किया गया। नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए बंभई पंचायत से शैलेंद्र कुमार बेलखारा पंचायत से धनंजय वर्मा केयाल पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र कुमार , शहर तेलपा पंचायत में अभय कुमार गुप्ता रामपुर चाय पंचायत में किरण यादव के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया ।इन सभी अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के साथ कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी अपना नामांकन किया।रामपुर चाय



पंचायत में बसपा के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव की पत्नी के द्वारा भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया। प्रखंड कार्यालय पर काफी भीड़ थी ।इस पर नजर बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से भी काफी मजबूत व्यवस्था की गई थी ताकि किसी तरह की कोई सामाजिक गड़बड़ी न हो सके। 16 नवंबर से शुरू होने वाला नामांकन का कार्य 17 नवंबर एवं 18 नवंबर तक चलेगा ।मतदान की प्रक्रिया 29 नवंबर को संपन्न होगी। इस बीच में नाम वापस लेने से लेकर नामांकन की जांच की जाएगी ।प्रखंड चुनाव पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई ।अब मात्र दो दिन 17 एवं 18 नवंबर को नामांकन की प्रक्रिया ही संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि पूरे करपी प्रखंड के लगभग सभी पैक्स से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है जो एक अच्छा लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश है।

# महिला की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत , परिजनों ने गांव के एक व्यक्ति पर गला दबाकर मारने का लगाया आरोप

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई, झाझा । चरघरा में शनिवार की शाम को एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। महिला को परिजनों ने रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक के द्वारा महिला को अस्पताल लाया जहाँ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर बीके राय ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतिका की पहचान चरघरा गांव निवासी गणेश यादव की 55 वर्षीय पत्नी सुकुमारी देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद इधर अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गई। मृतिका की गौतनी कुसुमी देवी ने बताता की गांव के ही किशोरी यादव, सिकन्दर यादव, विनय यादव, मुकेश यादव से बीते दो साल से 35 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और उसी बात को लेकर वे लोग हमेशा गाली गलौज और झगड़ा करते रहता था। शनिवार की शाम को भी वे लोग गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने लगा



जिसके बाद मेरी गौतनी को सिकन्दर यादव ने चप्पल से मारते हुए गला दबा दिया जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। बहु जयमाला कुमारी ने बताता की शाम को मेरी ननद को मेरी सास ने विदा किया और मुझे घर में भेजकर वह घर के पास थी कि तभी उक्त लोगों से झगड़ा हुआ जब बाहर निकला तो सास घर के पास गिरी पड़ी थी। परिजनों का कहना है कि गला दबाने से मौत हुई है। इधर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर मृतिका के परिजनों से पूछताछ करने में जुट गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूछताछ कर जांच में जुटी है।

# पत्रकार देश की दिशा और नीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।प्रेस दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने देशभर के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और यह समाज की न केवल खबरों को बल्कि देश की दिशा और नीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज प्रेस दिवस के अवसर पर गया शहर के पत्रकारों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया और बधाई शुभकामना देते हुए कहा पत्रकारों की भूमिका को सराहा और कहा कि वे न केवल घटनाओं को उजागर करते हैं, बल्कि समाज में हो रहे बदलावों और समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाते हैं। उनकी मेहनत, ईमानदारी और निष्पक्षता समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करती है।उन्होंने विशेष रूप से देश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पत्रकारों के योगदान की सराहना की और कहा कि मीडिया के द्वारा देश हित और जनहित में अधिकारों और उनके मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि प्रेस दिवस के अवसर पर कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में पत्रकारिता के नए रूप सामने आए हैं।और पत्रकारों को इन बदलावों के साथ अपने कार्य को और भी प्रभावी बनाया निरपक्ष पत्रकारिता में पूरे विश्व में भारत नंबर वन पर है ।अंत में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों के स्वास्थ्य और सफलता की कामना की है।

# लक्ष्मीपुर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव

प्रातः किरण संवाददाता

लक्ष्मीपुर/जमुई । जिले के सुदूर क्षेत्र लक्ष्मीपुर प्रखंड के बदरौट गांव में स्थानीय युवाओं ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर युवाओं ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रेरणादायक जीवन को नमन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, और खेलकूद जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन

रैली के बाद बदरौट खेल मैदान में फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित मेरा भारत कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र, जमुई द्वारा किया गया। मैच में बेला फुटबॉल टीम और बदरौट



फुटबॉल टीम ने भाग लिया।

मैच में बदरौट टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की और विजय ट्रॉफी पर कब्जा किया। साइकिल यात्राः एक विचार संगठन के सदस्य सचिराज पद्माकर ने विजेता टीम को शील्ड और पराजित टीम को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया।

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा

सचिराज पद्माकर ने अपने संबोधन में कहा, "भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अल्प जीवनकाल में देश की अखंडता और जनजातीय परंपराओं के संरक्षण के लिए अद्वितीय योगदान दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा न केवल एक क्रांतिकारी थे, बल्कि उन्होंने 1894 में एक ऐसे धर्म की शुरूआत की जो पूरी तरह प्रकृति को समर्पित था। उन्होंने प्रकृति की सामूहिक रूप से रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्ति

इस आयोजन में अमित प्रकाश मुर्मू, रामप्रवेश सोरेन, पंकज कुमार हेंब्रम, अजय मुर्मू, नीतीश मरांडी, सचिन मरांडी, निर्मल बेसरा, मनोज बेसरा, नीलेश बेसरा, समीर कर सोरेन, विकास कुमार, प्रिंस कुमार, और सोनू हेंब्रम समेत सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जनजातीय परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि युवाओं में सामाजिक जागरूकता और खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने का भी प्रयास है। आयोजकों और प्रतिभागियों ने इसे एक प्रेरणादायक और सफल आयोजन बताया।

# साइबर गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार



गया। पुलिस ने शेरघाटी थाना क्षेत्र में साइबर गिरोह में शामिल दो अपराध कर्मियों को साइबर फ्रॉड में उपयोग किए गए मोबाइल एवं अन्य अपातिजनक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है साइबर थाना के डीएसपी साक्षी राय ने बताया कि शेरघाटी के सूरजमनी होटल के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर कोलकाता निवासी शेख अरमान और गया जिले के शेरघाटी निवासी मोहम्मद अहसान को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि दोनों अपने अन्य सहयोगियों के साथ कमरा नंबर 201 में ठहरे हुए हैं और यहीं से साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे उन्होंने बताया दोनों अपराधियों के तलाशी के बाद 17 एसबीआई निकासी फार्म 4 एसबीआई का अकाउंट ओपनिंग फॉर्म 5 एटीएम कार्ड 6 मोबाइल फोन वा 10000 नगद बरामद किया गया है

# जन्तु विज्ञान विभाग में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

गया।बाल दिवस के उपलक्ष्य में गया कॉलेज, गया के जन्तु विज्ञान विभाग में चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का विषय हमारा राष्ट्र पक्षी मयूर रखा गया है, क्योंकि 15 नवंबर को विश्व मयूर दिवस मनाया जाता है। मयूर भारत का राष्ट्रीय पक्षी क्यों है और इसका क्या महत्व है, इस विषय पर विचार व्यक्त करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्यार और सम्मान जागृत करना है। इस कार्यक्रम में जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेशमा यासमीन, शिक्षिका डॉ. अर्चना कुमारी, शिक्षक डॉ. मो. राशिद नईम तथा शेदाथी मेधावी मधु उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में छात्रों को पुरस्कृत किया गया।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमीशा, द्वितीय स्थान पर वंदना कुमारी, तथा तृतीय स्थान पर कुँवर हर्ष सिंह रहे हैं।चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुँवर विशाल सिंह, द्वितीय स्थान पर सलोनी गुप्ता, तथा तृतीय स्थान पर स्मृति कुमारी रहीं हैं।

# सीयूएसबी में भारतीय भाषा माध्यम से वाणिज्य शिक्षा विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन विभाग एवं भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में "भारतीय भाषा माध्यम से वाणिज्य शिक्षा" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हो गया है । मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. हरेन्द्र कुमार सिंह, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका एवं आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर चर्चा की है। उन्होंने शिक्षाविदों को ऐसी पुस्तकें लिखने और प्रकाशित करने की सलाह दी, जिन्हें समाज के हर वर्ग द्वारा समझा जा सके। उन्होंने युवा पीढ़ी को शोध और शिक्षा में नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया है। सत्र की अध्यक्षता कर रहे सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का मौलिक ज्ञान भारतीय भाषाओं में निहित है जिन्हें पुस्तकों में भी लाना आज की आवश्यकता है। कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 पर आधारित पाठ्यक्रम को लागू करने के साथ - साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में शामिल करने की अनुशंसा की हैं उन्होंने कहा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भारतीय भाषाओं पर आधारित शिक्षा प्रणाली बहुमूल्य योगदान दे सकती है` जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि कार्यशाला में देश के सात राज्यों से प्रतिभागी विशेषज्ञ सम्मिलित हो रहे हैं जो भारतीय भाषा में वाणिज्य शिक्षा की पुस्तकों का लेखन करेंगे। इस उद्घाटन सत्र में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. सुब्रमण्यम शणमुगम ने सभी गणमान्य मुख्य अतिथि, कुलपति, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया है। इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रचना विश्वकर्मा, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग ने राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्देश्यों एवं रूपरेखा को प्रस्तुत किया है। डॉ. पावस कुमार सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया है। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप राम, डॉ. विनीता, डॉ रामचंद्र आदि शिक्षकगण एवं शोधार्थियों की सहभागिता रही है।

इस कार्यशाला के अगले सत्र में प्रो. एच. के. सिंह ने केस स्टडी पद्धति को महत्व देते हुए कहा की समस्याओं के समाधान के लिए पारंपरिक शास्त्रों और पुस्तकों का उपयोग किया जा सकता है। इस कार्यशाला के तीसरे सत्र में भारतीय भाषा समिति के पूर्व शैक्षिक समन्वयक डॉ. चंदन श्रीवास्तव ने भारतीय भाषा समिति की विभिन्न पहलों पर चर्चा करते हुए भारत में प्रभावी शिक्षा प्रणाली स्थापित करने में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला है। प्रोफेसर रमेश कुमार मलिक, शिवाजी कॉलेज डीयू ने वाणिज्य शिक्षा के लिए भारतीय भाषा में शब्दावली निर्माण पर प्रकाश डाला है। उन्होंने भारतीय भाषा को दुनिया भर में बढ़ावा देने के लिए कुछ उपाय भी सुझाए।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर परिचर्चा आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय प्रेस का बदलता स्वरूप निर्धारित था। परिचर्चा में भाग लेते हुए मीडिया कर्मियों ने प्रिंट इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल मीडिया की विभिन्न कालखंडों में आवश्यकता, उपयोगिता , महत्व , कार्य करने के तरीके तथा बदलते वक्त के अनुरूप मीडिया के विविध स्वरूपों में आये बदलाव की चर्चा की। प्रतिभागियों ने पुराने जमाने में खबरों के संकलन तथा संप्रेषण करने के तरीकों तथा उस समय के मीडिया के द्वारा श्रम साध्य कार्य का गहन विश्लेषण करते हुए वर्तमान समय में स्मार्टफोन तथा इंटरनेट के जमाने में खबरों के संकलन एवं संप्रेषण में आई सुगमता तथा खबरों की विविधता एवं खबरों के तीव्र गति से फैलने , पत्रकारों की बढ़ती संख्या के बारे में सूक्ष्मता से चर्चा की गई।

कई प्रतिभागियों ने अपने अपने समय के अनुभव, सुझाव साझा किये तथा मीडिया में कार्य करने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। कई प्रतिभागियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का जनहित में मीडिया द्वारा प्रचार प्रसार करने में अभिरुचि कम लेने को अनुचित बताते हुए जनहित में सभी को योजनाओं के प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके।

इस अवसर पर परिचर्चा को उप विकास आयुक्त , नगर पुलिस अधीक्षक तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने भी अपने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रेस की बदलते स्वरूप को सूक्ष्मता से रेखांकित किया।

# उप मुख्यमंत्री को बधाई दी वरिष्ठ नेता अजय कुशवाहा ने



गया। जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व राजसोपा के राष्ट्रीय नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय कुशवाहा ने पटना में जाकर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और बिहार के विकास के लिए चर्चा भी की अजय कुशवाहा ने।

# मंदिरों से लेकर घरों तक मनाई गई देव दीपावली



जमुई , झाझा । कार्तिक पुर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर नगर क्षेत्र के बड़ी दुगामंदिर सहित अन्य जगहों पर दीपोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। मन्दिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना होने के बाद महाआरती की गई और उसके बाद लोगों ने घी का दीया जलाया। इधर दूसरी ओर देव दीपावली के मौके पर लोगों ने घरों में पूजा अर्चना करते हुए अपने अपने घरों में भी दीया जलाया। लोगों ने बताया कि कार्तिक पुर्णिमा का बहुत बड़ा महत्व है और इसे देव दीपावली भी कहते हैं। देव दीपावली का सनातन धर्म मे महत्वपूर्ण स्थान है। देव दीपावली को लोग बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक मानकर मनाते हैं। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना विधिपूर्वक करने से घर मे हमेशा सुख समृद्धि बनी रहती है और हमेशा घर मे खुशाहाली बनी रहती है। वही देव दीपावली पर्व पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी किया।

# हिन्दू जनजागृति समिति का अनोखा उपक्रम !

■ त्रिपुरारी पूर्णिमा पर एक दीप हिन्दू राष्ट्र के लिए!

प्रातः किरण संवाददाता

वाराणसी । त्रिपुरारी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मंदिरों और घरों में दीप जलाकर हिन्दूओंने इस वर्ष भी दीपोत्सव मनाया । इस उपलक्ष्य में देशभर में मंदिरों में स्थित त्रिपुर (दीपमाला) प्रज्वलित की गई। इस वर्ष के दीपोत्सव की विशेषता यह रही कि, हिन्दू राष्ट्र का संकल्प लेने हेतु "एक दीप हिन्दू राष्ट्र के लिए" इस उपक्रम के माध्यम से हिंदू जनजागृति समिति द्वारा देशभर में जनजागृति की गई। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, गाजीपुर, लखनऊ बिहार के गया में 17 से अधिक स्थानों पर यह आयोजन हुआ। कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री शंकर ने त्रिपुरासुर का नाश किया, इसी उपलक्ष्य में त्रिपुरारी पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाता है। यह असुरी शक्तियों पर अच्छी शक्तियों की विजय के प्रतीक के रूप में भारत के कई स्थानों पर मंदिरों में मनाया जाता है। वर्तमान में समाज में व्याप्त बुराइयों को नष्ट कर समाज कल्याणकारी हिंदू राष्ट्र की स्थापना हो।

# काशी हरिद्वार की तर्ज पर गया जी के फल्गु घाट पर भी महाआरती का व्यवस्था किया जाए

प्रातः किरण संवाददाता

गया । कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गया जी के देवघाट पर श्री फल्गु महाआरती का आयोजन श्री फल्गु सेवा समिति इलाके चौदह सैया गया पाल जी के द्वारा हर पूर्णिमा को आयोजन किया जाता है इस अवसर पर मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा जी मुख्य अतिथि के रूप में इस फल्गु महा आरती में शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह



हरिद्वार काशी, पटना सहित जहां-जहां भी गंगा घाट पर महाआरती का आयोजन होता है इसी प्रकार गया विष्णुपद मंदिर के नजदीक देवघाट पर श्री फल्गु महाआरती का आयोजन होना गया जी के लिए अति शुभ है यह अध्यात्म से जुड़ा हुआ क्योंकि हिंदू सनातनी में लोग श्रद्धा से विश्वास करते हैं भगवान विष्णु चार माह बाद अपने बैकुंठ धाम में विराजमान होंगे पूर्णिमा के दिन लाखों लोग गयाजी के पवन भूमि पर फल्गु नदी में स्नान कर भगवान विष्णु पद मंदिर में दर्शन किया मैं भारत सरकार तथा बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री सह प्रभारी नीतीश मिश्रा से मिलकर उनसे आग्रह करूंगा कि काशी हरिद्वार की तर्ज पर गया जी के फल्गु घाट पर भी महाआरती का व्यवस्था किया जाए जिससे पूरे जिला सहित अन्य जिले के लोग भी इस महाआरती में शामिल हो सके।

# बंदूक के बट से मारकर मां बेटी को किया घायल

जमुई ,झाझा । घर मे घुसकर तीन अज्ञात लोगों ने मां बेटी के साथ बंदूक के बट से मारपीट करते हुए घायल कर दिए जाने का प्राथमिकी थाना में दर्ज हुई है। घटना को लेकर राँगाकला गांव की रहने वाली सरिता देवी ने दर्ज आवेदन में बताई है कि वे और उसकी बेटी अपने घर पर रात्रि में सोई हुई थी कि तभी तीन लोग घर मे घुसकर मुझे और मेरी बेटी को बंदूक के बट से मारकर घायल कर दिया। महिला ने बताया कि उक्त तीनों गांव के उमेश यादव, मनोज यादव के साथ घूमते कई बार देखा है।

# पटना समाहरणालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का भव्य आयोजन

## प्रशासन एवं मीडिया एक दूसरे के पूरकः डीएम

**जनहित के मामलों का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन हम सभी का उद्देश्यः डीएम**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना । जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि प्रशासन और मीडिया एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न समाचार माध्यमों में जो रिपोर्टिंग की जाती है वह हमलोगों के लिए फीडबैक का काम करता है। वे आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। डीएम डॉ. सिंह ने पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया हमलोगों को सतर्क रखती है एवं हमें सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि मीडिया निःसंदेह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आपकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने तथा अच्छी परंपराओं को प्रोत्साहित करने में आप हमेशा अग्रणी रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे राज्य सरकार द्वारा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के तहत बिहार सोशल मीडिया एवं अन्य ऑनलाईन मीडिया नियमावली, 2024 की स्वीकृति दो दिन पूर्व दी गई है। इससे सोशल मीडिया एवं अन्य ऑनलाईन मीडिया को भी लेवल-प्लेईंग फील्ड प्राप्त होगा।



जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के अच्छे कार्यों को आप उचित जगह देते हैं इसके लिए आप सभी के प्रति आभार। जनता का फीडबैक भी आप देते हैं। इससे हमलोगों को और बेहतर करने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हम कभी नहीं चाहते हैं कि मीडिया प्रशासन का गुणगान करे। आप आलोचक हैं, मुख्य रूप से आपका काम आलोचना का है, आप समीक्षक हैं, आलोचक हैं, अगर कहीं कोई गड़बड़ी है तो वो आप सामने लाते हैं। उसके कारण सुधार भी होता है। जनता की जो समस्याएं हैं, उसको भी आप सामने लाते हैं तो उसका समाधान होता है। इसलिए हम यह नहीं चाहेंगे कि आप जिला प्रशासन की केवल प्रशंसा करें। आप फीडबैक दें उसका स्वागत है।जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के लिए भी एथिकल मानदंड होना चाहिए।इन सभी के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन होना चाहिए ताकि जनहित के मूलभूत तथ्यों से सभी को अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है, उसमें प्रतीक्षा करने का समय नहीं है, विकल्प नहीं है। आप चाह कर के भी प्रतीक्षा नहीं कर सकते। इस चीज को हम लोग समझते हैं। इसीलिए हम लोगों का यह प्रयास होता है कि यथाशीघ्र सूचनाएं आप तक पहुंचे ताकि आपका काम आसान हो और कोई गलत सूचना नहीं फैले। उन्होंने कहा कि सूचनाओं की गति भी बहुत तेज हुई है।

सूचना का जो प्रवाह है उसकी गति बहुत ज्यादा हुई है, विभिन्न माध्यमों से वह बहुत तेजी से फैलती है। खबरें बहुत तेजी से फैलती है इसलिए हम लोगों को थोड़ा और सतर्क रहने की आवश्यकता है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि आज के समय में खबरों के तीव्र प्रवाह के साथ-साथ प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता भी आवश्यक है। किसी भी समाचार के प्रति अघोषित तौर पर जजमेंटल होना नहीं चाहिए। निष्पक्ष एवं तथ्यपरक ढंग से चीजों को रखा जाए।

जहाँ कहीं कमी देखें उसे हाइलाईट करें। इससे तंत्र अलर्ट रहता है। हमलोग इसे फीडबैक के रूप में लेते हैं तथा चीजों को बेहतर करने का प्रयास करते हैं। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि जनहित के मामलों का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन प्रशासन एवं मीडिया दोनों का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा जब भी कोई पृच्छा की जाती है तो प्रशासन द्वारा ससमय तथ्यों पर आधारित उत्तर उपलब्ध कराया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह समय की मांग है कि बच्चों के लिए भी स्कूल में सोशल मीडिया को सिलेबस का भाग बनाया जाना चाहिए ताकि सोशल मीडिया का महत्व तार्किक हो।

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फर्जी खबरों से निपटने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए डिजिटल मीडिया में जवाबदेही का आह्वान किया



**प्रातः किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय प्रेस परिषद ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2024 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सचिव श्रीमती न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई और वरिष्ठ पत्रकार श्री कुंदन रमनलाल व्यास की उपस्थिति रही। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए भारत के जीवंत और विविध मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला, जिसमें 35,000 पंजीकृत समाचार पत्र, कई समाचार चैनल और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा शामिल है। मंत्री ने कहा कि 4जी और 5जी नेटवर्क में निवेश ने भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे कम डेटा कीमतों के साथ डिजिटल कनेक्टिविटी के मामले में सबसे आगे ला दिया है।

हालांकि, उन्होंने मीडिया और प्रेस के बदलते परिदृश्य के कारण हमारे समाज के सामने आने वाली चार प्रमुख चुनौतियों की ओर इशारा किया ।

1.फर्जी खबरें और गलत सूचना - फर्जी खबरों के प्रसार से मीडिया में भरोसा कम होता है और लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा होता है। अपने संबोधन के दौरान, श्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल मीडिया के तेजी से विकास और इन प्लेटफार्मों पर प्रकाशित सामग्री की जिम्मेदारी पर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। 1990 के दशक में विकसित सेफ हार्बर की अवधारणा, जब डिजिटल मीडिया की उपलब्धता विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में चुनिंदा उपयोगकताओं तक सीमित थी, ने प्लेटफार्मों को उपयोगकर्ता-जनित सामग्री के लिए जवाबदेह ठहराए जाने से प्रतिरक्षा प्रदान की।

उन्होंने उल्लेख किया कि वैश्विक स्तर पर, इस बात पर बहस तेज हो रही है कि क्या सेफ हार्बर प्रावधान अभी भी उपयुक्त हैं, गलत सूचना, दंगों और यहां तक कि आतंकवादी कृत्यों के प्रसार को सक्षम करने में उनकी भूमिका को देखते हुए। क्या भारत जैसे जटिल संदर्भ में काम करने वाले प्लेटफार्मों को जिम्मेदारियों का एक अलग सेट नहीं अपनाना चाहिए? उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण प्रश्न एक नए ढांचे की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं जो जवाबदेही सुनिश्चित करता है और राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने की सुरक्षा करता है। 2.कंटेंट क्रिएटर्स के लिए उचित मुआवजा - पारंपरिक मीडिया से डिजिटल मीडिया में बदलाव ने पारंपरिक मीडिया को आर्थिक रूप से प्रभावित किया है, जो पत्रकारिता की अखंडता और संपादकीय प्रक्रियाओं में भारी निवेश करता है। श्री वैष्णव ने डिजिटल प्लेटफॉर्म और पारंपरिक मीडिया के बीच सौदेबाजी की शक्ति में विषमता को संबोधित करते हुए पारंपरिक कंटेंट क्रिएटर्स के लिए उचित मुआवजे की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कंटेंट बनाने में पारंपरिक मीडिया द्वारा किए गए प्रयासों को मुआवजे के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

3.एल्गोरिथम पूर्वाग्रह - डिजिटल प्लेटफॉर्म को चलाने वाले एल्गोरिदम उस कंटेंट को प्राथमिकता देते हैं जो जुड़ाव को अधिकतम करता है, मजबूत प्रतिक्रियाओं को उकसाता है और इस तरह प्लेटफॉर्म के लिए राजस्व को परिभाषित करता है। ये अक्सर सनसनीखेज या विभाजनकारी नैरेटिव्स को बढ़ाते हैं। श्री वैष्णव ने इस तरह के पूर्वाग्रहों के सामाजिक परिणामों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में, और डिजिटल प्लेटफार्मों से ऐसे समाधान विकसित करने का आह्वान किया जो इन जोखिमों को कम करते हैं।

4.बौद्धिक संपदा अधिकारों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव - एआई का उदय उन रचनाकारों के लिए नैतिक और आर्थिक चुनौतियां पेश करता है, जिनके काम का इस्तेमाल एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रगति के कारण रचनात्मक दुनिया में होने वाले महत्वपूर्ण उथल-पुथल पर प्रकाश डाला। एआई सिस्टम द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने मूल रचनाकारों के बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एआई मॉडल आज उन विशाल डेटासेट के आधार पर रचनात्मक सामग्री उत्पन्न कर सकते हैं जिन पर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। लेकिन उस डेटा में योगदान देने वाले मूल रचनाकारों के अधिकारों और मान्यता का क्या होता है? उन्होंने कहा कि क्या उन्हें उनके काम के लिए मुआवजा या मान्यता दी जा रही है? । उन्होंने कहा कि यह केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, यह एक नैतिक मुद्दा भी है। श्री वैष्णव ने हितधारकों से राजनीतिक मतभेदों से परे इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए खुली बहस और सहयोगात्मक प्रयासों में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को संरक्षित करने और 2047 तक एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध विकसित भारत के निर्माण के महत्व पर जोर दिया।

श्री वैष्णव ने हितधारकों से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए खुली बहस और सहयोगात्मक प्रयासों में शामिल होने का आग्रह किया।

उन्होंने लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को बनाए रखने और 2047 तक एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध विकसित भारत के निर्माण के महत्व पर जोर दिया। डिजिटल युग में आगे बढ़नाः फर्जी खबरों का मुकाबला करना और नैतिक पत्रकारिता को बनाए रखना - पारंपरिक प्रिंट से लेकर सैटेलाइट चैनलों और अब डिजिटल युग तक पत्रकारिता के विकास पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. मुरुगन ने उस गति का उल्लेख किया, जिस गति से आज समाचार जनता तक पहुँचते हैं। हालाँकि, उन्होंने फर्जी खबरों की बढ़ती चुनौती पर जोर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक भोजपुर डीएम ने दिये कई निर्देश

### स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और उनके बेहतर प्रबंधन पर हो विशेष ध्यान : तनय सुल्तानिया

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा । भोजपुर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और उनके बेहतर प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। समीक्षात्मक बैठक में दिये गये मुख्य निर्देश निम्नवत है-

1. सभी स्वास्थ्य संस्थानों को रोगी कल्याण समिति का गठन अविलम्ब करने का निर्देश दिया गया, नये दिशा-निर्देश के अनुसार।

2. दिनांक 17.11.2024 को पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत है। अतः सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उनके संस्थान से अठट की माँग की गयी है। आरा शहरी क्षेत्र के लिये उसे अविलम्ब जिला में भेजना सुनिश्चित करेंगे।



3. सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अपने संस्थानों के माध्यम से सभी मरीजों का करना सुनिश्चित करें।

4. सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.पी.डी. तथा जाँच की सूविधा बढ़ाने के निर्देश दिया गया।

5. मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में जिला की उपलब्धि पूरे राज्य में काफी कम है।जिसमें वांछित उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

6. सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर खअर का अकाउंट राष्ट्रीयकृत बैंक खोलना सुनिश्चित करें एवं एक सप्ताह के अंदर जिला को सूचित करें ताकि सभी को जोड़ा जा सके।

8. दिनांक 11 नवंबर से 30 नवंबर तक मिशन परिवार विकाश अभियान के तहत पुरूष नसबंदी का आयोजन किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को राज्य स्तर से दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

9. सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ढएठळअ-1 टीकाकरण में तरारी, कोईलवर में उपलब्धि काफी कम है, जिसमें वांछित उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

10. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उदवंतनगर में ७-फ्ंट में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

11. पूर्ण टीकाकरण में संदेश, आरा शहरी का 95% उपलब्धि रहा।

12. सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण का अनुपालन प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें।

13. पिछले 03 महीने में कौन से इंडिकेटर में सुधार हुआ है.

## डीएम द्वारा लोक शिकायत के 24 मामलों की सुनवाई की गई

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा आज अपने कार्यालय-कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गयी और उसका निवारण किया गया। लोक शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने के आरोप में दो लोक प्राधिकारों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

डीएम डॉ. सिंह द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 24 मामलों की सुनवाई की गई। 10 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया तथा 14 मामलों में अंतरिम आदेश पारित किया गया। कार्यों में शिथिलता तथा जनहित के मामलों में संवेदनहीनता के आरोप में लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पालीगंज तथा अंचल अधिकारी, दानापुर के विरूद्ध पाँच-पाँच हजार रुपया का अर्थदंड लगाते हुए स्पष्टीकरण किया गया।

दरअसल अपीलार्थी श्री ब्रहमदेव बिंद, ग्राम-कल्याणपुर, पोस्ट-पैपुरा कला, थाना-पालीगंज, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया है। अपीलार्थी की शिकायत भूमि विवाद से संबंधित है। परिवादी द्वारा अपने पिता के नाम से कायम जमाबंदी को ऑनलाईन पोर्टल पर डिजिटाइज करने के संबंध में परिवाद दाखिल किया गया है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि अंचल अधिकारी, पालीगंज द्वारा इस मामले में कोई सकारात्मक, सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया जा रहा है। परिवादी द्वारा परिमार्जन प्लस से दायर आवेदन पर यथोचित कार्रवाई नहीं की गई है। अंचल अधिकारी का प्रतिवेदन भी भ्रामक, अस्पष्ट एवं असंतोषजनक है। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पालीगंज के समक्ष दिनांक 12.03.2024 को ही परिवाद दायर किया गया था। लगभग सात महीना की अवधि में भी परिवाद अंचल अधिकारी, पालीगंज के स्तर पर ही लंबित है। आवेदक द्वारा लगभग दो साल पूर्व अंचल अधिकारी को आवेदन दिया गया था परन्तु इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है। लोक प्राधिकार का यह व्यवहार लोक शिकायत निवारण की मूल भावना के प्रतिकूल है। उनकी इस कार्यशैली से आवेदक की समस्या का दो साल में भी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यह उनकी स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। भ्रामक एवं अस्पष्ट प्रतिवेदन देने, लोक शिकायत के मामलों में असंवेदनशीलता प्रदर्शित करने तथा शिकायत निवारण में विलंब के कारण जिलाधिकारी द्वारा लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पालीगंज के विरूद्ध 5,000/-रूपया का अर्थदंड लगाते हुए उनसे कारण-पृच्छा की गई। साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि एक माह के अंदर परिवाद का नियमानुसार निवारण करते हुए सुनवाई की अगली तिथि को कृत कार्रवाई प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे।

एक अन्य मामले में अपीलार्थी श्री श्यामदेव चौधरी, सवरीनगर बड़ी नहर, पटना नगर निगम वार्ड नम्बर-03, पोस्ट-धनौत, रूपसपुर, दानापुर, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया है। अपीलार्थी की शिकायत सबजपुरा, अंचल-दानापुर, सवरीनगर के उत्तरी भाग स्थित सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त किए जाने एवं रास्ता के अवरोध को दूर करने के संबंध में है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि अंचल अधिकारी, दानापुर द्वारा इस मामले में कोई सकारात्मक, सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया जा रहा है। अंचल अधिकारी का प्रतिवेदन भी भ्रामक, अस्पष्ट एवं असंतोषजनक है। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, दानापुर के समक्ष दिनांक 07.05.2024 को ही परिवाद दायर किया गया था। लगभग पाँच महीना की अवधि में भी परिवाद अंचल अधिकारी, दानापुर के स्तर पर ही लंबित है। आवेदक द्वारा लगभग एक साल पूर्व अंचल अधिकारी को आवेदन दिया गया था परन्तु इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## गढ़ीमाई उत्सव के दौरान पशु बलि न करने की अपील

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन, हयूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल/इंडिया और पीपल फॉर एनिमल्स ने भक्तों से आग्रह किया कि वे आगामी गढ़ीमाई उत्सव के दौरान पशु बलि न करें। यह उत्सव नेपाल के बारीयारपुर जिले में 7 दिसंबर से आयोजित होगा।

गढ़ीमाई उत्सव, जो हर पांच वर्षों में मनाया जाता है, नेपाल में बड़े पैमाने पर पशुओं की बलि के लिए जाना जाता है। इस दौरान हजारों पशुओं, जैसे भैंस, बकरी, सुअर, कबूतर और मुर्गे को देवी गढ़ीमाई को प्रसन्न करने के लिए बलि चढ़ाया जाता है। पूर्व सांसद श्रीमती मेनका संजय गांधी, ल्हरक/क्ल्ल्र्, ढअऋ और ने बिहार सरकार को पत्र लिखकर इस प्रथा को रोकने के लिए कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। इन पत्रों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लेख किया गया है, जिसमें/2014 गौरी मौलेंगी बनाम भारत सरकार के तहत भारत-नेपाल सीमा पर पशुओं की तस्करी को मान्यता दी गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार और संबंधित प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि 1992 के तहत लाइसेंस के बिना किसी भी जीवित पशु को नेपाल निर्यात न किया जाएए।





प्रेस वार्ता के दौरान, प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने पशु संरक्षण संगठनों के साथ मिलकर भक्तों से आग्रह किया कि वे दयालुता के साथ उत्सव मनाएं और परंपराओं का पालन करते हुए पशुओं को हानि न पहुंचाएं। उन्होंने कहा, भक्ति का उद्देश्य करुणा होना चाहिए, न कि क्रूरता। ईश्वर के नाम पर पशुओं का वध पूजा की भावना को क्षीण करता है। गढ़ीमाई उत्सव के दौरान हम सभी जीवन की पवित्रता का सम्मान करें।

श्रीमती मेनका संजय गांधी, पीपल फॉर एनिमल्स की अध्यक्ष, ने कहा, पशु संरक्षण केवल पशुओं के कष्ट को रोकने का विषय नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे समाज के निर्माण का प्रयास है जो सभी जीवों के प्रति करुणा और सम्मान को महत्व देता हो। हमें पुरानी परंपराओं को चुनौती देकर नए और दयालु तरीकों से त्योहार मनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

गढ़ीमाई उत्सव के दौरान बलि के लिए नेपाल में ले जाए जाने वाले अधिकांश पशु अवैध रूप से भारत से तस्करी कर लाए जाते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या बिहार से होती है। इस अवैध तस्करी को रोकने के लिए और पीपल फॉर एनिमल्स की टीमें भारत-नेपाल सीमा के प्रमुख स्थानों पर तैनात रहेंगी। ये टीमें सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों की सहायता करेंगी, जो सीमा पर वाहनों की जांच करेंगे, मामलों का पंजीकरण करेंगे और पशुओं को जब्त करने में प्रशासन का सहयोग करेंगी। ल्हरक/क्ल्ल्र् की प्रबंध निदेशक अलोकपर्णा सेनगुप्ता ने प्रेस वार्ता में कहा, जैसा कि हमने 2014 और 2019में किया था, इस वर्ष भी हम पशु बलि की इस क्रूर और अत्यधिक पिछड़ी हुई प्रथा के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। परंपराओं का सम्मान पशुओं को कष्ट दिए बिना भी किया जा सकता है। हमें भविष्य में पशुओं और मनुष्यों दोनों के लिए एक बेहतर और दयालु दुनिया बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

2014 और ने गढ़ीमाई में पशु बलि को रोकने के लिए काम किया है। उनके निरंतर प्रयासों के कारण, 2009 में गढ़ीमाई उत्सव में अनुमानित 5 लाख से अधिक पशुओं की बलि को घटाकर 2014 में लगभग 30,000 (10,000 भैंस सहित) और 2019 में अनुमानित 3,500 भैंस तक लाया गया।

### हमारे बारे में:

ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल/इंडियाः 50 से अधिक देशों में पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। यह संगठन कुत्तों और विल्लियों को बचाने, फार्म पशुओं की स्थिति सुधारने, वन्यजीव संरक्षण, और क्रूरता के खिलाफ लड़ाई जैसे कार्यों में संलग्न है। पीपल फॉर एनिमल्स भारत का सबसे बड़ा गैर-सरकारी पशु कल्याण संगठन, जिसमें 26 अस्पताल, 165 यूनिट, 60 मोबाइल यूनिट और 2.5 लाख सदस्य हैं।प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन (ढअऋ): आचार्य प्रशांत द्वारा स्थापित, यह दुनिया का सबसे अधिक फॉलो किया ।

जाने वाला आध्यात्मिक संगठन है, जिसके 53 मिलियन यूट्यूब

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिलाधिकारी, पटना डॉ. चंद्रशेखर सिंह रखें अपने विचार

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन; अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम; अपर समाहर्ता, विधि-व्यवस्था; जिला जन-संपर्क पदाधिकारी, यहाँ उपस्थित अन्य सभी पदाधिकारीगण और सभी मीडिया के हमारे मित्रगण सबसे पहले आप सभी मीडिया बन्धुओं को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक शुभकामना। हमलोग आभारी हैं भारतीय प्रेस परिषद का जिनके दिशा-निदेश के आलोक में इस दिवस का आयोजन होता है। साल में कम से कम 1 दिन बैठकर हम लोग मंथन करते हैं, इस प्रकार का आत्मावलोकन करते हैं। दोनों पक्षों की बात सुनते हैं, सिर्फ एक पक्ष का नहीं। प्रशासन द्वारा क्या किया जा रहा है इसके बारे में विस्तार से आपलोगों ने बताया है। प्रशासन के अच्छे कार्यों को आप उचित जगह देते हैं इसके लिए आप सभी के प्रति आभार। जनता का फीडबैक भी आप देते हैं। इससे हमलोगों को और बेहतर करने के लिए प्रेरणा मिलती है।

आप निश्चित रूप से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है। मीडिया का मतलब माध्यम है और माध्यम का मतलब है कि जनता तक सही सूचनाएं पहुंचे, सही खबर पहुंचे। ये जनता का अधिकार भी माना गया है। सूचना पहुंचाने वाले आप हैं, आप माध्यम हैं इसलिए आप बहुत ही महत्वपूर्ण है। जनता की जो परेशानियां हैं, कठिनाइयां हैं, समस्याएं हैं वो भी हम लोगों तक पहुंचे, तंत्र तक पहुंचे ये भी आपका दायित्व है और इसको आप अच्छी तरह निभाते हैं।बहुत सारे हमारे वक्ताओं ने कहा कि आजादी की लड़ाई में मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका रही है। हर समय की परिस्थितियां अलग रहती है, उद्देश्य अलग रहता है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आजादी सबसे बड़ी चीज थी, वही सबसे बड़ा उद्देश्य था सभी लोग मिलकर उसके लिए लड़े थे। उसके बाद बदलती परिस्थितियों में उद्देश्य हैं उसके लिए मिलकर सभी लोग काम कर रहे हैं। आज की परिस्थिति में हम लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंग हैं। लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासन है। कार्यपालिका, न्यायपालिका तथा विधायिका इन तीनों का उद्देश्य है जनता का अधिक से अधिक सशक्तिकरण हो उनका कल्याण हो। मीडिया का भी यही उद्देश्य है कि जनता का अधिक से अधिक सशक्तिकरण हो और उनकी कठिनाइयां कम हो, उनका कल्याण हो। हम लोग उद्देश्य देखें तो हम सभी लोगों का उद्देश्य एक ही है, अलग अलग तरीके हैं, अलग अलग माध्यमों में जिससे हम लोग अपना अपना काम कर रहे हैं। एक दूसरे के हम सभी लोग पूरक हैं, कोई विरोधाभास नहीं है।

जो प्रशासन का दृष्टिकोण है, हम लोग आपकी खबर को बिल्कुल फीडबैक के रूप में लेते हैं। हम कभी नहीं चाहते हैं कि मीडिया प्रशासन का गुणगान करे। आप आलोचक हैं, मुख्य रूप से आपका काम आलोचना का है, आप समीक्षक हैं, आलोचक हैं अगर कहीं कोई गड़बड़ी है तो वो आप सामने लाते हैं। उसके कारण सुधार भी होता है। जनता की कुछ समस्याएं हैं, उसको भी आप सामने लाते हैं तो उसका समाधान होता है। इसलिए हम यह नहीं चाहेंगे कि आप जिला प्रशासन की केवल प्रशंसा करें। आप फीडबैक दें उसका स्वागत है। हम लोग प्रयास करते हैं आपकी बात को चाहे प्रिंट हो, इलेक्ट्रॉनिक हो, डिजिटल मीडिया हो, हम सुझाव-फीड्बैक के रूप में देते हैं। जहाँ तक प्रशासन की खबरों की बात है, प्रशासन के पक्ष की बात है हम लोग प्रयास करते हैं कि समय से मीडिया को सभी सूचना जरूर मिले क्योंकि अब हम लोग देख रहे हैं कि मीडिया में प्रतिस्पर्धा बहुत बड़ी है।

आज का जो विषय है मीडिया का बदलता हुआ स्वरूप तो उसमें हम लोग देख रहे हैं कि आज का मीडिया का जो स्वरूप है, विशेषकर डिजिटल मीडिया और अन्य सब का तो एक तरह से उसमें दो तीन चीजें बहुत स्पष्ट दिखती है। एक तो मीडिया में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है, उसमें प्रतीक्षा करने का समय नहीं है, विकल्प नहीं है। आप चाह कर के भी प्रतीक्षा नहीं कर सकते। इस चीज को हम लोग समझते हैं। इसीलिए हम लोगों का यह प्रयास होता है कि यथाशीघ्र सूचनाएं आप तक पहुंचे ताकि आपका काम आसान हो और कोई गलत सूचना नहीं फैले। दूसरा हम लोग देखते हैं कि गति बहुत तेज हुई है। सूचना का जो प्रवाह है उसकी गति बहुत ज्यादा हुई है, विभिन्न माध्यमों से वह बहुत तेजी से फैलती है।

हम सभी एक दूसरे के पूरक हैं। खबरें बहुत तेजी से फैलती है इसलिए हम लोगों को थोड़ा और सतर्क रहने की आवश्यकता है। पहले की तुलना में मीडिया की पहुँच भी बहुत ज्यादा हुई है। बदलते स्वरूप में एक ये भी है कि इसकी पहुँच भी बहुत ग्राउंड लेवल तक हुई है। सोशल मीडिया या डिजिटल मीडिया। एक एक व्यक्ति तक पहुँच हुई है। जो यूट्यूब की बात हो रही थी तो उसमें जरूरी है कि कुछ एथिक्स और कुछ आचार की बातें हों। ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया और यूट्यूब आदि के लिए एक एथिकल मानदंड होना चाहिए। इन सभी के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम होना चाहिए ।

और वो आसानी से उपलब्ध भी होना चाहिए। आज कल बहुत सारे प्रोग्राम ऑनलाइन होते हैं, वैसा भी किया जा सकता है। जो लोग इच्छुक हैं ओरिएंटेशन प्रोग्राम कर सकते हैं, देख सकते हैं एवं समझ सकते हैं।

सोशल मीडिया कोर्स को बच्चों के लिए स्कूल के सिलेबस में भी होना चाहिए। सोशल मीडिया का क्या महत्त्व है और उसके क्या सामाजिक दायित्व है, उसके बारे में किस बात को, किस ढंग से हम रियेक्ट करें? इसके बारे में स्कूल में बताया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा कभी-कभी काफी अशोभनीय पोस्ट डाला जाता है। वो एक सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता। इसके लिए जरूरी है कि एक हम लोग स्कूल सिलेबस में इन चीजों को शामिल करें कि सोशल मीडिया को कैसे हैंडल करना है और कैसे रिस्पॉन्ड करना है और कैसे उसको यूज करना है। ये समय की डिमांड है।

आज जो चचाएं-परिचचाएं हुई हैं उसमें सब बातें आई हैं और प्रशासन के लिए जो आप लोगों के कुछ सुझाव हैं उसको हम लोग बिल्कुल स्वीकार करते हैं। इसके लिए हम लोग प्रयास करेंगे और जो अन्य कार्यालयों- स्तरों की भी बात हुई है उसका भी फीडबैक हम लोग सरकार तक पहुंचाएंगे । सूचनाओं का प्रवाह जो है वह निर्बाध रूप से होता रहे और सभी ऑथेंटिक तथ्य जनता तक आता रहे। हम लोग जानते हैं और आपके सामने भी मानते हैं कि आपके लिए चुनौतियां हैं। आप बहुत कठिन परिश्रम करते हैं। हम आपकी जगह पर खुद को रखकर देखते हैं, सोचते हैं और उसी हिसाब से रेस्पॉन्ड करते हैं कि हमसे क्या अपेक्षा करते हैं। हम लोग आपकी मेहनत से और आपकी मनःस्थिति जो है उससे पूरी तरीके से परिचित हैं और वाकिफ हैं और हम लोग आपकी प्रशंसा करते हैं। आज के इस अवसर पर आप लोगों को पुनः बहुत शुभकामना और आप लोग कभी-कभी शॉर्ट नोटिस पर भी इतनी बड़ी मात्रा में उपस्थित हो जाते हैं उसके लिए आपका आभार जिला प्रशासन की तरफ से। बहुत बहुत धन्यवाद।

# 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर इस्लामाबाद से शुरू होगा: आईसीसी

**दुबई, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर शनिवार को इस्लामाबाद से शुरू होगा। ट्रॉफी को शहर के प्रसिद्ध स्थलों जैसे दमन-ए-कोह, फैसल मस्जिद और पाकिस्तान स्मारक में भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भी मौजूद रहेंगे। ट्रॉफी टूर हर बड़े आईसीसी इवेंट से पहले एक प्रमोशनल इवेंट होता है, लेकिन गुरुवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा घोषणा किए जाने के बाद यह एक बड़े विवाद में फंस गया कि स्कार्दू, मुरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान - जिनमें से तीन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आते हैं - ट्रॉफी टूर सूची में होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद आईसीसी द्वारा घोषित ट्रॉफी टूर कार्यक्रम में केवल मुरी को ही रखा गया है, जबकि 25 नवंबर तक पाकिस्तान संस्करण की यात्रा के लिए तक्षशिला, खानपुर, एबटाबाद, नथिया गली और कराची जैसे स्थानों को सूची में रखा गया है।



आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, सभी भाग लेने वाले देशों में प्रदर्शित किए जाने वाली विजेता ट्रॉफी से खेल के उत्साही प्रशंसकों को प्रतिष्ठित ट्रॉफी के करीब होने का अविस्मरणीय अनुभव मिलेगा।

ट्रॉफी 26-28 नवंबर तक अफगानिस्तान का दौरा करेगी, फिर 10-13 दिसंबर तक बांग्लादेश जाएगी और 15-22 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगी। इसके बाद यह 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया में रहेगी और उसके बाद 6-11 जनवरी तक न्यूजीलैंड जाएगी। 12-14 जनवरी तक इंग्लैंड का दौरा करने के बाद, ट्रॉफी 15-26 जनवरी तक भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी, उसके बाद 27 जनवरी को पाकिस्तान वापस आएगी। पुरुषों की चैंपियंस ट्रॉफी आखिरी बार 2017 में इंग्लैंड में आयोजित की गई थी और पाकिस्तान ने जीती थी। लेकिन आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का औपचारिक कार्यक्रम अधर में लटका हुआ है, क्योंकि बीसीसीआई ने सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया है.

## दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में जीत विशेष है: वीवीएस लक्ष्मण



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष करार दिया। भारत ने शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की श्रृंखला 3-1 से जीती। इस श्रृंखला में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लक्ष्मण ने एक्स पर पोस्ट किया, 'जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की।

संजू सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन असाधारण रहा। पूरी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया और एक दूसरे की सफलता का आनंद उठाया, उससे मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इस यादगार जीत के लिए बधाई। कप्तान सूर्यकुमार ने भी श्रृंखला में जीत को विशेष बताया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए कहा, 'शाबाश मेरे साथियो। हर किसी को बधाई। हर कोई जानता है कि विदेशों में श्रृंखला जीतना कितना मुश्किल है। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। प्रत्येक खिलाड़ी को श्रेय जाता है। हमने टीम के रूप में यह श्रृंखला जीती है। सूर्यकुमार ने कहा, 'यह जीत विशेष है और मुझे पूरा विश्वास है कि हर कोई इससे खुश होगा।

# रोहित शर्मा दूसरी बार बने पिता-सूर्या

### ▶ संजू और तिलक ने दी बधाई



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** भारत के टी20 स्टार सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को उनके परिवार में एक नए सदस्य के जुड़ने पर शुभकामनाएं दीं। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

तिलक ने कहा, रोहित भाई, आपके लिए वास्तव में बहुत खुश हूं। हम इस पल का इंतजार कर रहे थे और अगर यह एक-दो दिन बाद होता तो मैं वहां आपके साथ होता। मैं जल्द ही आ रहा हूं। सैमसन ने कहा, चेता और उनके परिवार के लिए बहुत खुश हूं। अब हमें छोटे साइड आर्म और छोटे पैड के साथ तैयार रहना होगा क्योंकि नया क्रिकेटर आ गया है। रोहित ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बीसीसीआई से एक या दो टेस्ट मैचों के लिए समय मांगा था, जिसके बाद वे अभी तक पर्थ में अपने साथियों के साथ नहीं जुड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज की भागीदारी अभी भी स्पष्ट नहीं है।

जोहान्सबर्ग में भारत की शानदार जीत में तिलक ने 10 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 47 गेंदों पर नाबाद 120 रन बनाए थे, जबकि सलामी बल्लेबाज सैमसन ने 56 गेंदों पर 9 छक्कों और 6 चौकों की मदद से नाबाद 109 रन बनाकर भारत को 20 ओवरों में 283 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया था।

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के दबाव में दम तोड़ दिया और 18.2 ओवर में 148 रन पर आउट हो गए। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। भारत ने मैच 135 रन से जीतकर इस प्रारूप में अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इस बीच, यह दक्षिण अफ्रीका की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी टी20 हार थी। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा, हमने एक बात तय कर ली है, हम आक्रामक रहना चाहते हैं लेकिन साथ ही हमें गेम पर पूरा फोकस भी रखना होगा।

# दक्षिण अफ्रीका में दो शतक जड़ने पर तिलक वर्मा ने कहा, ये एक अविश्वसनीय अहसास

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** भारतीय युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अंतिम दो मैचों में लगातार शतक जड़कर मेहमान टीम को 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सेंचुरियन में तीसरे टी20 में अपना पहला शतक लगाने के बाद, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपने पिछले प्रदर्शन को बेहतर किया और प्रोटियाज गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।



उन्होंने 47 गेंदों पर 10 छक्के और 9 चौके की मदद से नाबाद 120 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर 9 छक्कों और 6 चौकों की मदद से नाबाद 109 रन बनाए। इन दोनों पारियों के बदौलत भारत ने 20 ओवरों में 283 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और 18.2 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। भारत ने मैच 135 रन से जीतकर इस प्रारूप में अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। जबकि, यह दक्षिण अफ्रीका की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी टी20 हार थी। तिलक ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, मैं एक मजेदार बात बताना चाहता था, पिछले साल जब मैं यहां खेला था तो मैं पहली ही गेंद पर आउट हो गया था। यह पारी टीम और सीरीज के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। मैं बस अपनी योजनाओं पर फोकस और अपनी फॉर्म को बनाए रखना चाहता हूं। इसी तरह अपने बेसिक्स पर खेलना चाहता हूं जैसा कि मैंने पिछले गेम में किया था, मैं शांत था.. यह एक अविश्वसनीय अहसास है।

तिलक चार मैच में 280 रन बनाकर सीरीज में शीर्ष स्कोरर रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। जोहान्सबर्ग में भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक रात थी, क्योंकि उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के बीच नाबाद 210 रन की साझेदारी टी20 में भारत के लिए किसी भी विकेट के लिए सबसे ज्यादा है।

### ▶ मैं आपको जान से मार दूंगा

# टायसन को जेक पॉल के भाई और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर लोगन से मिली धमकी



**टेक्सास, एजेंसी।** प्रसिद्ध खेल पत्रकार एरियल हेलवानी ने टायसन से मैच के बाद मुक्केबाजी में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा। इस पर टायसन ने जवाब दिया- मुझे नहीं मालूम। यह स्थिति पर निर्भर करता है।

जेक पॉल ने शनिवार को पेशेवर मुक्केबाजी मैच में अमेरिकी दिग्गज माइक टायसन को हराकर सभी को चौंका दिया। हालांकि, दोनों मुक्केबाजों के बीच उम्र का भारी अंतर था। टायसन की उम्र जहां 58 साल है और वह 19 साल बाद प्रोफेशनल बॉक्सिंग में वापसी कर रहे थे, वहीं जेक पॉल की उम्र 27 साल है। 58 वर्षीय टायसन ने आर्लिंगटन के एटी एंड टी स्टेडियम में आठ राउंड के मुकाबले के दौरान कड़ी मेहनत की और आखिरी राउंड तक डटे रहे। उन्होंने जेक को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, वह जीत हासिल नहीं कर सके। मैच के बाद टायसन से पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी मुक्केबाजी मुकाबला था और इसका उन्होंने दिलचस्प जवाब दिया।

प्रसिद्ध खेल पत्रकार एरियल हेलवानी ने टायसन से मैच के बाद मुक्केबाजी में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा। इस पर टायसन ने जवाब दिया- मुझे नहीं मालूम। यह स्थिति पर निर्भर करता है। जब इसी विषय पर आगे पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता कि यह आखिरी मैच है?

# टीम इंडिया की सबसे बड़ी टेंशन कोच को शांत रखना, टिम पेन ने उठाया गंभीर पर सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर दोनों ही टीमें एक्शन मोड में है, साथ ही तीखी बयानबाजी का दौर भी शुरू हो चुका है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। टिम पेन ने भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर की रिकी पोंटिंग के प्रति हालिया टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मेहमान टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता दबाव में शांत नहीं रह पाना हो सकता है। पोंटिंग ने कहा था कि वे विराट कोहली के फॉर्म को लेकर चिंतित हैं। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने दो टेस्ट शतक बनाए हैं। लेकिन गंभीर ने इसके जवाब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलटवार करते हुए कहा, पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए।

इसके बाद पोंटिंग ने कहा कि गंभीर एक जल्दी नाराज हो जाने वाला व्यक्ति है। मुझे पता था कि वह कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया देगा। पेन ने कहा, मुझे यह चीज पसंद नहीं है। यह क्रिकेट के लिहाज से एक अच्छा संकेत नहीं है, क्योंकि उनसे बस एक बहुत ही सरल सवाल पूछा गया था। मुझे लगता है कि शायद वह रिकी को अभी भी ऐसे व्यक्ति के रूप में देख रहे हैं जिसके खिलाफ वह खेल रहे हैं, लेकिन रिकी अब एक कमेंटेटर हैं। उन्हें अपनी राय देने के लिए पैसे मिलते हैं, और उनकी राय बिल्कुल सही थी। विराट का प्रदर्शन गिरता जा रहा है, यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लेकिन मेरे लिए, भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता रोहित शर्मा की बल्लेबाजी नहीं है, विराट कोहली की बल्लेबाजी नहीं है बल्कि उनके कोच और दबाव में शांत न रह पाने की उनकी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में से पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और पर्थ में मैच होंगे।

पेन का यह भी मानना है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री, जो ऑस्ट्रेलिया में भारत की दो टेस्ट सीरीज जीत के सूत्रधार थे। उन्होंने अपने शांत रवैये से टीम को एक नई ऊर्जा दी थी। जो शायद गंभीर के कार्यकाल में आना मुश्किल है।

# 39 साल के रोनाल्डो ने बाइसाइकिल किक से किया स्कोर दो गोल दागे

### पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराया



**मैड्रिड, एजेंसी।** रोनाल्डो ने इसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। रोनाल्डो के अलावा राफा लियाओ, ब्रूनो फर्नांडीस और पेड्रो नेटो ने गोल दागे। पोलैंड ने एकमात्र गोल 88वें मिनट में किया। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

उन्होंने (72वें मिनट) पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद (87वें मिनट) ओवरहेड पास पर बाइसाइकिल किक से गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। रोनाल्डो ने इसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। रोनाल्डो के अलावा राफा लियाओ, ब्रूनो फर्नांडीस और पेड्रो नेटो ने गोल दागे। पोलैंड ने एकमात्र गोल 88वें मिनट में किया। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फ़ुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है। यूईएफए उचित समय पर आगे की जानकारी देगा। ग्रुप ए4 में पहले ही अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुके स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया।

# ड्राइविंग लाइसेंस से पकड़ा गया मोहम्मद शमी का सच?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी भारतीय क्रिकेट के सबसे महान गेंदबाजों में से एक हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट में 400 से अधिक विकेट ले चुके हैं और हाल ही में चोट से वापसी के कारण सुर्खियों में बने रहे हैं. अब वो उम्र में फ्रॉड की अफवाहों को लेकर चर्चा का केंद्र बन गए हैं. शमी, 2023 वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे थे, लेकिन उम्र में फ्रॉड की खबरें उनकी बदनामी का कारण बन गई हैं. इसी वजह से शमी ट्रोल भी हो रहे हैं.

मोहम्मद शमी ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ झेला है. उनकी वाइफ रहीं हसीन जहां ने उनपर घरेलू उत्पीड़न और मैच फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए. अच्छी बात यह रही कि क्ष्टष्ठ बहुत समय पहले ही शमी को फिक्सिंग मामले में क्लीन चिट दे चुका है. अब एक ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें शमी की उम्र 42 साल बताई गई है.

## ड्राइविंग लाइसेंस का सच

एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर मोहम्मद शमी का ड्राइविंग लाइसेंस शेयर कर दिया है. इसे देखकर पता चलता है कि शमी की उम्र 42 साल है जबकि वो खुद को 34 वर्षीय बताते हैं.

उम्र में 8 साल का अंतर पाने के बाद लोग शमी को ट्रोल करने में लगे हैं. एक गौर करने वाली बात यह भी है कि ङ्ग से उस पोस्ट को डिलीट किया जा चुका है, जो पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा था. मगर अन्य लोगों ने तस्वीर लेकर इसे सोशल मीडिया पर दोबारा शेयर करने में जरा भी देर नहीं लगाई. अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया है कि यह ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर असली या एडिट की गई है. यह तस्वीर ना केवल शमी बल्कि क्ष्टष्ठ पर भ सवाल खड़े कर रही है.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से बाहर होंगे शुभमन गिल? टीम इंडिया की बढ़ गई टेंशन

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इसका पहला मैच पर्थ में आयोजित होना है. इससे ठीक पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक ओपनर शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं. गिल फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए. अगर वे पर्थ टेस्ट से पहले फिट नहीं हुए तो पहले मैच से बाहर हो जाएंगे.

गिल टीम इंडिया के लिए नंबर तीन पर बैटिंग करते हैं. वे ओपनिंग भी कर चुके हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक शुभमन शनिवार को फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए. उनकी उंगली में चोट लगी है. गिल की चोट पर अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है. भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से खेला जाना है. इसमें अभी वक्त है. अगर गिल तब तक ठीक हो गए थे पहले टेस्ट में खेलेंगे, नहीं तो इससे



बाहर हो जाएंगे. गिल भारत के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं. उनका चोटिल होना टीम की टेंशन बढ़ा सकता है. गिल की इंजरी पर अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है. लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस पर अगले तीन में जानकारी दे सकता है.

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों के डर से छोड़े थे गांव, 21 साल बाद वापस अबूझमाड़ लौटेगा 25 परिवार

**रायपुर, एजेंसी।** नक्सलियों के डर से अपना गांव छोड़ने के दो दशक से अधिक समय बाद लगभग 25 आदिवासी परिवार छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अपने मूल स्थान पर लौटने की योजना बना रहे हैं। इन परिवारों के लगभग 100 सदस्यों ने 2003 में अबूझमाड़ स्थित गारपा गांव में घर छोड़ दिया था।

2003 में अबूझमाड़ स्थित गारपा गांव छोड़ने के बाद इन 25 परिवारों को नारायणपुर शहर के बाहरी इलाके में सरकारी भूमि पर बसाया गया। यहां उन्होंने आजीविका के लिए खेती करना शुरू कर दिया। अब 21 साल बाद ये परिवार हाल ही में अपने मूल स्थान को देखने गए। विकास कार्यों और स्थानीय आबादी के लिए पुलिस द्वारा वहां एक शिविर स्थापित करने के बाद अब ये परिवार वहां पुनर्वास की योजना बना रहे हैं।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सीमा से लगा अबूझमाड़ हाल तक नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। 4 अक्टूबर को सुरक्षाबलों ने इलाके में एक मुठभेड़ के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया था। नक्सलियों की धमकी के बाद गांव छोड़ने वाले 60 साल के सुक्कुराम नुरेटी ने पीटीआई को बताया कि पैतृक जमीन छोड़ना कभी



आसान नहीं था। हमारे पास अपनी जान बचाने के लिए भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। नुरेटी का परिवार उन 25 परिवारों में से एक था, जिन्होंने अप्रैल 2003 में गारपा छोड़ दिया था। नुरेटी अबूझमारिया समुदाय से हैं, जो विशेष रूप से कमजोर एक आदिवासी समूह है।

उन्होंने कहा कि गांव के 80 परिवारों में से लगभग 25 लोग गायत्री परिवार के अनुयायी थे। नक्सलियों ने इस पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने हमें धमकी दी कि अगर हमने गायत्री परिवार का अनुसरण नहीं छोड़ा तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए हमने गांव छोड़ने का फैसला किया। नुरेटी ने कहा कि वे हमेशा वापस लौटना चाहते थे। पूर्व में जनपद पंचायत के सदस्य रह चुके नुरेटी ने कहा कि अब ऐसा लगता है कि हमारा सपना सच हो जाएगा। वहां एक पुलिस शिविर स्थापित किया गया है और चीजें बेहतर होने लगी हैं। नुरेटी और गांव छोड़ने वाले अन्य लोगों ने पिछले सप्ताह गारपा का दौरा किया। इन लोगों ने भगवान शिव का मंदिर खोला जो 2003 से बंद था। उन्होंने कहा कि हम गांव में फिर से बसने की योजना बना रहे हैं क्योंकि वहां हमारे खेत और घर हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले आठ महीनों में गारपा, कस्तूरमेटा, मस्तूर, इरकभट्टी, मोहंती और होराडी गांवों में सुरक्षा शिविर स्थापित किए हैं। पुलिस के अनुसार, इन शिविरों की स्थापना ने नक्सलियों को क्षेत्र में बहुत सीमित एरिया में धकेल दिया है।

नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि दूरदराज और नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा शिविर हजारों ग्रामीणों को नियाद नेल्लानार योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों और कल्याणकारी उपायों का लाभ उठाने में मदद करेंगे। नियाद नेल्लानार के तहत राज्य सरकार सुरक्षा शिविरों के 5 किलोमीटर के दायरे में आंतरिक गांवों में विकास कार्य कर रही है। एसपी ने कहा कि नव स्थापित शिविरों के आसपास के गांवों से नक्सलियों द्वारा बेदखल किए गए आदिवासी अपने घरों को लौटने लगे हैं।

ग्रामीणों पर पहले विकास परियोजनाओं का विरोध करने के लिए नक्सलियों का दबाव था। लेकिन, वे अब सड़क, मोबाइल टावर, स्वास्थ्य सुविधा और स्कूलों की मांग कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के प्रयासों से आने वाले दिनों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# चंडीगढ़ की एक इंच जमीन भी हरियाणा को नहीं देंगे

### इस पर सिर्फ पंजाब का हक



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें चंडीगढ़ में हरियाणा विधान सभा परिसर स्थापित करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री हरजोत बैंस, आप नेता दीपक बाली और परमिंदर सिंह गोल्डी शामिल थे। राजभवन के बाहर एक प्रेस वार्ता में मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह मामला पंजाब के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है और पूरी तरह से राज्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आप सरकार हरियाणा विधानसभा के निर्माण के लिये चंडीगढ़ में जमीन आवंटित करने के किसी भी फैसले का दृढ़तापूर्वक विरोध करती है।

चीमा ने कहा कि चंडीगढ़ कायदे से सिर्फ पंजाब की राजधानी है। किसी अन्य राज्य को यहां अपनी विधानसभा बनाने का कोई अधिकार नहीं है। हरियाणा सरकार ने पंचकुला में 12 एकड़ के बदले चंडीगढ़ में 10 एकड़ जमीन मांगी है। यह प्रस्ताव चंडीगढ़ में अपना विधानसभा परिसर स्थापित करने के उनके स्पष्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो हमें स्वीकार नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि चंडीगढ़ का एक इंच भी जमीन हरियाणा को नहीं दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पिछली सरकारें चंडीगढ़ के संबंध में पंजाब के हितों की रक्षा करने में विफल रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब पंजाब और हरियाणा का निर्माण हुआ था, तो यह स्पष्ट था कि हरियाणा अपनी राजधानी पंचकुला में स्थापित करेगा, न कि चंडीगढ़ में। इसलिए हरियाणा को अपनी विधानसभा पंचकुला में ही बनानी चाहिए।

आप प्रतिनिधिमंडल ने यह भी चिंता व्यक्त की कि पिछली राज्य सरकारें इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाने में विफल रही हैं, जिससे समय के साथ स्थिति और भी अधिक जटिल होते चली गई। चीमा ने कहा कि हम पंजाब के अधिकारों का और हनन नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब एक ऐसा राज्य है, जो देश के लिये अपने बलिदानों के लिये जाना जाता है। यहां भी हम अपने हक के लिए लड़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे और पंजाब की आवाज जोर से उठाएंगे। अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि चंडीगढ़ पंजाब की अविभाजित राजधानी बनी रहे।

## मुंबई में 26/11 आतंकी हमले के बाद कसाब को परोसी गई बिरयानी, कांग्रेस पर बरसे जेपी नड्डा




**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के तरीके को लेकर तत्कालीन यूपीए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर पाकिस्तान के आतंकवादी अजमल कसाब को बिरयानी परोसने का आरोप लगाया। मालूम हो कि मुंबई हमलों में भूमिका के लिए कसाब को दोषी ठहराया गया था और बाद में मौत की सजा सुनाई गई। नड्डा ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर पाकिस्तान के प्रति निष्क्रिय रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। ठाणे में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, %26/11 का हमला मुंबई में हुआ था। यूपीए सरकार डोजियर लेकर पाकिस्तान जाती रही और अजमल कसाब को बिरयानी परोसी गई।% जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान का ककहरा तक नहीं समझते और इसकी प्रति दिखाते रहते हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि डॉ. भीम राव आंबेडकर धार्मिक आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित आरक्षण देना चाहती है। नड्डा ने कहा, 'गांधी नहीं जानते कि संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्हें संविधान का ककहरा तक नहीं पता। वह अपनी 'मोहब्बत की दुकान' में नफरत की सामग्री बेचते हैं।'

### वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा, बोले नड्डा

राहुल गांधी लोकसभा चुनावों के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों में भी संविधान की एक प्रति दिखाकर मतदाताओं से कह रहे हैं कि भाजपा इसे बदलना चाहती है और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। नड्डा ने इस पर बल देते हुए कहा, 'हमें तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा। तेलंगाना और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करके कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।' नड्डा ने देश को भरोसा और नेतृत्व प्रदान करने के साथ-साथ विकास कार्यों की गति देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। जेपी नड्डा ने कहा, 'मोदी सरकार सत्ता समर्थक है, गरीब समर्थक है, किसान समर्थक है, युवा समर्थक है, दलित समर्थक है, महिला समर्थक है। यह जिम्मेदार और जवाबदेह है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना अपनी आदत बना ली है।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वहीं, कांग्रेस ने कभी घोषणापत्रों को महत्व नहीं दिया और कभी-कभी एक ही तरह के वादे कई बार पेश करती है। नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में दुनिया भारत और पाकिस्तान को एक समान मानती थी और इस देश की यात्रा के बाद पड़ोसी देश के लाहौर या रावलपिंडी में ठहराव होता था। उन्होंने कहा कि अब वे ऐसा नहीं करते हैं। कूटनीतिक शब्दावली बदल गई है।

# फिल्मी अंदाज में जांच करने पहुंचे मंत्री, सड़क से निकली बजरी, मौके पर जेई से ईई तक सस्पेंड

**चंडीगढ़, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्म खट्टा-मीठा तो आपको याद ही होगी जिसमें एक्टर अक्षय कुमार रोड कॉन्ट्रैक्टर होते हैं और देश में सड़कें बनाने में भ्रष्टाचार की कहानी बयान करते हैं। अब असल में ऐसा ही मामला हरियाणा के हिसार में सामने आया है। यहां शुक्रवार को सड़क की जांच करने आए हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा के होश उड़ गए। जब उन्होंने सड़क पर ठोकर मारी तो बजरी बाहर आ गई। इसे देखकर मंत्री गुस्से से लाल हो गए। इसके बाद उन्होंने मौके पर बीच सड़क पर एक्जिक्युटिव इंजीनियर, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया।



### इस तरह आई अधिकारियों की लापरवाही सामने

इस सड़क के निर्माण को लेकर पिछले कुछ दिनों से मंत्री गंगवा के पास शिकायत आ रही थी। जानकारी के मुताबिक, शिकायत मिलने पर मंत्री रणबीर गंगवा हिसार के धांसू गांव में बन रही 5.440 किमी लंबी सड़क की जांच करने पहुंच गए। सड़क की क्वालिटी चेक करने के लिए मंत्री ने सड़क के बीच गाड़ी रुकवाई। जब उन्होंने सड़क के बीचो बीच ठोकर मारी तो बजरी सड़क पर बिखर गई। गंगवा ने मौके पर सुपरिटेंडेंट इंजीनियर को और अन्य तमाम अधिकारियों को बुला लिया।

**पहली मीटिंग में ही मंत्री ने चेताया था-** मंत्री गंगवा ने एक्जिक्युटिव इंजीनियर से कहा था कि जब मैंने पहली बैठक में कह दिया था कि काम की क्वालिटी में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तो ऐसा घटिया काम कैसे हुआ। क्या अधिकारी निर्माण होने पर सोए रहे या यहां आकर जांच करने की जहमत नहीं उठाई इस पर एक्जिक्युटिव इंजीनियर को कोई जवाब देते नहीं बना। बता दें कि मंत्री बनने के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा राज्य के सभी उच्च अधिकारियों के साथ पंचकूला में मीटिंग की थी। इसमें गंगवा ने कहा था कि हमें प्रदेश के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करना है। प्रदेश के लोगों को सफर के दौरान किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में गंगवा ने अधिकारियों से यह भी कहा था कि सड़क निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, वरना अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## 94 साल से ऑस्ट्रेलिया में चल रहा है दुनिया का सबसे लंबा वैज्ञानिक प्रयोग, अब तक गिरी सिर्फ 9 बूंदें

**क्वींसलैंड, एजेंसी।** दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रयोगों की एक लंबी सूची है, जिनका उद्देश्य नई खोज और अनुसंधान के जरिए मानवता के लिए कुछ नया करना है। इन प्रयोगों की अवधि आम तौर पर कुछ सालों तक होती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में एक ऐसा प्रयोग है, जो 94 साल से चल रहा है और इसे दुनिया का सबसे लंबा वैज्ञानिक प्रयोग माना जाता है। इस प्रयोग का नाम पिच ड्रॉप है और इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है।

**पिच ड्रॉप प्रयोग का इतिहास-** इस प्रयोग की शुरुआत 1927 में क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर थॉमस पर्नेल ने की थी। हालांकि इस प्रयोग को तकनीकी रूप से 1930 से मान्यता मिली है, लेकिन इसकी शुरुआत 1927 में हुई थी। पर्नेल का उद्देश्य यह जानना था कि अत्यधिक चिपचिपे (गाढ़े) तरल पदार्थ जैसे पिच



(जो कोलतार जैसा दिखता है) में समय के साथ कितना बदलाव आता है।

### क्या है पिच ड्रॉप

इस प्रयोग में कोलतार की तरह लगने वाले पिच नाम के चिपचिपे तरल पदार्थ को एक फ्लास्क में रख दिया गया है। उसकी बूंदें नीचे गिरने के लिए छोड़ दी गई हैं। प्रयोग के तहत यह जानने की कोशिश की जा रही है कि आखिर पिच की एक बूंद कितने साल बाद नीचे गिरती है।

# श्रीलंका संसदीय चुनाव- राष्ट्रपति दिसानायके के गठबंधन की जीत

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की जीत हुई है। सभी सीटों के नतीजों सामने आ चुके हैं। एनपीपी ने जिलों के आधार पर तय होने वाली 196 सीटों में से 141 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। नतीजों के मुताबिक एनपीपी को 61 प्रतिशत यानी 68 लाख वोट मिले हैं। दूसरे स्थान पर 18 प्रतिशत वोट और 35 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी एसजेबी पार्टी मौजूद है। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट को 5 प्रतिशत वोट और 3 सीटें ही मिली हैं। वहीं श्रीलंका की राजनीति में दबदबा रखने वाले राजपक्षे परिवार की श्रीलंका पीपल्स फ्रंट पार्टी 2 सीटों के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। इसके साथ ही 29 सीटों को सभी पार्टियों के बीच वोटिंग प्रतिशत के आधार पर बांट दिया गया है।



**तमिल जिले जाफना में एनपीपी की जीत-** एनपीपी ने तमिल जिले जाफना में भी जीत हासिल की है। यहां एनपीपी को 6 में 3 सीटों पर जीत मिली है। एनपीपी की जीत से पारंपरिक तमिल दलों को बड़ा झटका लगा है। राष्ट्रपति दिसानायके को संसद में मिले बहुमत के बाद उनकी ताकत में इजाफा हुआ है। दरअसल संसद से मंजूरी मिलने के बाद ही राष्ट्रपति दिसानायके सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों को लागू कर सकते हैं। इस साल सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दिसानायके ने संसद को भंग कर दिया था। इसके बाद संसदीय चुनाव का ऐलान किया गया था। श्रीलंका में आखिरी बार अगस्त 2020 में संसदीय चुनाव हुए थे। पिछली बार दिसानायके की पार्टी को सिर्फ 3 सीटें मिली थी। 2020 में हुए चुनावों के नतीजे इस प्रकार थे- अलजजीरा के मुताबिक राष्ट्रपति दिसानायके का मानना है कि देश की शक्ति काफी हद तक 'कार्यकारी राष्ट्रपति' के अधीन है। वे इस पावर को कम करने का वादा लेकर चुनाव में उतरे थे, लेकिन उन्हें संविधान में बदलाव की जरूरत होगी। उन्हें इसके लिए दो-तिहाई सीटें चाहिए। दिसानायके ने संसदीय चुनाव में जनता से इतनी सीटें जिताने की अपील की थी।

श्रीलंका में कार्यकारी राष्ट्रपति पद पहली बार 1978 में अस्तित्व में आया था। इसके बाद से ही इसकी आलोचना होती रही है, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक किसी भी दल ने इसकी ताकत को खत्म करने की कोशिश नहीं की है। दिसानायके ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और रानिल विक्रमसिंघे के दौर में आईएमएफ के साथ हुई डील में सुधार करने का वादा किया है।

## पाकिस्तान में ननकाना साहिब जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या, 4 लाख लूटे

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के ननकाना साहिब में प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार समारोह में हिस्सा लेने जा रहे तीन पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को लुटेरों ने घेर लिया, इन तीन लोगों में से एक की लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। एजेंसी के मुताबिक सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। उनकी गाड़ी रोकने के बाद बंदूकधारी लुटेरों ने इन पर गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने तीनों से साढ़े चार लाख रुपये और चालक से 10,000 रुपये छीन लिए। कुमार के विरोध करने पर लुटेरों ने उन पर गोलियां चला दीं और भाग गए। बुधवार रात डकैती और गोलीबारी की घटना के बाद राजेश कुमार की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

# अमेरिका में नौकरी पर आएगा भारी संकट, पद संभालने से पहले रामास्वामी का बड़ा संकेत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बड़े पैमाने पर नौकरशाहों की नौकरी जाने वाली है. उद्यमी से राजनेता बने भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने इसके संकेत दिए हैं. उन्होंने सांकेतिक रूप से कहा कि एलन मस्क नौकरियों से छंटना में छेनी (तराशने वाला औजार) का नहीं बल्कि चेनसॉ (काटने वाली बड़ी मशीन) का इस्तेमाल करते हैं. यही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि नौकरशाहों की अधिक संख्या अच्छा नहीं है. इससे सरकार पर आर्थिक बोझ के साथ-साथ इनोवेशन पर भी असर पड़ता है.

विवेक रामास्वामी और टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को महान राष्ट्र बनाने के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. रामास्वामी ने गुरुवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि वह और एलन मस्क लाखों संघीय नौकरशाहों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू करने की स्थिति में हैं. इसी तरह वह इस देश को बचाएंगे. रामास्वामी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आप एलन को जानते हैं या नहीं, लेकिन वह छेनी (तराशने वाला औजार) नहीं लाते हैं. वह चेनसॉ (काटने वाली बड़ी मशीन) लाते हैं. हम इसे नौकरशाही के पास ले जा रहे हैं. यह बहुत मजेदार होने वाला है.

उन्होंने आगे कहा कि हमे पिछले चार सालों में यह विश्वास करना सिखाया गया है कि हम एक पतनशील राष्ट्र बन गए हैं. हम प्राचीन रोमन साम्राज्य के अंत में हैं. मुझे नहीं लगता कि हमें उस पतनशील राष्ट्र के रूप में रहना चाहिए. मुझे लगता है कि पिछले हफ्ते जो कुछ हुआ उसके साथ हम फिर से एक उत्थानशील राष्ट्र बन गए हैं. एक ऐसा राष्ट्र



जिसके सबसे अच्छे दिन अभी भी हमारे सामने है. रामास्वामी ने कहा, अमेरिका में सुबह होने जा रही है. एक नए सवेरे की शुरुआत होगी. एक ऐसे देश की शुरुआत होगी जहां हमारे बच्चे बड़े होंगे और हम उन्हें बताएंगे और यह बात सच साबित होगी कि आप अपनी कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ अमेरिका में फिर से आगे बढ़ेंगे. आप हर कदम पर अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र होंगे और सबसे अच्छे व्यक्ति को नौकरी मिलेगी चाहे उसका रंग कुछ भी हो.

इस बीच मस्क और रामास्वामी ने घोषणा की कि वे सरकारी दक्षता विभाग के कार्यों की प्रगति पर अमेरिकी जनता को अपडेट करने के लिए हर हफ्ते लाइवस्ट्रीम करेंगे. रामास्वामी ने कहा, हमारा लक्ष्य सरकार के आकार को छोटा करना और जनता के साथ यथासंभव पारदर्शी होना है. साप्ताहिक डॉगकास्ट जल्द ही शुरू होंगे. सरकारी दक्षता विभाग का काम सिस्टम में सुधार करना है जिससे देश महान बन सके. इसे ऐसा विभाग बनाना है जिसपर ट्रंप सरकार को गर्व हो. एलन मस्क और मैं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हमें दिए गए जनादेश को पूरा करने के लिए तत्पर हैं.

रामास्वामी ने कहा कि नौकरशाहों की अधिक संख्या का अर्थ कम इनोवेशन और अधिक खर्च है. उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए), परमाणु विनियामक आयोग (एनआरसी) और अनगिनत अन्य 3-अक्षर एजेंसियों के साथ एक वास्तविक समस्या है. उन्होंने आगे कहा, वे इस बात से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं कि कैसे उनके दैनिक निर्णय नए आविष्कारों को रोकते हैं और लागत लगाते हैं जो विकास को रोकते हैं. हम देश में सबसे प्रतिभाशाली दिमागों को इकट्ठा कर रहे हैं. रामास्वामी ने बड़ी बात कही कि उन्हें लगता है कि देश को पीछे धकेलने वाली मुख्य समस्या संघीय नौकरशाही है. उस लागत को लक्षित करें, पैसे बचाएं, स्वशासन को बहाल करें.

## इंटरनेशल स्पेस स्टेशन में आ गई दरारें, 50 जगह लीकेज, सुनीता विलियम्स को बड़ा खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को लेकर नासा भी टेंशन में आ गया है। आईएसएस में पिछले पांच साल से हल्का लीकेज जारी था। हालांकि अब पता चला है कि कम से कम 50 जगहों पर लीकेज की समस्या है। इसके अलावा आईएसएस में दरारें भी आ रही हैं। नाआस की एक जांच रिपोर्ट लीक हो गई जिसमें पता चला कि आईएसएस पर खतरा मंडरा रहा है। साथ ही सुनीता विलियम्स समेत यहां के अंतरिक्षयात्रियों की भी जान पर बनी हुई है। रूस ने पृथ्वी की कक्षा में घूमते लैब में माइक्रो वाइब्रेशन का भी दावा किया है।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129